

देश-विदेश
दिशा पाटनी की दिलकश...




पेज 3
घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में आएगी शांति



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

सोमवार 28 अक्तूबर, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 12 कार्तिक 2081

LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 301
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200



RAGHURAM JEWELLERS
Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹72,299 Per 10gm
TODAY'S B.I.S. HALMARK 91.6/22 CT GOLD RATE
GOLD TESTING MACHINE ALSO AVAILABLE
FLAT 5% Making Charges on all items
2, Kapil Vihar, Metro Pillar No. 346, Delhi-34
9355100400 PITAMPURA


## राष्ट्रीय सर्राफा

| सोना | | चांदी | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | | | |
| 24K | 80440 | चांदी तैयार | 98,000 |
| कोलकाता | | | |
| 24K | 80290 | चांदी तैयार | 98,000 |
| मुम्बई | | | |
| 24K | 80290 | चांदी तैयार | 98,000 |
| चेन्नई | | | |
| 24K | 80290 | चांदी तैयार | 1,07,000 |


पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार!
कूपन न. 19





# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए मोदी मंत्र

## फ्रॉड कॉल आने पर रुको, सोचो और एक्शन लो, डरो नहीं

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट का जिक्र करते हुए कहा। उन्होंने कहा, 'डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है। ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है। बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वो समाज के दुश्मन हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि इन एजेंसियों में तालमेल बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र की स्थापना की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'डिजिटल गिरफ्तारी के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं



● कोई भी सरकारी एजेंसी ना फोन पर धमकी देती है और ना ही वीडियो कॉल से पूछताछ करती है

करती है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं। ये तीन चरण हैं - रुको, सोचो और ऐक्शन लो। कॉल आते ही रुको, घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। दूसरा चरण है- सोचो। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती। न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है। अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। तीसरा चरण - एक्शन लो। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें। http://cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।' (पृष्ठ 2 भी देखें)

### क्या है डिजिटल अरेस्ट?

**डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है। उसे पेनल्टी या जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा शब्द है जो कानून में नहीं है। लेकिन, अपराधियों के इस तरह के बढ़ते अपराध की वजह से इसका उद्भव हुआ है। पिछले तीन महीने में दिल्ली-एनसीआर में 600 मामले ऐसे आए हैं, जिनमें 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। इसके अलावा कई सारे अन रिपोर्टेड मामले होते हैं। कई ऐसे मामले भी आते हैं जिसमें ठगी करने की कोशिश करने वाले सफल नहीं हो पाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के संगठित गिरोह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, जिसकी वजह से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ते जा रहे हैं।**

## 50 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे कम से कम 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली। सूत्रों ने यह जानकारी दी।पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। 'अकासा एअर' ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला और गहन निरीक्षण के बाद सभी विमानों के परिचालन की अनुमति दी गई। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो को 18 उड़ानों और विस्तारा को 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं।

विमानन कंपनियों को लगातार बम की धमकियां मिलने की पृष्ठभूमि में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंचों से दायित्वों का पालन करने और आईटी नियमों के तहत सख्ती के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर गलत सूचना तक पहुंच को तुरंत हटाने या अक्षम करने के लिए कहा है। इस बीच, नागरिक उड्डयन मंत्रालय विमानन कंपनियों को मिलने वाली बम की झूठी धमकियों के खतरे से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है।

> उद्यमी व्यक्ति की सहायता करने के लिए प्रकृति बाध्य है। उसकी सफलता सुनिश्चित है।
> -स्वामी रामतीर्थ






आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


## चीन के साथ सैनिक शान्ति

**भारत**-चीन के सैनिक कमांडरों के बीच पिछले दिनों पूर्वी लद्दाख सीमा पर पीछे हटने के लिए जो समझौता हुआ था उसका प्रतिफल अब दिखने लगा है और दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने की स्थिति से बाहर आने के लिए कारगर कदम उठाने लगी हैं। इस मामले में चीनी फौजों को पीछे जाने की सख्त जरूरत थी क्योंकि जून 2020 में उसकी फौजें इस सीमा पर भारतीय इलाकों में घुस आयी थीं। अब देपसांग और डेमचोक के इलाके में पूर्ववत स्थिति कायम करने के प्रयास शुरू हो गये हैं और चीनी सेनाओं ने पीछे हटना शुरू कर दिया है। चीन के मिजाज और रवैये को देखते हुए इस घटना क्रम को शुभ कहा जायेगा क्योंकि चीन के बारे में भारतीय सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण करने की अवधारणा इससे अलग रही है। बेशक चीन के कब्जे में भारत का अक्साई चिन का इलाका अभी भी है और अक्साई चिन के साथ ही पाक अधिकृत कश्मीर का काराकोरम घाटी का पांच हजार वर्ग कि.मी. का इलाका इसे 1963 में पाकिस्तान ने सौगात में दे दिया था। यह इलाका भारत के लद्दाख क्षेत्र का ही भाग माना जाता है। पूरा अक्साई चिन इसने 1962 में भारत पर आक्रमण करके हड़पा था।

पिछले दिनों ही रूस के कजाक शहर में प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जबकि इससे पहले ही सैनिक कमांडरों के बीच फौजें पीछे हटाने को लेकर समझौता हो चुका था। हालांकि चीन ने समझौते के कई दिनों बाद यह स्वीकार किया कि वह देपसांग पठार व डेमचोक इलाके से सेना पीछे हटा रहा है और भारतीय फौजें भी पीछे हट रही हैं जिससे सीमा पर शान्तिपूर्ण माहौल बन सके परन्तु चीन के बारे में आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता क्योंकि 90 के दशक में स्व. नरसिम्हाराव की सरकार के जमाने में चीन के साथ सीमा पर शान्ति बनाये रखने हेतु कई समझौते हुए थे। चीन ने इन समझौतों के विरुद्ध जाकर ही जून 2020 में पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में अतिक्रमण किया था।

दरअसल चीन की मंशा इस क्षेत्र से गुजर रही वास्तविक नियन्त्रण रेखा की स्थिति में फेरबदल करना लगता था इसी वजह से उसने पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में अपनी फौजों की स्थिति में परिवर्तन किया था और भारत के अरुणाचल प्रदेश तक में अतिक्रमण की कई घटनाएं की थीं। भारत ने इसका उसी समय विरोध भी किया था। चीन ऐसा बार-बार इसलिए करता है क्योंकि भारत के साथ उसकी सीमाओं का निर्धारण 1914 के बाद से नहीं हो पाया है। इसकी वजह यह है कि चीन भारत-तिब्बत व अपने बीच खिंची सीमा रेखा 'मैकमोहन रेखा' को नहीं मानता है। इसका कारण मैं कई बार पहले भी लिख चुका हूं। मूल वजह यही है कि चीन ने तिब्बत को कभी स्वतन्त्र देश नहीं माना और हमेशा अपना इलाका कहा। आजाद होने के बाद भारत भी तिब्बत को एक स्वतन्त्र देश ही मानता था जिसके भारत के साथ ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सम्बन्ध बहुत मजबूत थे और दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के ताल्लुकात थे परन्तु चीन ने 1949 में आजाद होते ही तिब्बत को हड़पने का उपक्रम शुरू कर दिया। इस बारे में भारत के प्रथम गृहमन्त्री सरदार पटेल का तत्कालीन प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू को लिखा वह खुला पत्र बहुत प्रसिद्ध है जिसमें उन्होंने चेताया था कि चीन की नीयत पर यकीन नहीं किया जा सकता। पं. नेहरू ने भी इसका संज्ञान लेते हुए ही तब तिब्बत से सटे भारतीय इलाकों में प्रशासन को बहुत चुस्त-दुरुस्त कर दिया था। मगर इसके बावजूद चीन ने अकारण ही भारत पर 1962 में हमला बोला और इसकी फौजें असम के तेजपुर तक आ गई थीं। बाद में अन्तर्राष्ट्रीय दबाव पड़ने पर चीन ने अपनी फौजें पीछे हटाईं मगर भारत का अक्साई चिन इलाका दबा ही लिया। अत: चीन के साथ भारत के सम्बन्धों की समीक्षा करते हुए पुराने इतिहास को संज्ञान में लेना ही होगा। देपसांग व डेमचोक में जिस तरह दोनों देशों की सेनाएं आमने- सामने थीं उससे कभी भी कोई झड़प जैसी स्थिति बन सकती थी। इस तरफ इशारा भारत के विदेश मन्त्री एस. जयशंकर ने ही किया है इसलिए चीन के साथ कूटनीति द्वारा सम्बन्धों को मधुर रखना और सैनिक मोर्चे पर शान्ति रखना एक चुनौती भरा काम है। चीन इस समय विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में उभर चुका है और भारत से इसकी छह तरफ से सीमाएं जल-थल में मिलती हैं। अत: इसे इसकी हदों में रखने के लिए भारत को बहुत ही सावधानी की जरूरत है।

## अब आतंकी हमलों का दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब: जयशंकर

**पंजाब केसरी/मुंबई**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, "मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।" उन्होंने कहा, "मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है।" जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था।

उन्होंने कहा, "हमने आतंकवाद-निरोधक समिति की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था।" जयशंकर ने कहा, "लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं।" उन्होंने कहा, "जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब



● 26/11 के मुंबई हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, मुंबई आतंकवाद विरोध का प्रतीक

कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है।" जयशंकर ने कहा, "हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे।" जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा, "हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी। इसमें कुछ समय लगेगा।"

## बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ : 9 घायल

**पंजाब केसरी/मुंबई**

मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, दिवाली और छठ के आगामी उत्सवों के मद्देनजर अपने घरों की ओर जाने की योजना बना रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े।

नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह पांच बजकर 56 मिनट पर हुई। बड़ी संख्या में लोग 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने के लिए बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद थे। दिवाली और छठ उत्सवों के मद्देनजर मुंबई से उत्तर भारत की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों में भारी भीड़ है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार, सभी 22

● दो की हालत गंभीर, दिवाली और छठ पर्व के चलते भारी संख्या में यात्री उमड़े

सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली खाली अंत्योदय एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म संख्या एक पर लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि स्थिति तब बिगड़ गयी जब ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्रियों ने उस समय इसमें चढ़ने की कोशिश की जब इसे यार्ड से प्लेटफॉर्म पर लाया गया और बोगियों के दरवाजे अंदर से बंद थे।

पश्चिम रेलवे के एक सूत्र ने बताया, "सामान्य तौर पर ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर रुकने के बाद बोगियों के दरवाजे खोले जाते हैं और फिर यात्री ट्रेन में चढ़ते हैं।" आरपीएफ के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत भाभा हॉस्पिटल भर्ती कराया। मध्य रेलवे (सीआर) ने रविवार को प्रमुख स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर अस्थायी तौर पर प्रतिबंध लगा दिया।



## पालिका बाजार में चाइनीज मोबाइल जैमर मिलने से हड़कंप

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

कनॉट प्लेस स्थित पालिका बाजार में एक दुकान पर चीन निर्मित मोबाइल फोन सिग्नल जैमर बेचे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दुकानदार को गिरफ्तार कर इसके पास से चाइनीज मोबाइल फोन जैमर बरामद किया है। यह जैमर 50 वर्ग गज में मौजूद मोबाइल फोन के सिग्नल फ्रीज कर सकता है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है। डीसीपी न्यू दिल्ली देवेश कुमार महला ने बताया कि फेस्टिव सीजन को देखते हुए एसएचओ



कनॉट प्लेस संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमें सभी बाजार व सड़कों पर गश्त कर रही हैं। संदिग्ध वस्तु व सामान पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में पेट्रोलिंग टीम ने गत 24 अक्टूबर को पालिका बाजार की एक दुकान पर संदिग्ध वस्तु देखी। जांच में पता चला कि यह चाइनीज मोबाइल फोन सिग्नल जैमर है। जिसे आरोपी अवैध रूप से बेच रहा था। पुलिस ने दुकानदार झिलमिल निवासी रविशंकर माथुर को मौके पर ही पकड़ लिया। वह जैमर रखने और इसे बेचने का लाइसेंस भी पेश नहीं कर सका। जिसके बाद केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि उसने उक्त जैमर को न्यू लाजपत राय मार्केट से 25 हजार रुपये में खरीदा था। वह इसे अधिक कीमत पर बेचने के लिए लाया था और अपनी दुकान पर रख लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर लाजपत राय मार्केट में जैमर के मुख्य स्रोत तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## दिल्ली में फिर बढ़ा प्रदूषण का स्तर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को फिर से वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई क्योंकि प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने वाली हवा की रफ्तार धीमी हो गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था।सीपीसीबी ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया, जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' माना जाता है। (पृष्ठ 5 भी देखें)

**सीजेआई ने कहा** वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर लेटर पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा

# सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं

**पंजाब केसरी/मुंबई**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मैच्योरिटी का एक साइन है।

मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। सीएम या चीफ जस्टिस



त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता। कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती।ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मैच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है।जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है। हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है।सोशल मीडिया के कारण फैसला सुनाने में पूरी दुनिया की न्यायपालिकाओं में बदलाव आया है।

### जजों को सोचने का समय नहीं

अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं।मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है। जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।

## विशेष दीपों से जगमगाएगा श्रीरामलला का मंदिर

**पंजाब केसरी/अयोध्या**

योगी सरकार इस वर्ष अयोध्या में आठवें दीपोत्सव का भव्य आयोजन कर रही है। इस अवसर पर अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे।

मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक

● मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशेष दीपक

फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है।

मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहारी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे।

CMYK

# दुनिया में छाया 'मेड इन इंडिया'

## आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में पीएम मोदी ने साझा किये विचार



● देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर, एनिमेशन में भारतीयों का जलवा, गेमिंग स्पेस का विस्तार हो रहा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग स्पेस का भी यहां विस्तार हो रहा है और वह दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। भारतीय गेम्स भी इन दिनों दुनिया-भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। पिछले दिनों भारत के अग्रणी गेमर्स से हुई अपनी मुलाकात को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''वाकई, देश में रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि भारतीय प्रतिभाएं वैश्विक स्तर पर भी गेमिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने स्पाइडर मैन और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की और कहा कि अब भारत के युवा मौलिक सामग्री तैयार कर रहे हैं, जो देश की संस्कृति की झलक दर्शाती है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन क्षेत्र आज एक ऐसे उद्योग का रूप ले चुका है कि जो दूसरे उद्योगों को ताकत दे रहा है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की इस कड़ी में 'डिजिटल पर्यटन' की बढ़ रही लोकप्रियता का भी जिक्र किया और युवाओं से अपनी सृजनात्मकता को विस्तार देने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्या पता दुनिया का अगला सुपर हिट एनिमेशन आपके कम्प्यूटर से निकले! अगला लोकप्रिय गेम आपकी रचना हो। शिक्षा के क्षेत्र में एनिमेशन का आपका नवोन्मेष बड़ी सफलता हासिल कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने 28 अक्टूबर को विश्व एनिमेशन दिवस का जिक्र करते हुए लोगों से भारत को एनिमेशन की दुनिया में पावरहाउस बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान का भी उल्लेख किया और कहा कि यह देश की सामूहिक चेतना का हिस्सा बन गया है और पग-पग पर हमारी प्रेरणा बन गया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस साल पहले जटिल प्रौद्योगिकी को भारत में विकसित करने की बात पर कई लोगों को विश्वास नहीं होता था तो कई उपहास उड़ाते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन आज वही लोग, देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं। आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। मोदी ने कहा कि एक जमाने में भारत मोबाइल फोन आयात करता था और आज वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है। उन्होंने कहा कि कभी दुनिया में सबसे ज्यादा रक्षा उपकरण खरीदने वाला भारत आज, 85 देशों को निर्यात कर रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत आज, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना है।

### आत्म निर्भरता का अभियान सिर्फ सरकारी नहीं

आत्मनिर्भरता का ये अभियान अब सिर्फ सरकारी अभियान नहीं है, अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन अभियान बन रहा है। हम हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस कड़ी में लद्दाख के हानले में एशिया की सबसे बड़ी 'इमेजिंग टेलीस्कोप मेस' का उद्घाटन किए जाने का जिक्र किया कहा कि यह भी 'मेड इन इंडिया' है। इस उपलब्धि को 'आत्मनिर्भर भारत का सामर्थ्य' करार देते हुए उन्होंने श्रोताओं से कहा कि सोचिए, जिस स्थान पर माइनस 30 डिग्री की ठंड पड़ती हो और जहां ऑक्सीजन तक का अभाव हो, वहां हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है, जो एशिया के किसी देश ने नहीं किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आत्मनिर्भर होते भारत के ज्यादा-से-ज्यादा उदाहरण और ऐसे प्रयासों को साझा करने का आग्रह किया और त्योहारों के इस मौसम में इस अभियान को 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र के साथ और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को नवोन्मेष के वैश्विक पावरहाउस के रूप में मजबूत भी करना है।

## चक्रवात 'दाना' से ओडिशा में 35.95 लाख लोग प्रभावित

**भुवनेश्वर,** (पंजाब केसरी): ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को कहा कि चक्रवात 'दाना' और उसके बाद 14 जिलों में आई बाढ़ के कारण ओडिशा में कुल 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

पुजारी ने बताया कि 8,10,896 लोगों को 6,210 चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक प्रभावित जिलों में केंद्रपाड़ा, बालासोर और भद्रक शामिल हैं मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि चक्रवात के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मंत्री ने कहा, ''रविवार सुबह 10:30 बजे तक, निकाले गए लोगों को 1,178 चक्रवात राहत केंद्रों में आश्रय दिया गया तथा उन्हें भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।'' उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह आए चक्रवात 'दाना' ने 14 जिलों के 108 ब्लॉक के अंतर्गत 1,671 ग्राम पंचायतों के लोगों को प्रभावित किया है। पुजारी ने कहा कि प्रारंभिक खबरों के अनुसार, चक्रवात और उसके बाद आई बाढ़ के कारण लगभग 5,840 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ओडिशा आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम ने भद्रक जिले के एक गांव में चक्रवात 'दाना' के कारण पानी भर जाने से फंसे कम से कम 24 व्यक्तियों को बचाया।

## पंजाब में मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़

# 105 किलो हेरोइन बरामद




**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): पंजाब मे सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और 105 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पंजाब पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी पुलिस ने बताया कि इसी के साथ विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्कर से जुड़े दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पाकिस्तान से मादक पदार्थ लाने के लिए समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया जाता था और टायरों के बड़े रबर ट्यूब भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्कर के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से पांच विदेशी पिस्तौल और एक देसी तमंचा भी बरामद की गई है।

यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, ''पंजाब में एक खुफिया अभियान के दौरान सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और विदेश में रह रहे मादक पदार्थ तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 105 किलोग्राम हेरोइन, 31.93 किलोग्राम कैफीन एनहाइड्रस, 17 किलोग्राम डीएमआर, पांच विदेशी पिस्तौल और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है।''उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है गौरव यादव ने बताया, ''पाकिस्तान से नशीला पदार्थ लाने के लिए समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया जाता था। टायरों के बड़े रबर ट्यूब भी बरामद किए गए जिससे पता चलता है कि समुद्री मार्ग के जरिए इनकी तस्करी होती थी।''डीजीपी ने बताया कि इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

## पंजाब में धान भंडारण जगह की कमी नहीं : केंद्र

● केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा- पर्याप्त भंडारण स्थान बनाना सरकार की जिम्मेदारी है

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्र ने रविवार को उन खबरों को खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि पंजाब में भंडारण जगह की कमी के कारण धान खरीद प्रभावित हो रही है। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को भरोसा दिया कि पर्याप्त भंडारण स्थान बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने भंडारण जगह की कमी संबंधी खबरों को खारिज करते हुए इसे निहित स्वार्थों के कारण फैलाई गई गलत सूचना करार दिया। जोशी ने खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की चेयरमैन वनिता रतन शर्मा के साथ मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, ''कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जगह बनाना हमारी जिम्मेदारी है। हम इसका ध्यान रखेंगे।''उन्होंने कहा कि राज्य में इस समय 14 लाख टन भंडारण क्षमता है, जो एक नवंबर तक बढ़कर 16 लाख टन हो जाएगी।



श्रीनगर की डल झील में पहली बार आयोजित महिला नौका दौड़ में भाग लेती महिलाएं।

## मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए सरकार ने मसौदा विधेयक पेश किया

● विधेयक का उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना तथा मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना है

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): संस्थागत मध्यस्थता को "और अधिक बढ़ावा" देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने एक मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं। विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि "इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और मध्यस्थता कार्यवाही का समय पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है"। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टी. के. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर अपनी रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है। मसौदा विधेयक में 'आपातकालीन मध्यस्थता' की अवधारणा का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित संशोधन में कहा गया है कि मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले "आपातकालीन मध्यस्थ" की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती है। नियुक्त आपातकालीन मध्यस्थ (मध्यस्थता) परिषद द्वारा निर्दिष्ट तरीके से कार्यवाही का संचालन करेगा।

## भर्ती परीक्षा के कारण असम में बंद रही इंटरनेट सेवा



**गुवाहाटी,** (पंजाब केसरी): असम सरकार में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए रविवार (27 अक्टूबर) को लिखित परीक्षा आयोजित की गई और इस दौरान राज्य में करीब सात घंटे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। पूरे राज्य में सुबह 8:30 बजे से शाम 4.30 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवा ठप रही। आधिकारिक अधिसूचना के जरिए इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी की जानकारी दी गई। कहा गया कि राज्य में सुबह 8.30 बजे से शाम 4:30 बजे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। असम डायरेक्ट रिक्रूटमेंट एग्जामिनेशन (एडीआरई) के द्वारा परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित की गई। सुबह की शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक थी। वहीं, शाम की शिफ्ट दोपहर 1.30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच थी। अधिकारी ने बताया कि इस बीच वॉयस कॉल और ब्रॉडबैंड सेवाएं चालू रखी गईं। विभिन्न सरकारी विभागों में चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती के लिए राज्य के 28 जिलों में लिखित परीक्षा ली गई। दो पालियों में आयोजित की गई इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 13,79,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य प्रशासन चाहता है कि लिखित परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए ताकि केवल योग्यता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन किया जा सके।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने 200 से अधिक न्यायिक अधिकारियों का किया तबादला




**नई दिल्ली**, (पंजाब केसरी) : दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला कर दिया है, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करने वाली न्यायाधीश भी शामिल हैं। दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों की नयी पदस्थापना करने के अलावा, उच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए एक अलग अधिसूचना भी जारी की। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से तबादलों की सूची जारी की। बृजभूषण सिंह के खिलाफ पुलिस की 'कैंसिलेशन रिपोर्ट" (मामला बंद करने के अनुरोध) पर सुनवाई कर रहीं पटियाला हाउस अदालत की विशेष जज (पॉक्सो) छवि कपूर को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश के पद पर स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा अब कपूर का स्थान लेंगी, जिन्होंने सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस रिपोर्ट पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह को विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के हाल ही में सेवानिवृत्त होने से रिक्त हुए पद को भरने के लिए राउज एवेन्यू स्थानांतरित किया गया है। स्याल, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाला, आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कथित वक्फ बोर्ड घोटाला मामला और कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित मामले की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पदस्थ थे। स्थानांतरण के अलावा, इन नियुक्तियों में प्रशिक्षण पूरा होने पर विभिन्न जिलों में लगभग 70 न्यायिक अधिकारियों को तैनात करना भी शामिल है।

## आचार्यकुलम का 12वां वार्षिकोत्सव मनाया




**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): स्वामी रामदेव व श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण द्वारा स्थापित आवासीय शिक्षण संस्थान आचार्यकुलम 12वां वार्षिकोत्सव आज धूमधाम से सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित 'नेतृत्वके लिए शिक्षा' विषय पर आधारित वार्षिकोत्सव के मुख्य कार्यक्रम ने दर्शकों को मन्त्र-मुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, आचार्य चाणक्य, सम्राट चन्द्रगुप्त, गुरुवर विरजानंद, महर्षि दयानंद सहित परमपूज्य स्वामीजी व आचार्यश्री के चरित्रों व नेतृत्व से समाहित प्रेरक झांकी का मंचन किया गया। समारोह मेंमुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरियाणा प्रान्त के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विशिष्ट अतिथि स्वामी अवधेशानंद, स्वामी रवीन्द्र पुरी, स्वामी हरिचेतनानंद, हरियाणा भजपा के संगठन महामंत्री फनेंद्रनाथ शर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य,उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल , राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, हरिद्वार भजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों और आचार्यों सहित पतंजलि योगपीठ परिवार की भरपूर सराहना की।




## भारत में करोड़पति करदाता 5 गुना बढ़े

● एक दशक में 2.3 गुना की वृद्धि

● 10 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी):भारत में करोड़पति करदाताओं की संख्या असेसमेंट ईयर (एवाई) 2014 के मुकाबले असेसमेंट ईयर 2024 में पांच गुना बढ़कर 2.2 लाख हो गई है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के इकोनॉमिक डिपार्टमेंट की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, बीते एक दशक में करदाताओं की संख्या में 2.3 गुना की वृद्धि हुई है। असेसमेंट ईयर 24 में करदाताओं की संख्या 8.62 करोड़ थी। साथ ही रिपोर्ट में बताया कि यह आंकड़ा काफी अच्छा है, क्योंकि 10 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मध्यम वर्ग की आय में भारी वृद्धि गत 10 वर्षों में देखी गई है। असेसमेंट ईयर 24 में यह आंकड़ा 2.5 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये था, जो कि असेसमेंट ईयर 14 में 1.5 लाख रुपये से लेकर 5 लाख रुपये के बीच था। असेसमेंट ईयर 24 में 8.6 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा हुए थे, इससे पहले असेसमेंट ईयर 22 में यह आंकड़ा 7.3 करोड़ पर था। कुल जमा हुए रिटर्न में से 6.89 करोड़ या 79 प्रतिशत अंतिम तारीख से पहले जमा हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, असेसमेंट ईयर 25 में रिटर्न जमा करने की आखिरी तारीख तक 7.3 करोड़ आईटीआर जमा हुए हैं और मार्च 2025 तक और 2 करोड़ आईटीआर जमा होने की उम्मीद है। इसके साथ कुल आईटीआर की संख्या 9 करोड़ के ऊपर जाने की उम्मीद है। असेसमेंट ईयर 25 में अंतिम तारीख निकल जाने के बाद भरे जाने वाले रिटर्न की संख्या गिरकर 18 से 19 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, असेसमेंट ईयर 15 की तुलना में असेसमेंट ईयर 24 में 5.1 करोड़ अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं। सबसे अधिक वृद्धि महाराष्ट्र में दर्ज की गई, उसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु का स्थान है। रिपोर्ट से आगे बताया गया कि प्रतिशत वृद्धि के मामले में, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड जैसे छोटे राज्यों ने पिछले नौ वर्षों के दौरान दाखिल आईटीआर में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।

# घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में आएगी शांति : अमित शाह

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के लोगों से 2026 के विधानसभा चुनावों में बदलाव लाने का आह्वान करते हुए कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही राज्य में शांति स्थापित की जा सकती है।

पश्चिम बंगाल में पेट्रापोल भू पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन और एक 'मैत्री द्वार' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। पश्चिम बंगाल में 2026 में बदलाव लाएं। हम घुसपैठ पर रोक लगाएंगे और राज्य में शांति सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा, क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है।दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं।



● पश्चिम बंगाल में शाह ने पेट्रापोल पत्तन पर एक नए यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री ने 2014 में राजग के सत्ता में आने के बाद से स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कई कदम उठाने शुरू किए। लेकिन बंगाल के लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए फायदों से वंचित कर दिया गया। यह अभाव 2026 से बंद हो जाएगा। उन्होंने ''भ्रष्टाचार'' के मुद्दे पर राज्य में तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना की।

शाह ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल को भेजी गयी निधि का एक बड़ा हिस्सा राज्य में भ्रष्टाचार के कारण हड़प लिया गया। पश्चिम बंगाल में अच्छे दिन 2026 से शुरू होंगे। पश्चिम बंगाल के पेट्रापोल में आधुनिक भूमि बंदरगाह स्टेशन के बारे में शाह ने कहा कि 'लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' (एलपीएआई) ने देश के पड़ोसियों के साथ संबंध सुधारने के लिए कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चार 'पी' (प्रोस्पेरिटी, पीस, पार्टनरशिप और प्रोग्रेस) को सीमाओं पर महत्ता दी जाती है। यह आधुनिक भू पत्तन मित्रता के नए युग की शुरुआत करेगा और तस्करी भी रोकेगा।

## केंद्र की बंगाल को भरपूर मदद

शाह ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने अपने शासन के दौरान पश्चिम बंगाल को जो दिया था, उसकी तुलना 2014 के बाद से राजग के 10 वर्ष के कार्यकाल से करें। संप्रग सरकार के दौरान राज्य को मनरेगा के तहत 15,000 करोड़ रुपये मिले थे लेकिन राजग सरकार के दौरान यह बढ़कर 54,000 करोड़ रुपये हो गया। राजग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के तहत राज्य को और निधि दे रही है। शाह ने आरोप लगाया कि लाभार्थियों के पास जाने के बजाए ''पैसा तृणमूल नेताओं के पास जाता है।

# 'महायुति' ने अपने 'कॉरपोरेट मित्रों' को पहुंचाया लाभ : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की 'महायुति'' सरकार ने सत्ता में रहते हुए राज्य के लोगों की भलाई की बजाय अपने ''कॉरपोरेट मित्रों'''' को लाभ पहुंचाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि नवंबर 2023 में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के एक प्रमुख सलाहकार को केंद्र की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति में नियुक्त किया गया, जो एजीईएल जैसी कंपनियों द्वारा बनाई गई जलविद्युत परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देती है। इसके तुरंत बाद, दिसंबर 2023 में कोल्हापुर के 100 से अधिक गांवों के निवासी एजीईएल की 7,000 करोड़ रुपये की पटगांव पंप स्टोरेज परियोजना के खिलाफ आंदोलनरत होने लगे थे। रमेश ने 'एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि चूंकि कोल्हापुर कम वर्षा और पानी की सीमित उपलब्धता से जूझ रहा है तथा परियोजना को अनुमति दिए जाने से पहले कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित नहीं की गई थी, इसलिए स्थानीय लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इससे पानी की स्थिति और खराब होगी।

# दृश्यम स्टाइल में कारोबारी की पत्नी का किया कत्ल, डीएम कंपाउंड में दफनाया

**कानपुर,** (पंजाब केसरी): कानपुर के सिविल लाइंस स्थित ग्रीनपार्क से चार महीने पहले अगवा कारोबारी की पत्नी की हत्या कर शव वीआईपी रोड पर डीएम कंपाउंड के ऑफिसर्स क्लब परिसर के अंदर दफना दिया। महिला को अगवा करने के आरोपी जिम ट्रेनर को शनिवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद उसने यह बात स्वीकार की। इस पर पुलिस अधिकारी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव की तलाश के लिए खोदाई शुरू कराई। देर रात करीब साढ़े 12 बजे महिला का शव भी बरामद कर लिया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एकता के अपहरण से काफी पहले उसने पूरी साजिश का ताना-बाना रच लिया था। दावा किया जा रहा है कि उसने अजय देवगन की फिल्म दृश्यम और दृश्यम-2 22 बार देखी थी।दरअसल, अजय देवगन की इस फिल्म में हत्या के बाद लाश उस जगह छुपाई जाती है, जहां थाना बन रहा होता है। इसके पीछे की सोच यह थी कि पुलिस कभी अपने ही थाने की खुदाई कर लाश तलाशने के बारे में नहीं सोचेगी। विमल को थाने में तो लाश दफन करने का मौका नहीं मिला, लेकिन उसने किले जैसे डीएम कंपाउंड को चुन लिया। वह इलाके की कड़ी सुरक्षा वाले डीएम के आवास के सुरक्षाकर्मियों के बीच कैसे लाश लेकर कंपाउंड में जा सका। यह बड़ा सवाल है। सिविल लाइंस के गोपाल विहार बिन्नी विला सोसायटी में कारोबारी राहुल गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं।



● कातिल जिम ट्रेनर का कबूलनामा, काफी पहले ही रची थी पूरी साजिश

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी एकता गुप्ता (32) इसी साल 24 जून को रोज की तरह ग्रीनपार्क स्टेडियम में जिम करने गई थी। इसके बाद से लौटकर नहीं आई। कारोबारी ने कोतवाली थाने में रायपुरवा के शक्कर मिल खलवा निवासी जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ पत्नी को बहला-फुसला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि जिम ट्रेनर ने पत्नी को प्रोटीन शेक के साथ नशीला पदार्थ दिया। इसके बाद उसे कार से लेकर चला गया था।पति राहुल गुप्ता और भाई हिमांशु को कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम को जानकारी दी कि विमल सोनी को गिरफ्तार किया गया है। विमल सोनी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने एकता की हत्या कर शव दफना दिया था।

# बांद्रा स्टेशन पर भगदड़ ने खोली रेलवे की पोल, राहुल ने जताया दुःख

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता और लोकसभा प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे पर हुई भगदड़ पर राहुल ने दुख जताया है। राहुल ने इस घटना को लेकर मोदी सरकार पर कई सवाल खड़े किये है।



कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। इस घटना ने मोदी सरकार में रेल व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने मोदी सरकार से कई सवाल भी पूछे है - रेलवे ने दीवाली-छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए क्या तैयारियां की थी? पहले से पता था कि लोग दीवाली और छठ पर घर जाएंगे, फिर ऐसी लापरवाही क्यों की गई? रील मंत्री ने दीवाली-छठ के लिए 7,000 स्पेशल ट्रेन चलाने का दावा किया। वो ट्रेनें कहां चल रही हैं?

### बुलेट ट्रेन परियोजना में व्यस्त हैं रेलमंत्री, यात्रियों की हो रही है अनदेखी

शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने यहां बांद्रा स्टेशन पर भगदड़ को लेकर रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पर निशाना साधा और दावा किया कि वह बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर बहुत व्यस्त हैं जबकि मुंबई में यात्रियों की अनदेखी की जा रही है।



राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''मुंबई शहर केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। इसके बदले में हमें यात्रियों के लिए यहां बमुश्किल ही कोई सुविधा मिलती है।' रेल मंत्री भी बुलेट ट्रेन परियोजना में व्यस्त हैं और लोगों को खराब बुनियादी ढांचे के कारण मरने के लिए छोड़ दिया गया है क्योंकि रेल मंत्री को यात्रियों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

# दिल्ली-एनसीआर के 18% परिवार पटाखा जलाने के पक्ष में: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिवाली से पहले किए कराए गए सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले दिल्ली-एनसीआर के 18 प्रतिशत परिवारों ने बताया कि वे प्रतिबंध के बावजूद इस साल पटाखा जलाने की योजना बना रहे हैं जबकि 55 प्रतिशत ने कहा कि उनकी ऐसी कोई मंशा नहीं है। एक एजेंसी द्वारा 10,526 लोगों के बीच किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ''55 प्रतिशत ने कहा कि वे पटाखे नहीं जलाएंगे क्योंकि इससे प्रदूषण होता है जबकि 19 प्रतिशत ने कहा कि वे पटाखे जलाना चाहेंगे और नौ प्रतिशत ने कहा कि वे पटाखे जलाएंगे।'' सर्वेक्षण के मुताबिक, ''नौ प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे पटाखे जलाएंगे और उन्हें पता है कि पटाखे कैसे और कहां से प्राप्त करना है जबकि आठ प्रतिशत ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। संक्षेप में, सर्वेक्षण में शामिल दिल्ली-एनसीआर के 18 प्रतिशत परिवारों द्वारा इस दिवाली पटाखे जलाने की संभावना है।'' सर्वेक्षण में शामिल 10,526 लोगों में से 68 प्रतिशत उत्तरदाता पुरुष थे जबकि शेष 32 प्रतिशत महिलाएं थीं।




# कानून के रखवाले ही जान लें, वहां जनता न्याय की उम्मीद किससे करे : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की चिनहट कोतवाली में मोहित पांडेय की हिरासत में मौत हो गई। जिसको लेकर अब यूपी में सियासत भी गरमा गई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मामले को लेकर यूपी सरकार पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि यूपी हिरासत में होने वाली मौतों के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है। जहां कानून के रखवाले ही जान ले रहे हों, वहां जनता न्याय की उम्मीद किससे करे?

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा,कि एक पखवाड़े में यूपी पुलिस की हिरासत में यह दूसरी मौत है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनके बेटे की हत्या कर दी।'प्रदेश में भाजपा ने ऐसा जंगलराज कायम किया है, जहां पुलिस क्रूरता का पर्याय बन चुकी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस घटना को लेकर एक्स पोस्ट में लिखा, 'यूपी की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में व्यापारी मोहित पांडेय की कथित तौर पर हुई मौत की घटना पर परिवार एवं लोगों में रोष व आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मामले को लेकर योगी सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'यूपी की राजधानी में पिछले 16 दिनों में पुलिस 'हिरासत में मौत (हत्या पढ़ा जाए)' का दूसरा समाचार मिला है। नाम बदलने में माहिर सरकार को अब 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' रख देना चाहिए। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाए, हम उनके साथ हैं।'

● यूपी हिरासत में होने वाली मौतों के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है

● एक पखवाड़े में यूपी पुलिस की हिरासत में यह दूसरी मौत है

### निरीक्षक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाने में हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के मामले में रविवार को संबंधित पुलिस निरीक्षक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विभूति खंड के सहायक पुलिस आयुक्त राधारमण सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इस मामले में मृतक मोहित की मां की शिकायत पर चिनहट थाने के निरीक्षक अश्विनी चतुर्वेदी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मोहित की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।**

# चंद्रमा पर खोज के लिए स्पेस स्टेशन को बनाया जाएगा प्रक्षेपण केंद्र

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत जल्द ही लैंडर प्रौद्योगिकी में महारत हासिल कर लेगा, साथ ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है।

यह बात भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ ने कही।वह नई दिल्ली के रंग भवन में आकाशवाणी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान 2024 में 'भारतीय अंतरिक्ष यात्रा: नई सीमाओं की खोज' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे।अपने व्याख्यान में, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सोमनाथ ने भारत के अंतरिक्ष विजन 2047 के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने चंद्रमा पर भारतीय लैंडिंग के मिशन के बारे में भी विस्तार से बताया। डॉ. सोमनाथ ने चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग पॉइंट के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष स्टेशन की अवधारणा को पेश करते हुए कहा, इसरो ने लैंडर तकनीक में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने रियूजेबल रॉकेट के विकास के बारे में भी विस्तार से बात की और भविष्य के अन्वेषण की योजनाओं के बारे में बाताया। इसमें चंद्रमा और मंगल पर सफल मिशनों के बाद शुक्र की कक्षा, सतह का अध्ययन करने के लिए मिशन शामिल थे।उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष मिशनों के अलावा, इसरो प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, उपग्रह संचार और नेविगेशन में देश की अनुप्रयोग आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करता है।



बता दें कि इसरो ने शुरू से ही उपग्रहों, अंतरिक्ष परिवहन प्रणालियों और संबंधित जमीनी खंडों के निर्माण में स्वदेशी क्षमताओं का विकास किया है।

# जूनियर डॉक्टरों का फैसला, अब गांव-गांव जाकर करेंगे विरोध-प्रदर्शन

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। जूनियर डॉक्टरों का संगठन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट राज्य के शहरी इलाकों से आगे बढ़कर बंगाल के गावों में अपना आधार बढ़ाने की योजना बना रहा है। इस आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक देबाशीष हलदर ने कहा, जब तक बलात्कार और हत्या के मामले की जांच तार्किक निष्कर्ष पर नहीं पहुंच जाती और मामले में हमारी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

# पुंछ में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचालन

**पुंछ,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने वार्षिक पथ संचालन का आयोजन किया। इस दौरान बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाते हुए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पुंछ शहर का भ्रमण किया। इस पथ संचालन की अध्यक्षता जिला संघचालक पुंछ अशोक जोहर ने की, जबकि संघ के राजोरी पुंछ के विभाग प्रचारक महेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की।पुंछ के जिला संघचालक अशोक जोहर ने बताया कि आज वार्षिक पथ संचालन का आयोजन किया गया।

# शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे राजद में शामिल

**पटना,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। हिना ने हाल ही में बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था । पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का "संस्थापक सदस्य" बताया। वहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि उनके आने से पार्टी और मजबूत होगी। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यों को शामिल करने से "भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ हमारी लड़ाई में मदद मिलेगी। हिना और उनके बेटे दोनों बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आधिकारिक आवास 10 सर्कुलर रोड पर राजद में शामिल हुए। इस अवसर पर लालू प्रसाद यादव और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रसाद ने कहा, शहाबुद्दीन का परिवार हमेशा से राजद का हिस्सा था। वे अब और करीब आ गए हैं।



● लालू प्रसाद बोले-मजबूत होगी पार्टी

# कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, शब्दों में बदलाव जरूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को न्यायपालिका के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की। उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए।

उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, "जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है।"

● जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी



● कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए

उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट्स को लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति रविवार को राजस्थान के जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता संघ को संबोधित कर रहे थे। संसद में कानून पारित कर नागरिक संहिता में हुए परिवर्तन पर बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। उन्होंने इसे दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा बताते हुए कहा कि लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इन कानूनों को निरस्त किया गया है, जो नए वकीलों के लिए एक वरदान है।



# दिल्ली विधानसभा चुनावः सिख-पंजाबी वोटर लगाएंगे बेड़ा पार!

**राजधानी में लगभग 19 फीसदी हैं पंजाबी और सिख वोटर** | **हरियाणा में मिली जीत से गदगद भाजपा दिल्ली में लगाएगी सिख प्रत्याशियों पर दांव !** | **'आप' ने सिखों की मांग मानी तो मिलेगा वोट : शिअद**

मृत्युंजय राय



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने के बाद राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जहां जोश हाई है। वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच भी अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन तेज है। हरियाणा में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन न होने को लेकर भी जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। इन सब के बीच भाजपा अपनी चुनावी पिच तैयार करने में जुटी हुई है। खासकर दिल्ली के सिख व पंजाबी वोटर्स को अपनी तरफ खींचने के लिए हाल ही में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ दिल्ली के सिख नेताओं के बीच न केवल बातचीत हुई है बल्कि सभी को ग्राउंड लेवल पर कार्य करने की जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं। आंकड़ों की बात करें तो दिल्ली में 5 फीसदी सिख जबकि 14 फीसदी पंजाबी मतदाता हैं। इस तरह सिख और पंजाबी मिलाकर दिल्ली में 19 फीसदी के आसपास हैं और निश्चित रूप से इतनी बड़ी आबादी के वोट दिल्ली विधानसभा के नतीजों पर बड़ा असर डालते हैं। सूत्रों के अनुसार इस बार के दिल्ली विधानसभा चुनाव में शिरोमणी अकाली दल (शिअद) मैदान में नहीं उतरेगी और न ही किसी भी पार्टी को अपना समर्थन देगी। शिअद दिल्ली के नेताओं के अनुसार अगर सिख मसलों को खासकर बंदी सिंहों की रिहाई मामले में आप सरकार देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर को जेल से रिहा करवा देती है तो दिल्ली के सिख व पंजाबी वोट आप को करेगी। अब यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि चुनावी रण में कौन सी पार्टी सिख व पंजाबी वोटर को आकर्षित कर पाएगी।

### सिख शरणार्थियों को मिले जमीन का मालिकाना हक

भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान जो लोग पाकिस्तान से भारत आए थे वे अपनी संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा बीते 7 दशकों से करते आ रहे हैं। शरणार्थियों की प्रमुख मांगों में से यह एक है। वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) 1950 से 1960 के दौरान पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को उनकी संपत्ति का मालिकाना अधिकार देने की बात कह चुकी है। दिल्ली में 1,500 से ज्यादा ऐसे परिवार हैं जो बंटवारे के दौरान पाकिस्तान से आए थे, जिनके पास संपत्ति का मालिकाना हक नहीं है। इन शरणार्थियों को उत्तरी दिल्ली के किंग्सवे कैंप, मध्य दिल्ली का खान मार्केट, दक्षिणी दिल्ली का मालवीय नगर, निजामुद्दीन, लाजपत नगर, कालकाजी, जंगपुरा और डिफेंस कॉलोनी, पश्चिमी दिल्ली का राजिंदर नगर, वेस्ट पटेल नगर, मोती नगर और राजौरी गार्डन जैसे पॉश इलाकों में जमीन दी गई थी।

**किन-किन विधानसभा क्षेत्रों में है दबदबा...** दिल्ली के 70 विधानसभाओं में से करीब-करीब 13 ऐसी विधानसभाएं हैं जहां सिख व पंजाबी वोटर्स का दबदबा रहा है। जिसमें जंगपुरा, तिमारपुर, कालका जी, राजौरी गार्डन, हरिनगर, कीर्ति नगर, सदर बाजार, तिलक नगर, आदर्श नगर, कृष्णा नगर, विश्वास नगर और चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। आंकड़ों की बात करें तो उक्त विधानसभाओं में भाजपा, कांग्रेस और आप ने कई में सिख व पंजाबी प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाते आई है और उनमें से कईयों को कामयाबी भी मिली है।

### क्या कहना है इनका...



पाकिस्तान से आए शरणार्थी हमारे अपने हैं देश के नागरिक हैं। केंद्र सरकार और दिल्ली के एलजी हमारे पंजाबी व सिख भाई-बहनों को उस वक्त मिली जमीन के मामले में सार्थक कदम उठा रहे हैं। इनकी जमीन का मालिकाना हक इन्हें मिलना चाहिए, ताकि इनके बच्चों को भविष्य में कोई दिक्कत न आए।
**-अजय महावर, विधायक**



दिल्ली के सिख व पंजाबी शरणार्थियों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। पहले वे पाकिस्तान से अपना सब कुछ छोड़कर भारत आए, उन्हें रहने के लिए जमीन तो दी गई पर मालिकाना हक नहीं मिला। उसके बाद 1984 में सिख नरसंहार। मेरा मानना है कि यदि इस कार्य में दिक्कत आए तो इनके लिए अलग कॉलोनी बनाकर देने की जरूरत है।
**-जितेंद्र सिंह शंटी, समाज सेवी**



सिखों के कई मामले लंबित है, खासकर बंदी सिंखों की रिहाई। इसके लिए पंजाब से दिल्ली तक की लड़ाई आज सिख लड़ रहे हैं। दिल्ली चुनाव में एक बार फिर से यह मुद्दा सिख बहुल क्षेत्रों में उठेगा। इसलिए मेरा मानना है कि अगर आप सरकार भूपेंद्र सिंह भुल्लर को जेल से रिहा कर देती है तो सिखों का वोट उन्हें ही जाएगा।
**- परमजीत सिंह सरना, प्रधान, शिअद**

---

**पदयात्रा** | **भाजपा ने गांधी नगर में झुग्गियां खाली करने का भिजवाया नोटिस, भाजपा के खिलाफ शिद्दत से लड़ेंगे**

# हजारों परिवारों को दिया भरोसा, केजरीवाल के रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगीः सिसोदिया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को गांधीनगर की झुग्गी-बस्तियों का दौरा किया। इस दौरान आप नेता राजेश शर्मा, दीपक जैन 'हिन्दुस्तानी' सहित सैंकडों आप कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सिसोदिया ने पंद्रह दिन में सैंकड़ों झग्गियों को तोड़ने के लिए नोटिस मिलने वालों के पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल और आप इन झुग्गियों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि ये लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं, किसी के घर में शादी है, किसी महिला का पति नहीं है, अब ये कहां जाएंगे? भाजपा वालों में इंसानियत नहीं बची है, लेकिन इन गरीब लोगों की बद्दुआ लेकर भाजपा बच नहीं सकती है।सिसोदिया ने केजरीवाल को जेल में डाला था ताकि वो गरीबों के लिए ना लड़ पाएं लेकिन वो बाहर आ गए हैं और गरीबों की लड़ाई लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल के रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। अरविंद केजरीवाल इन झुग्गीवालों के साथ खड़े हैं, हम पूरी शिद्दत से इसके खिलाफ लड़ेंगे और इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि लोगों ने अपनी दो-तीन पीढ़ियां यहां बिताई हैं। कई बच्चे कह रहे हैं कि अब हम कैसे पढ़ेंगे। भाजपा ने इन झुग्गीवालों को 15 दिन में यह इलाका खाली करने का नोटिस दिलवाया है। भाजपा यह नहीं सोचती कि ये गरीब लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं। अब ये लोग कहां जाएंगे? किसी के घर में शादी है। कोई महिला अकेली है, उसके पति की मौत हो गई। भाजपा में इंसानियत नहीं बची है। लेकिन इस तरह से झुग्गियां उखाड़कर और गरीबों की बद्दुआ लेकर भाजपा बच नहीं सकती है। जिन लोगों ने नोटिस दिया और जो लोग इसे दिलवा रहे हैं, उनसे लड़ने के लिए अरविंद केजरीवाल इन झुग्गीवालों के साथ खड़े हैं। मैं इनको कहना चाहता हूं कि बिलकुल घबराने की जरूरत नहीं है।



जन संबोधन करते मनीष सिसोदिया।

### भाजपा के अन्याय के खिलाफ मिलकर लड़ेंगेः राजेश शर्मा

इस दौरान आप कार्यकर्ता राजेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को इसीलिए जेल इसलिए भिजवाया था ताकि वे गरीबों के लिए न लड़ सकें लेकिन अब गरीबों के लिए लड़ने के लिए केजरीवाल जेल से बाहर हैं, आज उनके लिए लड़ रहे हैं। हम सभी उनके साथ मिलकर भाजपा के अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे और इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे।

## झुग्गी बस्तियों में भ्रामक बयानबाजी फैलाना बंद करें सिसोदिया: भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व मंत्री सरदार अरविंदर सिंह लवली एवं विधायक अनिल वाजपेयी ने गांधी नगर क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्तियों को खाली करने के भेजे गए नोटिस की कड़ी निंदा की है और आम आदमी पार्टी व दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला। एक प्रेसवार्ता के दौरान उक्त तीनों नेताओं ने कहा कि, गांधी नगर क्षेत्र में झुग्गी वालों को मिले झुग्गी खाली करने के आदेश के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। भाजपा ने कहा, दिल्ली में प्रशासनिक प्रावधान है कि जो भी झुग्गी बस्ती 20 साल से अधिक पुरानी है उसको खाली करने का नोटिस बिना दिल्ली सरकार के दिल्ली अर्बन शेल्टर इमप्रोवमेंट बोर्ड (डयूसिब) की पूर्व स्वीकृति के नहीं दिया जा सकता है। गांधी नगर की झुग्गी बस्ती, जिसके निवासियों को झुग्गी खाली करने नोटिस मिला है वह लगभग 6 दशक से अधिक पुरानी है। अतः यह मुमकिन नहीं की गांधी नगर झुग्गी बस्ती की भूमी स्वामी एजेंसी डयूसिब विभाग जोकि दिल्ली सरकार की है और बगैर उसके अनुमति के नोटिस जारी किया हो। भाजपा नेताओं ने कहा कि बेहतर होगा की मनीष सिसोदिया गांधी नगर झुग्गी वासियों के बीच भ्रामक ब्यानबाजी करने के यह बतायें की डयूसिब विभाग ने संबंधित भूमी स्वामी एजेंसी को झुग्गी तोड़ने की अनुमति क्यों दी? यदि यह नोटिस डयूसिब की अनुमति के बिना आये हैं तो इसका मतलब हैं डयूसिब विभाग एवं संबंधित मंत्री जमीन से पूरी तरह कटे हुए हैं। दिल्ली सरकार अगर इन झुग्गियों को बचाना चाहती है तो डयूसिब विभाग मंत्री बैठक बुलायें, भाजपा पूरा सहयोग देगी।



हर्ष मल्होत्रा

**दिल्ली की हलचल...**

## शिष्यों ने की भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली वालों के लिए रविवार की शाम एक यादगार शाम बनकर सामने आई। मंडी हाउस के एलटीजी ऑडिटोरियम में कलाध्वनि के 40 से ज्यादा शिष्यों ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। 'कलारति" के तहत 6 से 60 साल की उम्र के समर्पित शिष्यों ने यह प्रस्तुति दी। इस दौरान पद्मश्री एवं एसएनए सम्मान प्राप्त गुरु रंजना गौहर (ओडिसी नृत्यांगना) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। भरतनाट्यम भारत की सबसे प्राचीन शास्त्रीय नृत्य कलाओं में से एक है। इसमें भावपूर्ण कथा, कदमों की खूबसूरत ताल और कर्णप्रिय संगीत का मेल है। गुरु श्रीमती राधिका कठल के निर्देशन में सभी शिष्यों ने समर्पण के साथ इस प्रस्तुति की तैयारी की थी। कलारति मात्र इन शिष्यों की प्रतिभा का प्रदर्शन ही नहीं, अपितु इस नृत्य की सांस्कृतिक जड़ों एवं विरासत का उत्सव भी है। इस प्रस्तुति के बारे में राधिका कठल ने कहा, 'मेरा मानना है कि किसी भी परफॉर्मिंग आर्ट को सीखने के लिए नृत्य के पहलुओं को समझना जरूरी है। इससे आत्मविश्वास आता है, परिपूर्णता की भावना जागती है और शिष्य ज्यादा से ज्यादा सीखने के लिए प्रेरित होते हैं। हर साल शिष्यों का सामना स्टेज डिजाइन, स्टेज लाइट, साउंड डिजाइन, संगीत प्रबंधन और लाइव म्यूजिक जैसे पहलुओं से होता है। इससे न केवल उनके व्यक्तित्व का विकास होता है और वे आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति करने में सक्षम होते हैं, बल्कि अपने विचारों को भी प्रतुस्त कर पाते हैं।"

## पुलिस शहीद स्मृति परेड का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सशस्त्र सीमा बल ने रविवार को चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक स्थल पर पुलिस शहीद स्मृति परेड का आयोजन किया, जिसमें बल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने शहीदों के परिवारों और बल कर्मियों के साथ मिलकर वीरों को नमन किया। कार्यक्रम में शामिल आगंतुकों ने मुख्य स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और एसएसबी के बैंड शो का प्रदर्शन देखा। शहीदों के परिवारों के लिए यह दिन विशेष सम्मान और भावनाओं से भरा रहा। परिजनों ने शौर्य की दीवार पर अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का भ्रमण किया। इस दौरान, एसएसबी और आसूचना ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के परिवारों से बातचीत की और उनके साहस और बलिदान को सम्मानित किया। एसएसबी के शहीदों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने शहीदों की वीरगाथा को जीवंत किया। कार्यक्रम की एक विशेष कड़ी में, एसएसबी के लगभग 150 कर्मियों ने 25वीं बटालियन, घिटोरनी से राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, चाणक्यपुरी तक एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया, जो बल के साहस और वीरता का प्रतीक बनी। इसके अतिरिक्त विगत 25 अक्टूबर को दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों में एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति और शहीदों के प्रति अपने विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

## गरीबों के घरों में बांटी मिठाई व वस्त्र



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पूर्व महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने अपने चांद मोहल्ला कार्यालय में घरेलू सहायिकाओं एवं मोची के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 400 से अधिक घरेलू सहायिकाओं एवं मोची के परिवारों को दीपावली त्यौहार को मनाने में सहयोग करने के लिए मिठाई का डिब्बा, पूजन के लिए गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, घर में रोशनी करने के दिए गए। कार्यक्रम की संयोजिका कंचन शर्मा ने कार्यक्रम में अपने माता पिता के साथ आई एक साल से 12 साल तक की बच्चियों को दीपावली पर पहनने के लिए वस्त्र दिए। कार्यक्रम में पूर्व महापौर ने कार्यक्रम में शामिल हुए संजय जैन, विकास जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरबंस सेठ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सतीश शर्मा, गीता कॉलोनी मंडल अध्यक्ष कमल बुद्धिराज, महामंत्री राजेश साहनी का पटका पहनाकर स्वागत किया। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम से प्रयास किया है कि हमारे वो परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर है दीपावली मनाने में कठिनाई होती है ऐसे परिवारों को दीपावली त्यौहार को मनाने में हम सहयोग कर पाए, इसी योजना के तहत हमने 400 से अधिक परिवारों को सहयोग किया है।

## रन फॉर यूनिटी 29 अक्टूबर को

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ के कार्यक्रम 31 क्टूबर को आयोजित किए जाएंगे जबकि 'रन फॉर यूनिटी" इस बार 29 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर 'मन की बात" कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। हम हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर का आयोजन करते हैं।

## दिल्ली पुलिस ने 10 नाबालिगों को बचाया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी से लापता हुए 10 नाबालिगों को देश के विभिन्न स्थानों से बचाने में सफलता हासिल की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले मामले में भलस्वा डेयरी निवासी 16 वर्षीय एक किशोर को उत्तर प्रदेश के हरदोई से ढूंढ़ लिया गया। वहीं, एक अन्य मामले में जहांगीरपुरी निवासी दो नाबालिग लड़कियां उसी इलाके के एक अस्पताल में मिलीं।

## जनता भ्रष्टाचार और कुशासन की शिकायत कर रही : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली सहित बादली विधानसभा की बदहाली से परेशान लोगों की समस्याओं को सुनने और अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनावों की तैयारी के सिलसिले में रविवार को वार्ड नम्बर 18 जहांगीरपुरी में दिन भर मैराथन कार्नर बैठकें करके क्षेत्रवासियों के संवाद किया। यादव ने वार्ड नम्बर 19 स्वरूप नगर में लगभग 9 जगहों पर बूथ कमेटियों के सदस्यों के साथ क्षेत्रवासियों के मुलाकात की तथा राजीव गांधी स्वास्थ्य केन्द्र पर चल ही जनता के लिए ऑनलाइन सेवाओं का जायजा भी लिया। आज बादली विधानसभा के वार्ड 18 में सुबह 8 बजे से देर शाम तक राजीव गांधी भलस्वा डेयरी, ए ब्लाक संडे बाजार, राजीव नगर 40 फुटा रोड़, त्यागी टैंट वाली गली, गुर्जर चौक, श्रद्धानंद कालोनी, गली नः 9 जी ब्लाक, गली न. 10, डी ब्लाक, श्रद्धानंद कॉलोनी, तंदूर वाली गली, कलंदर कॉलोनी कवाड़ी वाली गली, विश्वनाथ पुरी, कलंदर कॉलोनी और सीडी ब्लाक गली न. 8, राजीव नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वो क्षेत्र की जनता समस्याओं को निपटाने में भरपूर सहयोग करें, क्योंकि पिछले 10वर्षों में आम आदमी पार्टी के विधायक जीतने के बाद यहां का रास्ता ही भूल गए है। क्षेत्रीय निवासियों ने टूटी सड़के, गलियां, नालिया, जल भराव, बढ़े हुए बिजली बिल, बर्बाद हो चुकी मौलिक सुविधाऐं और बुनियादी ढ़ांचा, वायु और जल प्रदूषण, कूड़े के ढेर और खुले में गंदगी की शिकायतें की।



देवेन्द्र यादव

## हमें मिलकर पीएम मोदी के 'विजन 2047' को सफल बनाना हैः नड्डा

**जेपी नड्डा, बैजयंत जय पांडा, पबितरा मारघेतरा, हर्ष मल्होत्रा सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा द्वारा आज दिल्ली में 7036 पोलिंग बूथ स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। दिल्ली भाजपा के मन की बात कार्यक्रम संयोजक राजन तिवारी के अनुसार आज के कार्यक्रम की विशेषता रही की दिल्ली के सभी झुग्गी क्लस्टरों से जुड़े सभी लगभग 1022 पोलिंग स्टेशनों पर मन की बात सुनी।

आज कृष्णा मार्केट लाजपत नगर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने वहां के स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर पी सिंह, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा, पूर्व विधायक सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, निगम पार्षद सरदार अर्जुन सिंह मारवाह और मंडल अध्यक्ष नीलम सहदेव आदि ने किया। जगत प्रकाश नड्डा ने दिल्ली वालों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को दीपावली के लिए शुभकामनाएं दी और कहा की हमे मिल कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न का 2047 का भारत बनना है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने मन की बात कार्यक्रम के जरिए करोड़ों भारतीयों को आह्वान मैसेज पहुंचाते हैं। पीएम मोदी के आह्वान पर भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों के लोग चाहे वह युवा हो, महिला हो या विभिन्न सामाजिक वर्गों से हों सब हर प्रकार से प्रयास करके देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर ने आजादपुर, आदर्श नगर में झुग्गीवासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। केन्द्रीय राज्य मंत्री पबितरा मारघेतरा (असम से) ने दिल्ली भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल के साथ आज करोतिया कैंप, सीआर पार्क ग्रेटर कैलाश में मन की बात कार्यक्रम सुना। सांसद कमलजीत सहरावत ने गोयला डेरी नजफगढ़ में नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने श्री रामजन मंदिर बापा नगर करोल बाग में तथा नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आज मिथिला पार्क लाल बाग में झुग्गीवासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।



जेपी नड्डा को शॉल ओढाकर सम्मानित करते मारवाह।



पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा के मंत्री व अन्य नेतागण।

## दिल्ली में बच्चों के लिए कैसी हो शिक्षा सिसोदिया ने अभिभावकों से मांगे सुझाव

**कोंडली विधानसभा में 'शिक्षा पर बात कार्यक्रम' में सिसोदिया ने की बात**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कोंडली विधानसभा में 'शिक्षा पर बात" कार्यक्रम किया। जिसमें उन्होंने करीब 500 से ज्यादा बच्चों के माता-पिता से दिल्ली के सरकारी स्कूलों पर चर्चा की और बच्चों के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए उनके सुझावों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केवल बच्चों की अच्छी शिक्षा ही गरीबी को दूर कर सकती है।

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की आप सरकार बच्चों के लिए बेहतरीन शैक्षिक सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। ऐसे में आप मुझे सुझाव दो कि बच्चों की शिक्षा के लिए अगले पांच साल हमारी सरकार को क्या करना चाहिए, स्कूलों में क्या सुविधा होनी चाहिए, कैसी व्यवस्था होनी चाहिए और इन सब में किसकी क्या भूमिका होनी चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें तो मैं पूरी दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर सरकारी स्कूलों के बच्चों के माता-पिता के साथ इन मुद्दों पर संवाद कर रहा हूं। आपके बच्चों को एक अच्छा भविष्य देने के लिए इसलिए आप जरुर आइएगा। इस कार्यक्रम में मनीष सिसोदिया ने ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को इसमें शामिल होने के लिए पत्र भेजकर आमंत्रित किया था।

इस पत्र में मनीष सिसोदिया ने कहा है कि मुझे उम्मीद है कि आपके बच्चे स्कूल और घर में अच्छे से पढ़ाई कर रहे होंगे। आपके बच्चों की शिक्षा के लिए अरविंद केजरीवाल और मैं हमेशा सजग रहे हैं। दस साल पहले, मुझे उपमुख्यमंत्री बनाते वक्त अरविंद केजरीवाल ने मुझे एक ही बात कही थी कि दिल्ली के हर बच्चे को, चाहे वो रीब से गरीब घर का हो, उसके लिए ऐसी शिक्षा की व्यवस्था करना जैसे मेरे खुद के बेटे और बेटी के लिए कर रहे हो। इस अवसर पर दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, विधायक कुलदीप कुमार, प्रवीण कुमार, संजीव झा और पूर्व शिक्षा सलाहकार शैलेंद्र शर्मा भी मौजूद थे।



## करोल बाग की 'महफिल' में चल रहा था अश्लील डांस

**छोटे कपड़े पहनकर ग्राहकों के सामने अश्लील डांस कर रहीं थीं महिला डांसर, बार मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने आधा रात करोल बाग स्थित 'महफिल लॉन्ज' में रेड की तो वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस को 'महफिल' में ग्राहकों के सामने अश्लील डांस करते हुए सात लड़कियां मिलीं। सभी ने छोटे कपड़े पहने हुए थे और वहां मौजूद ग्राहकों को रिझाने के लिए उनके सामने अश्लील डांस कर रहीं थीं। पुलिस टीम ने मौके की वीडियोग्राफी की और सभी सातों लड़कियों से पूछताछ की। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बार मैनेजर रोहित के कहने पर ग्राहकों को रिझाने के लिए डांस कर रही थीं।

स्पेशल स्टाफ की टीम ने मौके से 50-50 के प्लास्टिक नोट की कुछ गड्डियां और 20-20 रुपए के नोट की 47 गड्डियां भी बरामद कीं हैं। स्पेशल स्टाफ में तैनात एवं रेड में मौजूद हेड कांस्टेबल विकास के बयान पर करोल बाग थाने में आरोपी बार मैनेजर रोहित के खिलाफ अश्लील डांस कराने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बार रोहित लेक व्यू अपार्टमेंट, बुराड़ी में रहता है। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि करोल बाग टैंक रोड स्थित महफिल लॉन्ज व बार में ग्राहकों को रिझाने के लिए लड़कियों से अश्लील डांस कराया जाता है। सूचना को पुख्ता कर स्पेशल स्टाफ की टीम ने रात करीब साढ़े 12 बजे उक्त बार पर रेड की। जहां लड़कियां ग्राहकों के आगे अश्लील डांस करते हुए पाई गईं।




### महफिल का लाइसेंस होगा रद्द!



गलत गतिविधियों में लिप्त महफिल रेस्टोरेंट एंड बार का लाइसेंस रद्द करने के लिए पत्र लिख दिया है। इस तरह की गतिविधियों में लिप्त बार-रेस्टोरेंट पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।
**-एम हर्षवर्धन डीसीपी, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट**

**धूल और धुआं दिल्ली की वायु गुणवत्ता को बना रहा है बदतर**

# जहरीली हुई हवा, प्रदूषण की मार एक्यूआई पहुंचा 400 के पार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ठंड की दस्तक के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर बिगड़ती जा रही है। यह समस्या न केवल लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि इसके दूरगामी पर्यावरणीय प्रभाव भी हैं। वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के अनुसार, रविवार 27 अक्टूबर को नई दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 352 दर्ज किया गया। एक्यूआई का यह स्तर 'बेहद खराब" की श्रेणी में आता है। आनंद विहार इलाके में एक्यूआई 400 को पार कर गया। इस इलाके में सुबह 7 बजे एक्यूआई 405 तक पहुंच गया था। जबकि शनिवार को आनंद विहार में 367 दर्ज किया गया था। बता दें कि एक्यूआई का 400 पार जाना 'गंभीर' श्रेणी में आता है। राजधानी के अन्य क्षेत्रों की हालत भी चिंताजनक है। अक्षरधाम मंदिर के इलाके में एक्यूआई बिगड़कर 261 हो गया, जबकि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक्यूआई 324 दर्ज किया गया, यह दोनों स्तर 'बहुत खराब" की श्रेणी में आते हैं। शहर के कुछ इलाकों में धुंध की मोटी परत देखी गई।

*दिल्ली में वायु प्रदूषण से प्रति वर्ष लगभग 12,000 लोगों की हो रही है मौत*

**खराब हवा से पर्यटकों की बढ़ी परेशानी...** खराब हवा के कारण दिल्ली आने वाले पर्यटकों को मुश्किल हो रही है। सुबह टहलने वालों और साइकिल चलाने वालों का कहना है कि वो ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं। प्रदूषण के कारण जल्दी थक जा रहे हैं। लोग सावधानी बरतते हुए चेहरे पर मास्क या रुमाल बांध रहे हैं। हालांकि, लोगों का मानना है कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण कुछ भी कारगर नहीं लग रहा है। बता दें कि दिल्ली में भारी संख्या में वाहन हैं, जो वायु में हानिकारक गैसों का प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों से धूल और अन्य प्रदूषक हवा में मिल जाते हैं। इन सबसे से ऊपर उद्योगों से निकलने वाला धुआं है, जो दिल्ली की वायु गुणवत्ता को बदतर बना रहा है। वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी समस्याओं, अस्थमा, और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है. एक सर्वेक्षण में यह सामने आया था कि दिल्ली में वायु प्रदूषण से प्रति वर्ष लगभग 12,000 लोगों की मौत हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रह रहा है।



## दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए आप सरकार जिम्मेदारः सचदेवा

- *पंजाब में जलती पराली दिल्ली की बदहाल सड़कें सड़क किनारे फैली धूल वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण*

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी सरकार व पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण कंट्रोल पर बिल्कुल भी गम्भीर नहीं है और खासकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के लिए प्रदूषण केवल खबरों में बने रहने का विषय है।



वीरेंद्र सचदेवा

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली वालों के सामने अगले 15 दिन प्रदूषण कम करने के लिए 5 कारण रखे गए। इनमें से केवल एक पराली जलने पर रोक ही प्रदूषण कम करने में प्रभावी हो सकता है पर दिल्ली सरकार के मंत्री ने उस पर कोई गम्भीर बात नहीं कही। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आईएआरआई के आंकड़े हो या सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न राज्यों से आने वाले आंकड़े सभी से साफ है की उत्तर भारत खासकर दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुख्य कारक पंजाब में जलने वाली पराली है या दिल्ली की बदहाल सड़कों की धूल पर पर्यावरण मंत्री पंजाब से बढ़ते प्रदूषण पर और दिल्ली लोकनिर्माण विभाग की सड़के ठीक करने की विफलता पर एक शब्द नहीं बोलते क्योंकि दोनों के लिए आम आदमी पार्टी की पंजाब एवं दिल्ली की सरकार जिम्मेदार है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दुखद है कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय हर वर्ष की भांति इस वर्ष फिर अपनी सरकारों को बचाने के लिए प्रदूषण बढ़ने का दोष दिवाली के पटाखों पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं जबकि आज तक कोई ऐसा वैज्ञानिक डाटा सामने नहीं आया है जो यह कहे की विंटर प्रदूषण का मुख्य कारक पटाखे हैं। असल में केवल गोपाल राय की सनातन धर्म विरोधी सोच जिम्मेदार है पटाखों पर प्रतिबंध के लिए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदूषण बढ़ाने में वाहन प्रदूषण से कहीं अधिक दोषी दिल्ली की बदहाल सड़कें हैं, काश गोपाल राय रोड लाइट ऑन इंजन ऑफ जैसे इवेंटों पर जनधन बर्बाद करने की जगह बदहाल सड़कों पर ध्यान देते।

**आज का सुविचार**

*जो व्यक्ति टूटे को बनाना और रूठे को मनाना जानता है, वह निश्चित रूप से बुद्धिमान और समाज के लिए उपयोगी है।*

*-सुरेन्द्र कुमार*

**इतिहास के झरोखे से...**

## चिकित्सा विज्ञानी जोनास एडवर्ड साल्क ने की पोलियो के टीके की खोज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 28 अक्टूबर को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1867 में स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता का आयरलैंड में जन्म। 1886 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लेवलैंड ने फ्रांस की जनता की तरफ से अमेरिका की जनता को तोहफे के तौर पर मिले स्टैच्यू आफ लिबर्टी को राष्ट्र को समर्पित किया। 1914 में अमेरिका के चिकित्सा विज्ञानी जोनास एडवर्ड साल्क का जन्म, जिन्होंने पोलियो की पहली सुरक्षित और कारगर दवा ईजाद की। 1955 में अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध कंप्यूटर प्रोग्रामर और उद्यमी बिल गेट्स का जन्म। उनकी तरक्की की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 32 साल पूरे होने के पहले ही 1987 में उनका नाम अरबपतियों की फ़ोर्ब्स की सूची में आ गया और कई साल तक वह इस सूची में पहले स्थान पर रहे। 1962 में क्यूबा का मिसाइल संकट हल होने से विश्व ने राहत की सांस ली। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रूस की इस घोषणा का स्वागत किया कि वह क्यूबा में तैनात अपने प्रक्षेपास्त्रों को निष्क्रिय करेगा। 2009 में पाकिस्तान के पेशावर शहर में आत्मघाती बम हमले में 117 लोगों की मौत, 213 घायल हुए।



## प्रदूषण पर सरकार चल रही कछुआ चालः कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को सरकार पर प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कछुआ चाल चलने का आरोप लगाया है। कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी है कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने वाला है, लेकिन सरकार प्रदूषण नियंत्रण पर पर्याप्त कदम नहीं उठा रही है। यादव ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण का प्रकोप लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सत्ताधारी दल आप और भाजपा दिल्ली वालों की चिंता छोड़ राजनीतिक लड़ाई में व्यस्त हैं। आप पूरे छह महीने केवल पूर्व मुख्यमंत्री को जेल से छुड़ाने में व्यस्त रही है। इसके चलते प्रदूषण नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आतिशी सरकार की प्रदूषण नियंत्रण पर विफलताओं के कारण दिल्लीवासी आंखों की बीमारी और जहरीली हवा में सांस लेने में हो रही परेशानी के कारण घरों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लागू विंटर एक्शन प्लान और ग्रेप-2 के लागू होने के बावजूद दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण करने में सरकार नाकाम साबित हुई है। कल पीडब्लूडी विभाग ने सड़क के बदहाल हालत का ब्यौरा देकर प्रदूषण में सहायक सड़कों से उड़ रही धूल की भागीदारी को उजागर किया था और मुख्यमंत्री कहती हैं कि पीडब्लूडी की टीमें प्रदूषण रोकने के लिए काम कर रही है, सरकार और विभागों में यह मतदभेद क्यों?



देवेन्द्र यादव

## प्रदूषण के समाधान के लिए विजेंद्र गुप्ता अपनी राज्य सरकारों से करें बात : आप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता के बयान पर आम आदमी पार्टी (आप) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आप ने कहा कि यूपी के कौशांबी डिपो की डीजल बसों के प्रदूषण के कारण आनंद विहार में स्थिति खराब हो रही है। भाजपा शासित यूपी और हरियाणा में पराली जलाने के मामले हर दिन बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर यूपी और हरियाणा बड़ी मात्रा में औद्योगिक कचरा यमुना में बहा रहे हैं। आप ने कहा कि अगर विजेंद्र गुप्ता और भाजपा को वास्तव में दिल्ली की परवाह है, तो उन्हें नाटक करने की जगह प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए अपनी राज्य सरकारों के साथ काम करना चाहिए।

## दिल्ली में अक्टूबर में हुई कम बारिश पांच सालों में रहा सबसे ज्यादा सूखा

**बारिश नहीं होने का दिल्ली के प्रदूषण पर दिख रहा असर**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस बार अक्टूबर महीना बीते पांच वर्षों में सबसे अधिक सूखा रहा। अभी तक महीने के 27 दिन बीत चुके हैं और एक दिन भी हल्की बूंदाबांदी भी नहीं हुई है। इससे पहले वर्ष 2018 में ऐसा सूख मौसम रहा था, जब एक दिन भी बारिश नहीं हुई थी।

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में इस बार मानसून की बारिश तो सामान्य से ज्यादा अच्छी रही, लेकिन सितंबर महीने की 19 तारीख के बाद एक दिन भी बारिश नहीं हुई है। लंबे समय से बारिश नहीं होने का असर दिल्ली के प्रदूषण पर देखा जा रहा है।



दरअसल, राजधानी में जून से लेकर सितंबर तक तो मानसून की बारिश होती है।

इसके अलावा बाकी दिनों में कुछ-कुछ अंतराल पर पश्चिमी विक्षोभ आते रहते हैं। इन विक्षोभों के चलते पूरे उत्तर भारत के मौसम में बदलाव आता है। इसके चलते जहां तापमान में गिरावट आती है वहीं प्रदूषण से भी लोगों को राहत मिलती है।

**दिल्ली की हलचल**

### पीसीआर ने मासूम को परिवार से मिलाया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): तिलक नगर इलाके में ट्यूशन पड़ने के लिए गया एक छात्र घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। उन्होंने मदद के लिए पीसीआर कॉल की। सूचना मिलते ही एसआई नागराज, अमर सिंह मौके पर पहुंचे। जहां पीड़ित जसप्रीत सिंह मिला। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका बेटा वीर सिंह (10) लापता है। वह ड्यूटशन पढ़ने गया था, अभी तक नहीं लौटा। अमर सिंह तुरंत जसप्रीत को पीसीआर गाड़ी में बैठाकर बच्चे को ढूंढने के लिए निकल गए। लाउडस्पीकर पर बच्चे की मुनादी की गई। जब वे गंगा राम वाटिका के पास पहुंचे जहां पीड़िता का बेटा घुमते हुए मिल गया। उसने अपने बेटे को पहचान लिया। वह पीसीआर कर्मियों का धन्यवाद करते हुए नहीं थका।

### उद्यमशीलता बढ़ाने के लिए कार्यशाला



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारत सरकार के विज़न 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में उद्यमिता और कौशल विकास की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कार्य को पूर्ण बनाने में दिल्ली विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रही है। उद्यमिता व्यवसाय के अवसर पैदा करके और इस प्रक्रिया में दूसरों को रोजगार देकर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विजन 2047 को ध्यान में रखते हुए इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट व्यवसायिक प्रबन्ध संस्थान के गुरुग्राम परिसर और सत्यवती सांध्य कॉलेज के उद्यमिता एवं विकास प्रकोष्ठ "उद्योगोन्मुख" ने आज अपने विद्यार्थियों में उद्यमशीलता कौशल विकसित करने के लिए आईसीएफएआई प्रबंधन संस्थान के सहयोग से उन्हीं के परिसर में एक उद्यमशीलता प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। जिसमें कॉलेज के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने भाग लिया। पांच घंटे से अधिक चले इस प्रशिक्षण सत्र में "उद्यमिता की सोच और सत्यापन" के मूलभूत विषय पर वरिष्ठ शिक्षकों तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान डीन एवम् प्रोफेसर पॉल ने संस्थान के बारें में विद्यार्थियों को अवगत कराया, वहीं प्रोफेसर विक्रम शर्मा ने उपरोक्त विषय पर विद्यार्थियों के मध्य प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक संचालन किया।

## पल्लवी सोलंकी ने जज बनकर पूरे देश में पालम का नाम किया रोशनः सोलंकी




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रविवार को पालम गांव शिव मंदिर धर्मशाला में पालम बारह की संयुक्त पंचायत हुई, जिसमें पालम गांव की बेटी पल्लवी सोलंकी सुपुत्री मुकेश सोलंकी का सिविल जज में सलेक्शन होने पर पालम बारह की तरफ से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि आज पालम गांव और देश के लिए बड़ा खुशी का दिन है। आज हमारे गांव समाज की एक बेटी देश की न्यायिक सेवा में चयनित होकर लोगों को न्याय देने का काम करने जा रही है। पूरे परिवार और समाज को बेटी की इस सफलता पर गर्व है। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि पालम 360 उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत है, हमने हमेशा परिवारों में लड़के और लड़कियों को बराबर माना है और उन्हें शिक्षा, सरकारी सेवा से लेकर खेल के मैदान तक हर जगह प्रोत्साहित किया है। हमने युवाओं को समाज की जड़ों से जोड़ने और जिम्मेदारियों के प्रति सजग करने का काम किया है। आज पालम की बेटी ने न्यायिक सेवा में प्रतिभा के बल पर सलेक्शन लेकर गांव, समाज और देश का नाम रोशन किया है, वह अन्य युवाओं और बच्चियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**मैंने जेल से बाहर आने के बाद यह योजना पिछले हफ्ते दोबारा शुरू कर दी**

## केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप, जब मैं जेल में गया था तो बंद करा दी जय भीम योजनाः केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को दक्षिणी दिल्ली में आयोजित विशाल शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नगर सेन बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया कि भाजपा ने मुझे जेल में डाल दिया था। जब मैं जेल में गया तो मेरे पीछे से इन्होंने यह जय भीम योजना बंद करा दी थी लेकिन आप चिंता मत करो। मैंने जेल से बाहर आने के बाद यह योजना पिछले हफ्ते दोबारा शुरू कर दी थी।

मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे आगे बढ़कर खूब तरक्की करें, पढ़ेंगे तभी तरक्की करेंगे। पढ़ाई का कोई विकल्प नहीं है। अपने बच्चों को पढ़ाओ। पहले था कि गरीबी की वजह से नहीं पढ़ा सकते थे। अब पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। बारहवीं तक सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है और बारहवीं के बाद आपका सारा इंतजाम हम लोगों ने कर दिया है। आपको बिल्कुल चिंता करने की जरूरत नहीं है।



उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 12वीं कक्षा के बाद आप अपने बच्चे को इंजीनियर, डॉक्टर, सीए या वकील बनाना चाहते हो तो उसके लिए एंट्रेंस के पेपर देने पड़ते हैं। उसमें कोचिंग होती है। जैसे 12वीं के बाद मैंने इंजीनियरिंग की थी, मैंने भी कोचिंग ली थी। लेकिन कोचिंग बहुत महंगी है। उसमें ढाई से चार लाख रुपए लगते हैं। एक गरीब आदमी इतने पैसे कहां से लाएगा? एक गरीब आदमी का बच्चा तो होशियार है लेकिन पैसे की कमी की वजह से वह कोचिंग नहीं ले पाता और दूसरों से पिछड़ जाता है।

**बाबा नगर सेन ने शिक्षा व समानता पर दिया जोर**

केजरीवाल ने कहा कि बाबा नगर सेन की प्रमुख स्थली मध्य प्रदेश में दिमनी है। वहां पर उनका डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर है। वहां बाबा ने बहुत सामाजिक और धार्मिक काम किए। बाबा नगर सेन को सिर्फ दलित समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोग पूजते हैं। वह सबके लिए बहुत सम्मानीय हैं। उन्होंने इंसान की समानता के ऊपर सबसे जोर दिया कि सब समान हैं। उन्होंने शिक्षा पर बहुत जोर दिया।

## फूलवालों की सैर का समापन, सीएम आतिशी रहीं मौजूद

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय संस्कृति और एकता के परिचायक 'फूल वालों की सैर' कार्यक्रम का धूमधाम से समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहां शानदार कव्वाली का भी आयोजन किया गया।



बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुईं मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि फूलवालों की सैर सिर्फ एक उत्सव नहीं है, इसने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि फूलवालों की सैर जैसे उत्सव आज के दौर में इंसानियत का पैगाम देते हुए लोगों को साथ लाने का उत्सव है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली दिलवालों का शहर है, यहां लोग आपस में दीवारें नहीं बनाते बल्कि फूलवालों की सैर जैसे त्यौहार के साथ इंसानियत का पैगाम बांटते है। नफरत की राह छोड़कर, इंसान को इंसानियत से जोड़ने वाला ये त्यौहार दिल्ली की एकता और विविधता की असली पहचान है। आतिशी ने कहा कि फूलवालों की सैर ने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने बचपन के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मैं दिल्ली में पली-बढ़ी। मेरे पेरेंट्स दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थे, हम दिल्ली यूनिवर्सिटी कैंपस में रहते थे। वहां सभी मिल जुलकर त्यौहार मनाते थे तो बचपन में काफी समय तक ये पता ही नहीं चला कि कौन-सा त्यौहार किस धर्म का है। वहां पर हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सभी के त्यौहार मनाए जाते थे।

## फरवरी में चुनाव के बाद सभी के पानी के बिल माफ करवा दूंगाः केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को वजीरपुर विधानसभा में पद यात्रा के लिए पहुंचे, जहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। केजरीवाल स्थानीय विधायक और कार्यकर्ताओं के साथ पैदल चलते हुए मिलने आए बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों से मिले। स्थानीय जनता ने अपने प्रिय नेता को खूब प्यार और सम्मान दिया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपका पानी का बिल बढ़कर आ रहा है तो आपको भरने की जरुरत नहीं है, फरवरी चुनाव के बाद मैं सभी के पानी के बिल माफ करवा दूंगा। 10 साल मैंने पूरी ईमानदारी से काम किया, पूरे देश में कहीं इतने काम नहीं हुए जितने दिल्ली में हुए हैं। सभी को मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा और इलाज मिल रहा है लेकिन भाजपा वाले कहते हैं कि दिल्ली की जनता को कुछ भी फ्री नहीं देना चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे याद है 2015 में जब हमारी सरकार बनी। उससे पहले 10-10 हजार के बिजली के बिल आते थे। अब तो दिल्लीवालों को जीरो बिजली के बिल की आदत पड़ गई होगी। अगर किसी का बिल आता भी है तो 400-500 रुपए आता है या 500 रुपए। अब तो दिल्ली वालों को सस्ती और जीरो बिजली के बिल की आदत पड़ गई। अगर आपने भाजपा को वोट दे दिया तो फिर देख लेना क्या हाल होगा। फिर या तो बच्चे पालोगे या बिल भरोगे।

### पूर्व सीएम को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मदनलाल खुराना जी की पुण्यतिथि पर दिल्ली के कनॉट प्लेस के श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में हवन और भण्डारे का आयोजन किया गया किया गया। मदन लाल खुराना के परिजनों समेत बीजेपी नेता और प्रवक्ता शिवम छाबड़ा ने मदन लाल खुराना की ओर से दिल्ली में कराए गए विकास कार्यों को भी याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवम छाबड़ा ने कहा कि मदन लाल खुराना दिल्ली के पुजारी थे और उन्होंने दिल्ली के भले के लिए पूरा जीवन लगा दिया। दिल्ली मेट्रो और दिल्ली में सुगम परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख फ्लाईओवर का निर्माण करना, खुराना जी की परिकल्पना थी। दिल्लीवासियों को आज भी उनके जैसे जन नेता की कमी खलती है।




## सब्सिडी योजनाओं को लेकर डर फैला रही आप : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अब यह भली-भांति समझ चुके हैं कि उनका दिल्ली की जनता से संपर्क टूट चुका है। केजरीवाल जानते हैं कि 2025 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी जीतने जा रही है, इसलिए वह हर दिन लोगों में यह डर फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि बीजेपी सब्सिडी योजनाओं को खत्म कर देगी, लेकिन दिल्ली की जनता जानती है कि देशभर में बीजेपी की सरकारें बेहतरीन सामाजिक कल्याण सब्सिडी प्रदान कर रही हैं।

## जलबोर्ड उपाध्यक्ष ने किया वजीराबाद डब्ल्यूटीपी का दौरा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मेंटेनेंस के कारण यूपी के गंग नहर से पानी मिलना बंद हो गया है और यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने की वजह से पिछले कुछ दिनों से वजीराबाद और सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लाट के अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं। इससे दिल्ली के कई इलाकों में पानी की समस्या आ रही है।



दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष विनय मिश्रा ने रविवार को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स का दौरा किया। उन्होंने कहा कि 15 से 31 अक्टूबर तक साल के मात्र 15 दिन हम वजीराबाद प्लांट और सोनिया विहार प्लांट के लिए यमुना से पानी लेते हैं। रविवार को जब हमने प्लांट का दौरा किया तो पता चला कि यमुना में अमोनिया का स्तर 0.9 पीपीएम तक चला गया है। इतने अमोनिया की वजह से हमारे प्लांट 100 फीसद काम भी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि हमारा प्लांट 0.5 पीपीएम पर भी पूरी कैपेसिटी से चलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपना इंडस्ट्रियल वेस्ट सीधे यमुना में छोड़ रहा है। जिसके कारण दिल्ली में प्रदूषित यमुना आ रही है। साथ ही पराली इतनी मात्रा में जलती है कि दिल्ली में प्रदूषण भी हरियाणा की वजह से है। मैं सोमवार को सीएम आतिशी से मिलूंगा और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 3-4 दिन के अंदर प्लांट 100 फीसद की कैपेसिटी से चलेंगे और लोगों को स्वच्छ पानी मिलने लगेगा।

### इन इलाकों में दिवाली तक रहेगी पानी की किल्लत

जलबोर्ड उपाध्यक्ष विनय मिश्रा ने बताया कि हर साल उत्तर प्रदेश इरीगेशन कैनाल को मेंनटिनेंस के लिए 15 दिनों के लिए बंद किया जाता है। यूपी सिंचाई विभाग ने वार्षिक रखरखाव के कारण इस नहर को 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक के लिए बंद कर दिया है। इस दौरान गोकुलपुरी, सोनिया विहार, करावल नगर, बाबरपुर, ताहिरपुर, दिलशाद गार्डन, नंद नगरी, शहादरा, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, मयूर विहार, कोंडली, दल्लूपुरा, यमुना विहार, जाफराबाद, झिलमिल, मंडावली, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, विवेक विहार, कड़कड़डूमा, जगतपुरी, शालीमार पार्क, कृष्णा नगर, पटपड़गंज, प्रीत विहार, विश्वकर्मा पार्क, ललिता पार्क, सीलमपुर, शास्त्री पार्क, ब्रह्मपुरी, कैलाश नगर, सराय काले खा सहित कई इलाकों में जलापूर्ति बाधित रहेगी ।

### अच्छा मानसून होने के बाद भी जल आपूर्ति करने में विफल है आप सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि यह खेदजनक है कि दिल्ली सरकार मानसून के दौरान दिल्लीवासियों के लिए उचित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रही है।

अच्छे मानसून के बावजूद पिछले कई महीनों से दिल्लीवासी पानी की भारी कमी का सामना कर रहे हैं, लेकिन त्योहारों का मौसम आते ही कमी और पानी की कटौती बढ़ गई है। दिल्ली सरकार ने दिल्लीवासियों को दो तरह से विफल किया है, पहला, यमुना नदी में सीवर का प्रवाह शून्य करने के लिए कार्यशील एसटीपी सुनिश्चित नहीं करना और दूसरा, सोनिया विहार, चंद्रकला, ओखला और द्वारका आदि जल उपचार संयंत्रों में पर्याप्त क्षमता वाले अमोनिया उपचार संयंत्र स्थापित नहीं करना।

### शिकायतों के निवारण को वार्ड समितियों का गठन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सार्वजनिक शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए वार्ड समितियों का गठन किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता है क्योंकि एक अकेला 'सांसद प्रतिनिधि' शिकायतों के अंबार को संभाल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसी शिकायतें आती हैं कि सांसद प्रतिनिधि जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और उन्हें सीमित संख्या में लोगों की चिंता रहती है। तिवारी ने कहा कि अब उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के 41 नगरपालिका वार्डों में से प्रत्येक वार्ड में समितियां होंगी जिनमें 'सांसद प्रतिनिधि' सदस्य होंगे। कहा कि प्रत्येक समिति में 25 सदस्य होंगे जिनमें से 15 बाजार संघों, आवासीय कल्याण संघों, सामाजिक संगठनों और अन्य समुदायों से आने वाले स्थानीय लोग होंगे।

वारदात

**हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ा**

# किशनगढ़: थप्पड़ का बदला लेने के लिए नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या, दोस्त को मारी गोली



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के किशनगढ़ थाना इलाके में थप्पड़ का बदला लेने के लिए एक नाबालिग ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक लड़के पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी और उसके दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान यश उर्फ भोला के रूप में हुई है। वहीं, फायरिंग में घायल सौरभ यादव (18) का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है।

पुलिस ने नाबालिग के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में चार नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। बालिक आरोपी की पहचान संजय (38) के रूप में हुई। आरोपी पर पहले से एक मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5:45 बजे, गौशाला गांव, किशनगढ़ में दो लड़कों को चाकू मारने के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही मौके पर एसआई दीपक अन्य कर्मचारियों के साथ तुरंत वारदात स्थल पर पहुंच गए। पुलिस को मौके पर खून बिखरा पड़ा मिला। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों घायलों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को मौके से खाली खोखा मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची क्राइम और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। उधर, एक अन्य टीम अस्पताल पहुंची। जहां पुलिस को पता चला कि नाबालिग यश की मौत हो गई है। उस पर चाकू से हमला किया गया था। घायल सौरभ यादव का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वह गोली लगने से घायल हुआ है। जांच में पुलिस को पता चला कि यश, वार्ड नंबर-दो, महरौली इलाके में परिवार के साथ रहता था। वहीं, सौरभ यादव गांव मसूदपुर में परिवार के साथ रहता है। उसका उपचार चल रहा है। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

**नानी के घर घूमने आया था सौरभ**

सौरभ ने पुलिस को बताया कि उसकी नानी का घर किशनगढ़ में है। वह अपनी नानी के घर घूमने के लिए आया था। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे अपने दोस्त यश, कुणाल, उदय और तुषार के साथ स्कूटी पर घूम रहा था। शाम करीब 5:00 बजे जैसे ही वे गौशाला पहुंचे, तभी तीन लड़के आए। इससे पहले वह कुछ समझ पाते एक ने गोली चला दी। गोली सौरभ की पीठ में लगी और वह गिर पड़ा। इसके बाद उन्होंने उसके दोस्त यश पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए।

**कुछ दिन पहले हुआ था झगड़ा**

जांच में पुलिस को पता चला कि यश और आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े में यश ने एक नाबालिग को थप्पड़ मार दिया था। आरोपी ने यह बात अपने दोस्तों को बताई। इसके बाद सभी ने बदला लेने की योजना बनाई। मौका पाते ही आरोपियों ने यश और उसके दोस्त पर हमला कर दिया। हमले में यश की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है।

## रानी बाग में घर के बाहर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आउटर डिस्ट्रिक्ट के रानी बाग इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक कारोबारी के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूत्रों का कहना है कि बदमाश कारोबारी के घर के बाहर एक पर्ची फेंक कर गए है। पुलिस ने पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात करीब 8.40 बजे रानी बाग थाना पुलिस को शारदा निकेतन इलाके में एक घर पर फायरिंग की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। मौके पर पुलिस को शिकायतकर्ता मिला। उन्होंने पुलिस को बताया कि बाइक सवार दो लोग आए और उनमें से एक ने कई राउंड फायरिंग की और बाइक से फरार हो गए। मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

## कार्रवाई करने पर एसएचओ जामिया नगर को पिता-पुत्र ने पीटा

**आंख में मारा मुक्का, पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को किया अरेस्ट**

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के जामिया नगर थाने के एसएचओ नरपाल सिंह व एक कांस्टेबल रामकेश को बाइक रोकने व उन पर कार्रवाई करने पर पिता-पुत्र ने बुरी तरह पीटा दिया। पिटाई के दौरान एसएचओ की आंख में भी चोट आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना 26 अक्टूबर की रात बाटला हाउस इलाके में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसएचओ ने बुलेट बाइक सवार युवक को में तय मानक से ज्यादा शोर करने पर जांच के लिए रोका था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान पिता रियाजुद्दीन और बेटा आरिफ (24) पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि गत 26 अक्टूबर की रात करीब 8.45 बजे एसएचओ जामिया नगर नरपाल सिंह अपनी टीम के साथ इलाके में इलाके में गश्त के लिए निकले थे। गश्त करते हुए वह बटला हाउस पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक बुलेट बाइक तेज आवाज के साथ कब्रिस्तान चौक से जाकिर नगर मार्केट की ओर जा रही थी। नरपाल सिंह ने बाइक को जांचके लिए रोका और उसका निरीक्षण करने के लिए कहा। जांच में पाया गया कि बाइक का साइलेंसर अवैध रूप से संशोधित किया गया था, जिससे अनुमेय सीमा से अधिक शोर हो रहा था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कही। इसी दौरान उसने अपने पिता को फोन कर मौके पर बुला लिया। पिता-पुत्र जबरदस्ती पुलिसकर्मियों से बाइक छीनने का प्रयास करने लगे। बाइक नहीं छोड़ने पर आरोपियों ने पुलिस को धमकी देते हुए कहा कि बस यहीं पर इस मामले को शांत करो और इसे जाने दो, नहीं तो सब ठीक नहीं होगा। पिता-पुत्र ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आसिफ के पिता ने एसएचओ को पकड़ लिया और आसिफ ने उनकी आंख के पास मुक्का मारा, जिससे चोट आई। इसी दौरान आरोपियों ने कांस्टेबल रामकेश के साथ भी मारपीट की और उसे भी घायल कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य स्टाफ ने दोनों आरोपियों को पकड़ा और थाने ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## उपचार के लिए गई महिला के साथ डॉक्टर ने किया दुष्कर्म

**कूल्हे पर इंजेक्शन लगाकर किया सुन्न फिर की वारदात**

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :द्वारका डिस्ट्रिक्ट के बाबा हरिदास नगर इलाके में एक महिला सीने में दर्द होने पर इलाज के लिए अपनी सहेली के साथ एक आयुर्वेदिक डॉक्टर के पास गई। पीड़िता का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके कूल्हे पर दो इंजेक्शन लगाकर सुन्न कर दिया। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता, नजफगढ़ इलाके में परिवार के साथ रहती है। वह शादीशुदा है, लेकिन अपने पति और दो बच्चों से तीन साल से अलग रहती है। गत 24 अक्टूबर को सर्दी जुकाम होने की वजह से उसके सीने में दर्द होने लगा। वह उपचार के लिए अपनी सहेली के लिए एक आयुर्वेदिक डॉक्टर के पास गई। डॉक्टर ने उसे दवा दी और आराम न मिलने पर दोपहर में आने के लिए कहा। वह दोपहर करीब ढाई बजे फिर से डॉक्टर के पास गई। यहां पहले से दो महिलाएं बैठी थी। तबीयत के बारे में डॉक्टर ने पूछा और आराम ने लगने पर उसके कूल्हे पर दो इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगते ही उसका कूल्हा सुन्न हो गया, जिसके बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। वह वहां से सीधे अपनी सहेली के पास पहुंची। उसने सहेली को सारी बात बताई। सहेली ने उसे थाने में शिकायत करने के लिए कहा। वह वहां से थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



## 60 वर्षीय अधेड़ ने पांच वर्ष की मासूम से की घिनौनी हरकत

**इलाके के रहने वाले एक लड़के ने वीडियो में रिकॉर्ड की वारदात, आरोपी गिरफ्तार**



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के विवेक विहार इलाके में 60 वर्षीय अधेड़ ने पांच वर्षीय मासूम के साथ घिनौनी हरकत की। वारदात के वक्त मासूम पार्क में खेल रही थी। एक लड़के ने इसका वीडियो बनाकर मासूम के परिजनों को दिखा दी। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मासूम के पिता की शिकायत व वीडियो के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी अविवाहित है और अपने भतीजों के साथ विवेक विहार इलाके में रहता है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि विवेक विहार थाने में पांच वर्षीय मासूम के साथ यौन शोषण की पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पुलिस को शिकायतकर्ता मिला। उसने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि वह विवेक विहार इलाके में परिवार के साथ रहते हैं और नौकरी करते हैं। शुक्रवार को वह अपने ऑफिस से घर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके घर के पास मोहल्ले के काफी लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पूछने पर एक लड़के ने शिकायतकर्ता को एक वीडियो दिखाई। वीडियो देखकर शिकायतकर्ता के पैरों तले जमीन खिसक गई। वीडियो में उन्होंने देखा कि एक बुजुर्ग उनकी बेटी को गलत तरीके से टच कर रहा था। जांच में उन्हें पता चला कि आरोपी ने उस वक्त वारदात को अंजाम दिया जब वह पार्क में खेलने के लिए गई थी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया।

## फुटपाथ पर चल रहे मासूम की नाले में गिरने से मौत

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के गोकलपुरी इलाके में फुटपाथ पर चल रहे सात वर्षीय मासूम की नाले में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मासूम के नाले में गिरने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि गत 24 अक्टूबर को चमन पार्क, इंदिरा विहार दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने गोकलपुरी थाने मं अपने बेटे क लापता होने की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके बेटा गत 23 अक्टूबर शाम करीब छह बजे से लापता है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

## मैराथन के कारण मध्य दिल्ली में मंगलवार को यातायात रहेगा प्रभावित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर मंगलवार को मध्य दिल्ली में मैराथन के कारण यातायात प्रभावित रहेगा। एक परामर्श में यह जानकारी दी गई है। परामर्श के अनुसार, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू होने वाली 'रन फॉर यूनिटी" मैराथन में लगभग 7,700 लोग हिस्सा लेंगे।

परामर्श में कहा गया है कि वाहन चालकों को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस" के उत्सव के हिस्से के रूप में मंगलवार सुबह सात बजकर 40 मिनट पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम के गेट संख्या एक से 'रन फॉर यूनिटी" मैराथन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। इस मैराथन में करीब 7,700 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। परामर्श के मुताबिक, प्रतिभागी बस और कार से मैराथन स्थल पर पहुंचेंगे, इसलिए सुबह छह बजकर 45 मिनट से लेकर मैराथन के पूरा होने तक इंडिया गेट, सी-हेक्सागन की ओर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। परामर्श में बताया गया है कि मैराथन गेट संख्या एक से शुरू होगी और मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, सी-हेक्सागन, शाहजहां रोड के सामने से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा पर समाप्त होगी।

**दीपचंद बंधु अस्पताल में डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक की सर्जरी**

## सात घंटे चली सर्जरी, दिव्यांग होने से बचाया

**ववीता चौहान**

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दीपचंद बंधु अस्पताल में डॉक्टरों ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को दिव्यांग होने से बचा लिया। सड़क दुर्घटना में घुटनों को गंवा चुके युवक की करीब सात घंटे तक सर्जरी की गई। इसके बाद डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया। अब उम्मीद जताई जा रही है कि युवक फिर से कुछ दिनों में अपने पैरों पर चलने-फिरने लगेगा। इस सर्जरी के बाद मरीज और उसके परिवार में खुशी छाई हुई है। उन्होंने डॉक्टरों की मेहनत और जज्बे को सलाम भी किया।



दीपचंद बंधु अस्पताल में उपचाराधीन युवक।

दीपचंद बंधु अस्पताल में आर्थो डिपार्टमेंट के हेड डॉक्टर समीर मेहता ने बताया कि उनके पास एक 18 वर्षीय मरीज जो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। युवक के घुटनों में काफी चोट लग गई थी। यहां तक कि अधिकांश लिंगमेंट्स भी टूट गए थे। तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में ठीक होने के चांस काफी कम हो जाते है। लेकिन डॉक्टरों ने हिम्मत नहीं हारी और डॉक्टर मेहता के नेतृत्व में 7 घंटे की मैराथन सर्जरी की। डॉक्टरों ने पीसीएल और एसीएल लिगामेंट्स जैसी आर्थोस्कोपी तकनीक का उपयोग करके उनके सभी लिगामेंट्स का पुनर्निमाण किया। जिसके काफी अच्छे परिणाम भी देखने को मिले। सर्जरी को सफलता पूर्वक करने के बाद अब मरीज की हालत में सुधार बताया जा रहा है। डॉक्टरों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही वह चलने-फिरने लगेगा और अपने काम पर लौट सकेगा। डॉक्टरों की माने तो यह काफी चुनौतीपूर्ण सर्जरी थी। ऐसी सर्जरी में काफी रिस्क भी रहता है। लेकिन मरीज के भाग्य और डॉक्टरों की मेहनत से यह सर्जरी पूरी तरह सफल साबित हुई। मरीज के तीमारदारों ने डॉक्टरों की टीम का शुक्रिया अदा किया है।

## कार से तेल लीकेज की बात कहकर डैशबोर्ड से उड़ाया फोन, तीन अरेस्ट




**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के पटपड़गंज औद्योगिक थाना पुलिस ने ठक-ठक गिरोह के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वसीम, रहीश व शोएब के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से बाइक व मोबाइल बरामद किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी वसीम सब्जी बेचने का काम करता है और अन्य दोनों आरोपी दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। आरोपी शोएब पर छह मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता सुधीर ने ठक-ठक गिरोह के बदमाशों द्वारा मोबाइल फोन चोरी करने की शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने बताया कि गुरुवार रात वह अपने एक रिश्तेदार को घर ले जाने के लिए कार से आईएसबीटी आनंद विहार जा रहे थे। जैसे ही वह आनंद विहार बस अड्डे के गेट नंबर-2 के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें कार लीकेज की बात बताई। वह जांच के लिए नीचे उतरे और बाद में वह कार में वापस लौट गए। उन्होंने देखा कि उनकी कार के डैशबोर्ड में रखा मोबाइल फोन गायब था और तीनों लड़के भी फरार थे।

## त्योहार पर बाजार में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर कालिंदी कुंज थाना एक्टिव

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में 20 अक्टूबर को हुए धमाके के बाद राजधानी के बड़े बाजारों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासकर दिवाली के त्योहार को देखते हुए बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी के मध्यनजर साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने जलेबी चौक बाजार, मदनपुर खादर में पैदल गश्त किया। इसके साथ ही बाजार में पुलिस गश्त के लिए पुलिसकर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही मार्केट एसोसिएशन के साथ मीटिंग की। पुलिस ने लोगों से अपील भी की। अगर आपको कोई संदिग्ध वस्तु नजर आती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। पुलिस की आंख, नाक व कान बने। ताकि हर अनहोनी को टाला जाए।



मार्केट में एंट्री पॉइंट से लेकर बाजार के अंदर तक कई कैमरे लगे हुए हैं। इसके बाद संबंधित व्यक्ति से तुरंत पूछताछ की जाती है। बाजार में हर एंट्री पॉइंट पर सुरक्षा गार्ड व दिल्ली पुलिस के जवान मौजूद हैं। जो लोगों और उनके सामान की पूरी जांच के बाद उन्हें अंदर जाने दे रहे हैं। इसके अलावा पुलिस का भी बाजार के अंदर हर जगह पर तैनात रहना यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि तुरंत पकड़ी जाए। पुलिस कैमरों की मदद से बाजार में हो रहीं गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

पुलिस के साथ ही सुरक्षा गार्डों की बड़ी टीम पूरे बाजार में गश्त कर रही है, ताकि कोई भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति तुरंत पकड़ा जा सके। दिवाली के समय बाजारों में सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

## दिल्ली की हलचल

### राजौरी गार्डन में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन में लायंस क्लब के सहयोग से हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया, जिसका संगत ने भरपूर लाभ उठाया। साथ ही प्राथमिक चिकित्सों द्वारा बीमारियों के इलाज के लिए सेमिनार भी लगाया गया। जिसमें बताया कि नेचुरोपैथी के द्वारा सभी तरह की बीमारियों का इलाज संभव है। गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह, महासचिव मनजीत सिंह खन्ना, कोषाध्यक्ष प्रीत प्रताम सिंह विक्की, उपाध्यक्ष बीबी परमिंदर कौर, सचिव परमिंदर सिंह, सिख यूथ फाउंडेशन के मुखी हरनीक सिंह, अजीत सिंह मोंगा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर मौजूद रहे। गुरुद्वारा साहिब में चल रही डिस्पेंसरी के चेयरमैन राजा बख्शी ने बताया कि इस तरह के कैंप समय-समय पर लगाए जाते हैं जिसमें संगत की हेल्थ की जांच की जाती है।

### गुरुद्वारा हरगोबिंद सर से निकाला नगर कीर्तन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरुद्वारा हरगोबिंद सर, जीटी करनाल रोड से रविवार सुबह बंदी छोड़ दिवस के उपलक्ष्य में यात्रा रूपी नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का मुख्य मार्ग गुरुद्वारा हरगोबिंद सर से गुरुद्वारा मजनू का टीला, गुरुद्वारा शीशगंज, गुरुद्वारा माता सुंदरी, गुरुद्वारा रकाबगंज से होते हुए गुरुद्वारा छोटे साहिबजादे फतेह नगर से पुनः गुरुद्वारा हरगोबिंद सर में समपन हुआ। यात्रा का मुख्य मकसद गुरु का इतिहास बताना था। यात्रा के मुख्य आयोजक बाबा हरपाल सिंह, सरदार नारायण सिंह और बबेक सिंह माटा रहे। नगर कीर्तन के दौरान करीब 40 से 50 गाड़ियां शामिल रहीं। नगर कीर्तन गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी साहिब पांच प्यारों की अगुवाई में निकाली गईं। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में संगत मौजूद रहीं। बाबा हरपाल सिंह ने बताया कि यह यात्रा रूपी नगर कीर्तन हर वर्ष बंदी छोड़ दिवस पर निकाला जाएगा। दरअसल मुगल शासक जहांगीर ने ग्वालियर के किले में 52 हिंदू राजाओं को कैद कर रखा था, जिसे गुरु हरगोबिंद साहिब द्वारा मुक्त करवाया गया। जिसके बाद दिवाली वाले दिन ही गुरु साहिब का आगमन अमृतसर में हुआ था। इसी खुशी में आतिशबाजी के साथ-साथ युद्ध कौशल दिखाया गया था। पूरे शहर को दीयों की रोशनी से जगमग कर दिया गया था। इसके बाद से ही बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मान्यता यह है कि इस गुरुद्वारे में गुरु हरगोबिंद जी का चरण पड़ा था। साथ ही यहां पर दिल्ली फतेह के दौरान बाबा बघेल सिंह भी रुके थे।

### नशा, एआई पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): स्मृति सप्ताह समारोह के अवसर पर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। वाद-विवाद नशीली दवाओं के दुरुपयोग, इसकी रोकथाम और पुलिस की भूमिका का महत्व। पुलिस में एआई का उपयोग, इसके फायदेमंद व चुनौतियां तथा क्या आधुनिक चुनौतियों का मुकाबला करने में पुलिस के पास प्रशिक्षण प्राप्त है आदि विषयों पर की गई। एक सप्ताह चली इस प्रतियोगिता में के अंतिम दौर में दह उम्मीदवारों को चुना गया। प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी में एक डीसीपी और तीन एसीपी शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि स्पेशल सीपी गरीमा भटनागर, एडिशनल सीपी नूपुर प्रसाद, डीपीए के डायरेक्टर मोहम्मद अली ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार एसआई हेमलता शर्मा, द्वितीय पुरस्कार कांस्टेबल कुंदन सिंह और तृतीय पुरस्कार एचसी मुकेश शर्मा को दिया गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार मनीष कुमार, यशवर्धन, एचसी हितेश कुमार को दिया गया। इसके अलावा विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 30 हजार 25 हजार और 15 हजार का नकद पुरस्कार और 3 सांत्वना पुरस्कारों के रूप में प्रत्येक को पांच हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस कार्यक्रम में 150 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

### मन की बात कार्यक्रम को सराहा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 115वें एपिसोड का आयोजन मॉडल टाउन के संगम पार्क में एलईडी स्क्रीन लगाकर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व बिहार से विधान परिषद सदस्य संजय मयूख थे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा की प्रवक्ता अनुजा कपूर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुजा कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम से जो जानकारी देशवासियों को मिल रही है उससे देश व समाज को बहुत प्रमुख जानकारियां मिल रही हैं। इस अवसर पर संजय मयूख ने कार्यक्रम में आए उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात को आप सबने सुना है। प्रधानमंत्री ने देश की उन महान विभूतियों के बारे में बताया जिनके बारे में जानकर हम सब गौरवान्वित हुये हैं। कार्यक्रम में मॉडल टाउन विधानसभा प्रभारी केशव उर्मिल, निगम पार्षद सुशील जोंटी, वीरपाल मंडल अध्यक्ष सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रिक बस में लगी आग, दो यात्री झुलसे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में चलती बसों में आग लगने की घटनाएं आम होती जा रही है। रविवार शाम को भी आजादपुर से धौला कुआं जा रही एक डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस में अचानक आग लग गई। घटना में दो यात्री झुलस गए। आनन-फानन में घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेज दिया गया। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


पंजाब केसरी क्लासीफाइड

**पोल्ट्री**

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (28.10.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 545/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है। 1250396

**नाम परिवर्तन**

I, hitherto known as Laxmi John D/o Chhote Lal John R/o H.No.93, Kh.No.56-11-12, Street No.-17, Baprola, Nangloi Road, E-Block, Jai Vihar, Phase-I, ND-43, have changed my name & shall hereafter be known as Laxmi. 1260742

I, Riyazuddin S/o Inamuddin R/o 8894, Naya Mohalla, Pul Bangash, Azad Market, Delhi-110006, have changed my name to Riazuddin. 1260741

I, Sunderpal S/o Dharam Vir R/o 159 Near Bus Stand Shikar Pur, New Delhi-110043, have changed my minor son's name from Sr Raj Ratan to Raj Ratan. 7000001

**नाम परिवर्तन**

I, Rukhsar Khan Mehboob Khan Pathan W/o Mohd Sajid R/o 8973, 2nd Floor, Gali Brush Wali Naya Mohalla, Delhi-110006, have changed my name to Rukhsar Mehboob Khan. 1260740

I, Vimla Das W/o Uday Kumar Das R/o AC-3A, Shalimar Bagh, Delhi-110088, have changed my name to Bimla Bando for all purposes. 1260739

I, Suresh Dhawan R/o H.No. 221, pocket-8, sec-22, Rohini, Delhi-86, confirm that name of mine & my wife's wrongly written as Suresh & Hema in my son Vansh Dhawan school records, actual name of mine & my wife's are Suresh Dhawan & Hema Dhawan for all future purposes. 7000002

I, Manvesh S/o Santram R/o B-7/65, Second Floor, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Manvesh Kumar for all purposes. 1260738

**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# वर्ली में आदित्य ठाकरे के सामने मिलिंद देवड़ा




**मुंबई,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना (शिंदे गुट) ने 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं। वर्ली से मिलिंद देवड़ा को उम्मीदवार बनाया गया है। वर्ली से उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में आदित्य ठाकरे वर्ली सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे। कुडाल से निलेश राणे शिंदे गुट के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। कुडाल में राणे का मुकाबला ठाकरे गुट के विधायक वैभव नाइक से होगा। मुरजी पटेल को अंधेरी ईस्ट से उम्मीदवार घोषित किया गया है। भावना गवली को रिसोड़ से उम्मीदवार घोषित किया गया है। पुरंदर से विजय शिवतारे को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कांग्रेस के 14 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। अंधेरी वेस्ट से सचिन सावंत की जगह अशोक जाधव को

● **अंधेरी वेस्ट से सचिन सावंत की जगह अशोक जाधव को टिकट दिया गया**

टिकट दिया गया है। सचिन सावंत ने रविवार सुबह इस सीट पर उम्मीदवारी नहीं मिलने के कारण नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि किसी लोकल व्यक्ति को टिकट देना चाहिए।

इससे पहले कांग्रेस ने शनिवार रात तीसरी लिस्ट जारी की थी। इसमें 16 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया। शनिवार सुबह कांग्रेस ने दूसरी लिस्ट जारी की थी, जिसमें 23 नाम थे। पार्टी ने पहली लिस्ट में 48 नामों का ऐलान किया था। कांग्रेस की जारी चारों लिस्ट में अब तक 102 कैंडिडेट्स का ऐलान हो चुका है।

## राकांपा (एसपी) ने तीसरी सूची की घोषणा की, स्वरा भास्कर के पति को टिकट मिला

शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची में नौ उम्मीदवारों की घोषणा की जिनमें अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद का नाम भी शामिल है।

अहमद समाजवादी पार्टी की युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष थे, लेकिन वह राकांपा (एसपी) में शामिल हो गए जिसने उन्हें तुरंत यहां अणुशक्ति नगर सीट से मैदान में उतार दिया। उनका मुकाबला अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा की सना मलिक से होगा जो पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी हैं।

मलिक पर भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की बहन की मदद से यहां कुर्ला में एक संपत्ति हड़पने का आरोप है। नौ नामों की घोषणा राकांपा (एसपी) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने की। इसके साथ ही पार्टी 76 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इसने 11 महिलाओं को टिकट दिया है।

शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने वाशिम जिले की कारंजा सीट से दिवंगत भाजपा विधायक राजेंद्र पाटणी के बेटे ज्ञायक पाटणी को मैदान में उतारा है। 2014 और 2019 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर जीतने वाले राजेंद्र पाटणी का इसी साल फरवरी में निधन हो गया था। हालाँकि, उनके बेटे ने राकांपा (एसपी) में शामिल होने का फैसला किया। पार्टी द्वारा घोषित अन्य उम्मीदवारों में हिंगणघाट (वर्धा) से अतुल वांडिले, हिंगणा (नागपुर) से रमेश बंग, चिंचवड से राहुल कलाटे को उम्मीदवार बनाया है।

## भाजपा महाराष्ट्र में अकेले नहीं जीत सकती : फडणवीस

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य का आगामी विधानसभा चुनाव अकेले नहीं जीत सकती, लेकिन चुनाव के बाद वह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी।

फडणवीस ने एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में कहा कि जमीनी हकीकत को लेकर व्यावहारिक होना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन के घटक दल भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) एकजुट होकर चुनाव लड़ सकते हैं और जीत सकते हैं।

उन्होंने कहा, ''भाजपा राज्य (विधानसभा चुनाव) अकेले नहीं जीत सकती, लेकिन यह भी सच है कि हमारे पास सबसे ज्यादा सीट और सबसे ज्यादा मत प्रतिशत है। चुनाव के बाद भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी।

# महिला एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए रेलवे एवं बाल विकास मंत्रालय की अनोखी पहल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : देश भर में रेलवे परिसरों में पाए जाने वाले कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से 25 अक्टूबर को को नई दिल्ली में रेल भवन में एक अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है। यह व्यापक एसओपी भारतीय रेलवे के संपर्क में आने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए एक मजबूत रूपरेखा की रूपरेखा तैयार करता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि वह महिलाओं और बच्चों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और तस्करी मुक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे की सभी पहलों को निधि देने के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जरूरतमंद बच्चों के लिए उपलब्ध सहायता नेटवर्क को मजबूत करते हुए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर चाइल्ड हेल्प डेस्क (सीएचडी) के विस्तार की घोषणा की।

### आरपीएफ ने पिछले पांच वर्षों में 57,564 बच्चों को तस्करी से बचाया

आरपीएफ ने पिछले पांच वर्षों में 57,564 बच्चों को तस्करी से बचाया है। इनमें से 18,172 लड़कियां थीं। इसके अलावा आरपीएफ ने यह भी सुनिश्चित किया कि इनमें से 80 प्रतिशत बच्चे अपने परिवारों से मिल जाएं। 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते'' के तहत, आरपीएफ ने पूरे रेलवे नेटवर्क में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई केंद्रित पहल शुरू की हैं। बाल तस्करी की निरंतर चुनौती को पहचानते हुए, आरपीएफ के ''ऑपरेशन एएएचटी' ने 2022 से 2,300 से अधिक बच्चों को बचाने और 674 तस्करों को पकड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### ऑपरेशन मेरी सहेली से महिला की सुरक्षा

रेलवे ट्रेनों में यात्रा करने वाली अकेली महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मेरी सहेली चला रहा है। मानव तस्करी विरोधी गतिविधियों में आरपीएफ के योगदान की सराहना करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव ने कहा कि हमारा मंत्रालय महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी परियोजनाओं पर धन खर्च करने के लिए तैयार है। भारत सरकार ने देश में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पहलों के कार्यान्वयन के लिए 'निर्भया फंड' नामक एक समर्पित कोष की स्थापना की थी। महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए देशभर के स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे और फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाने के लिए निर्भया फंड से धन दिया जा सकता है।

# हिमाचल के मंडी में कार खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत

**मंडी,** (पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश में बरोट-घटादानी लिंक रोड पर एक कार के खाई में गिर जाने से 15 वर्षीय किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गंगा सिंह (27), सागर (15), करम सिंह (33), गुलाब सिंह (33) और राजेश कुमार (23) के रूप में हुई है। ये सभी मंडी जिले के पधर तहसील के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे बरोट-घटादानी लिंक रोड पर हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे।

पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने रविवार सुबह दुर्घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची

● **पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में जा गिरा**

और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंडी जिले की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 और 281 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो जाने पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिवारों को तत्काल राहत के रूप में 25-25 हजार रुपये दिये हैं।

# पहला सी-295 विमान वडोदरा संयंत्र में होगा तैयार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमानों के लिए एक विनिर्माण इकाई के उद्घाटन से पहले, आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि भारत में बनने वाले 40 सी-295 सैन्य विमानों में से पहला विमान सितंबर 2026 में बनकर तैयार होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज सोमवार को सी-295 विमान के निर्माण के लिए वडोदरा संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इन विमानों का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2022 में वडोदरा में सी-295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) संयंत्र की आधारशिला रखी थी। रक्षा मंत्रालय ने सितंबर 2021 में 56 विमानों की आपूर्ति के लिए स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसए के साथ 21,935 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन 56 विमानों में से 40 का निर्माण भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स करेगी। सूत्र ने कहा, भारत में बनने वाले 40 विमानों में से पहला सी-295 विमान सितंबर 2026 में वडोदरा संयंत्र में तैयार हो जाएगा। बाकी 39 विमान अगस्त 2031 तक तैयार कर लिए जाएंगे। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज 28 से 30 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह सोमवार को वडोदरा स्थित संयंत्र का दौरा करेंगे।



● **पीएम मोदी और स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज आज वडोदरा संयंत्र का करेंगे उद्घाटन**

## सी-295 परियोजना देश के निजी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सी-295 के देश में निर्माण को एक निजी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के वडोदरा में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स का उद्घाटन करेंगे, जिसमें सी-295 विमानों का निर्माण होगा। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सी-295 परियोजना भारतीय निजी उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें एक निजी कंपनी द्वारा देश में एक पूर्ण सैन्य विमान का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना भारत के बढ़ते एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा बढ़ावा देगी। उन्होंने आगे बताया कि वह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वडोदरा रवाना हो रहे हैं। सी-295 कार्यक्रम के तहत 56 विमानों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 16 विमान सीधे एयरबस द्वारा स्पेन भेजे जाएंगे और शेष 40 का उत्पादन भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) में किया जाएगा। पीएम मोदी ने टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स की आधारशिला अक्टूबर 2022 में रखी थी।

# जम्मू: ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू में रविवार शाम को एक मोटरसाइकिल और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरोटा क्षेत्र के पंजगरियां के पास हुई। उसने बताया कि मोटरसाइकिल के ट्रक से टकराने के बाद तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को पोस्टमॉर्टम और पहचान के लिए यहां राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-194 | दिनांकः 24.10.2024

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम :** झाँसी-परौना – हैवी रिपेयर टू हाइट गेज एट आरयूबी 1128/1, एलएचएस-125,152 एंड अदर लोकेशन इन झाँसी परौना सेक्शन – अंडर एडीईएन / एचक्यू-I / झाँसी सब डिवीज़न। | |
| **अनुमानित लागत (रू):** ₹ 8132465.50 | **अमानत राशिः** ₹ 162700.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि: 18.11.2024 at 15:00 hrs.** | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह | |

निविदा **दिनांक 18.11.2024 को 15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेंगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1868/24 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं0 : 10820242025 | दिनांक : 24.10.2024

**ई-टेण्डेरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई निविदा सूचना सं0 : 1082024205-234 GEM/2024/B/5543786 Dated-24.10.2024** | |
| **कार्य का नाम :** कुंभ मेला-2025 के दौरान 05 महीने के लिए सिटी साइड प्रयागराज में जी+5 बिल्डिंग में नए अधिकारी विश्राम गृह (03 मंजिल) की हाउसकीपिंग और संचालन। | |
| **अनुमानित लागत (रू में) : Rs. 66,50,569.00** | **अमानत राशि (रू में) : Rs. 1,33,010.00** |
| **निविदा बंद होने की तिथि : 14.11.2024 को 20:30 बजे** | |
| **कार्य समापन की अवधि : 05 माह** | **कार्य की प्रकृति : गृह व्यवस्था या सफाई का कोई भी कार्य।** |
| **नोट :** (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए वेबसाइट www.Gem.gov.in पर देखें। | |

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं0 (01 नवम्बर 2024 से प्रभावी) **1800 4199 139** **1870/24 (C)**

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## मुथलापोझी बंदरगाह का 177 करोड़ से होगा विकास

**तिरुवनंतपुरम,** (पंजाब केसरी): केंद्र ने केरल के मुथलापोझी में मछली पकड़ने के बंदरगाह के व्यापक विकास के लिए मंजूरी दे दी है। मुथलापोझी एक तटीय बस्ती है जो हाल में मछली पकड़ने वाली विभिन्न नौका दुर्घटनाओं के लिए चर्चा में रहा है।

पेरुमथुरा में मुथलापोझी वह स्थान है जहां वामनपुरम नदी और कादिनामकुलम झील अरब सागर से मिलती हैं। समुद्र में जाते समय तथा तट पर लौटते समय कई मछुआरों की इन क्षेत्रों में मौत हो चुकी है। केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने रविवार को यहां केंद्र के फैसले की घोषणा की।

# घुसपैठियों के खिलाफ अन्य राज्य भी एकजुट हों: हिमंत

**दिसपुर,** (पंजाब केसरी): असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा रविवार को घुसपैठियों की बढ़ती आमद पर सख्त दिखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब तक जितने भी घुसपैठिये चिन्हित किए गए हैं, उसमें कोई भी हिंदू नहीं है। उन्होंने अन्य राज्यों की सरकारों से भी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, "पिछले दो महीने से हम लोग राज्य में कई घुसपैठियों को पकड़ रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल

● **घुसपैठिए तमाम प्रयासों के बावजूद हमारे देश की सीमा में दाखिल हो रहे हैं**

द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद कुछ लोग हमारे देश की सीमा में दाखिल हो रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस स्थिति में राज्य सरकार की भूमिका अहम हो जाती है। यही नहीं, असम के अलावा त्रिपुरा में भी घुसपैठियों को चिन्हित किया जा चुका है।

# कांग्रेस ने प्रकृति संरक्षण सूचकांक में भारत की रैंकिंग को लेकर सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस ने रविवार को प्रकृति संरक्षण सूचकांक में 180 देशों की सूची में भारत के कथित तौर पर 176वें स्थान पर रहने को लेकर मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और पूछा कि क्या इस सूचकांक के सह-विकासकर्ता इजराइल के बेन गुरियन विश्वविद्यालय की प्रमाणिकता पर भी सवाल उठाया जाना चाहिए।

केंद्र सरकार की ओर से कथित रैंकिंग पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई है। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, ''जब

● **केंद्र सरकार की ओर से कथित रैंकिंग पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई है**

भी भारत किसी वैश्विक सूचकांक या अन्य चीजों में बहुत नीचे की रैंक प्राप्त करता है, तो प्रधानमंत्री के नाम का ढोल बजाने वालों और जय-जयकार करने वालों की तत्काल प्रतिक्रिया सूचकांक पर हमला करने की होती है और इसे एजेंडा चलाने वाले गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा देश को बदनाम करने की साजिश करार दिया जाता है।'' उन्होंने पूछा कि हाल ही में जारी प्रकृति संरक्षण सूचकांक पर क्या प्रतिक्रिया होगी जिसमें भारत 180 देशों में से 176वें स्थान पर है। रमेश ने कहा, ''इस सूचकांक का सह-विकासकर्ता इजराइल का बेन गुरियन विश्वविद्यालय है।


**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर, जनपद-गाजियाबाद।**

पत्रांकः/24/सार्वजनिक सूचना/न.पा.प.ओ./2024 — दिनांक 26 अक्तूबर 2024

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

मा. हरित न्यायाधिकरण के विभिन्न आदेशों के अनुपालन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में दिये गये प्रावधानों के अनुपालन हेतु तथा मा.मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ.प्र. की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत वायु प्रदूषण के नियंत्रण के सम्बन्ध में दिनांकः 25 अक्तूबर 2024 को आहूत में दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर, गाजियाबाद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि-

1- भवन निर्माण सामग्री एवं भवन निर्माण अवशेष को सड़क अथवा उसके किनारे ना डालें।
2- ठोस अपशिष्ट (कूड़ा/कचरा) को सड़क अथवा उसके किनारे न तो फेंकें और ना ही जलायें।
3- निर्मित होने वाले भवनों और भवन निर्माण सामग्री को ढक कर रखें।
4- भवन निर्माण सामग्री एवं भवन ध्वस्तीकरण अवशेषों का परिवहन उनको ढक कर करें।
5 फसलों के अवशेष को न जलायें।
6- निर्माणाधीन साइटों से धूल एवं निर्माण सामग्री न उड़े और वायु प्रदूषण न हो। इसके लिए आवश्यक उपाय करें।
7 ठोस अपशिष्ट (कूड़ा/कचरा) का परिवहन ढक कर करें।

उपरोक्त अनुपालन न किये जाने एवं ऐसा करते हुए पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध निकाय में प्रभावी उपविधि, नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं सम्बन्धित शासनादेशों में किये गये प्रावधानों के अनुसार दंड एवं जुर्माने अथवा दोनों कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 की धारा 15 व 18 में किये गये प्रावधानों के अनुसार भवन निर्माण सामग्री के अवशेष सड़क के किनारे/सड़क पर रखे जाने पर रु. 50.000/- (पचास हजार रुपए) एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट (कूड़ा/कचरा) को सड़क अथवा उसके किनारे फेंकने अथवा जलाने के लिए अंकन 6,000/- (पांच हजार रुपए) का आर्थिक दण्ड दोषी के विरुद्ध आरोपित किया जाएगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

हस्ता./-(दिव्यकांत अग्रवाल) स./ख.निरीक्षक — हस्ता./-(अभिषेक अग्रवाल) अधिशासी अधिकारी — हस्ता./-(मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष

**पत्रांक : 25 दिनांक : 26.10.2024**


## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for **28** October, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer | premastrologer | premastrologer | askpremastrologer




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) बाहरी गतिविधियों में शामिल होना थकाऊ होगा। हाथ में बिना पैसा आए उस पर भरोसा न करें। जिस किसी काम में लगे हैं सफलता निश्चित है। मान सम्मान या पुरस्कार मिलने की संभावना है। **लकी नंबर : 2, लकी कलर : येलो**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) स्वास्थ्य के मामले में अति से बचना जरुरी है। किसी से वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में बॉस की अनुपस्थिति का आनंद लेंगे। कजन्स के साथ वक्त बिताने का मौका मिलेगा। **लकी नंबर : 8, लकी कलर : ग्रीन**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) परिवार के साथ एक पिकनिक की संभावना है। दिनचर्या में व्यायाम शामिल करना कठिन होगा। कोई बहुमूल्य सामान छूटने या खोने के संकेत हैं। गृहणियाँ घर के इंटिरियर को बदल पायेंगी। **लकी नंबर : 7, लकी कलर : ग्रे**

**कर्क CANCER** (22 जून - 22 जुलाई) मानसिक तनाव से बचने के उपाय पर ध्यान दें। स्टॉक में खेलने वालों दिन अच्छा नहीं रहेगा। सीनियर्स द्वारा आपके काम की प्रशंसा होगी। फैमिली मेंबर्स के पर्सनल स्पेस का ख्याल रखें। **लकी नंबर : 22, लकी कलर :पर्पल**

**सिंह LEO** (23 जुलाई-23 अगस्त) फिटनेस रूटीन में बदलाव लाएं, बोरियत से बचेंगे। पूल खेलने वालों को जैकपॉट मिल सकता है। घर में किसी की उपलब्धि का जश्न मना सकते हैं आप में से कुछ लंबी यात्रा प्लान कर सकते हैं। **लकी नंबर : 18, लकी कलर : ब्लू**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) लंबे समय से बीमार लोगों को राहत मिलेगी। गाड़ी खरीदने के लिए लोन पास हो जाएगा। बोनस या इंक्रिमेंट की उम्मीद पूरी हो सकती है। बच्चे आज बहुत ख़ुशी का कारण बनेंगे। किसी जटिल मुद्दे को संभालना पड़ सकता है। **लकी नंबर : 17, लकी कलर : मैजेंटा**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) खाने पीने में अपने लिमिट का ध्यान रखना होगा। पेंडिंग काम को पूरा करने के लिए अच्छा दिन है। परिवार का युवा व्यवसाय को आगे बढ़ा सकता है। आपको सजग रहने की जरुरत है। **लकी नंबर : 6, लकी कलर : क्रीम**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर- 22 नवंबर) तनावपूर्ण स्थिति मानसिक कष्टदे सकती है। यह निवेश करने का सबसे अच्छा समय है। वर्कप्लेस पर अनूकल माहौल मिलने वाला है। सोलमेट को आपसे कुछ अपेक्षायें रहेंगी। **लकी नंबर : 3, लकी कलर : मैरून**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर -21 दिसंबर) अपनी गलतियों के कारण बीमार हो सकते हैं। अनावश्यक चीजों पर खर्च करना बजट बिगाड़ेगा। आपकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। आपके पास परिवार के लिए कम समयहोगा। **लकी नंबर :9, लकी कलर : रेड**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर- 21 जनवरी) लॉस से बचने के लिए, मार्केट को समझना होगा। घरेलू कामों को पूरा करने के लिए ऊर्जा जुटाना होगा। अच्छे से किए गए काम से मिली बढ़त का पूरा लाभ उठाएं। **लकी नंबर : 4, लकी कलर : व्हाइट**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) मन को हल्का करने का तरीका सीखना होगा। फाइनेंशियल मैटर्स में लापरवाही होने के संकेत हैं। नई साझेदारी व्यवसाय को ऊँचाई पर ले जाएगी। सामाजिक क्षेत्र में कोई जिम्मेदारी निभानी होगी। आज पार्टनर को दिल की बात बता सकते हैं। **लकी नंबर :5, लकी कलर : पीच**

**मीन PISCES** (20 फरवरी - 20 मार्च) मानसिक तनाव को ध्यान के माध्यम से दूर करेंगे। फालतू खर्च पर अंकुश लगाएं, सेविंग बढ़ा सकते हैं। प्रोफेशनल फ्रंट पर बड़ी प्रगति करने के लिए तैयार हैं। घरेलू मामले में अपने ऊपर नियंत्रण रखना होगा। **लकी नंबर : 11, लकी कलर : सैफ्रॉन**

# मान ने आप की पंजाब इकाई के प्रमुख का पद छोड़ने की इच्छा जताई



होशियारपुर, (पंजाब केसरी) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि वह पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए आप नेतृत्व से बात करेंगे। भगवंत मान ने इस पद से इस्तीफा देने की इच्छा भी व्यक्त की। चब्बेवाल में एक रैली को संबोधित करने के बाद मान ने कहा कि वह सात साल से पंजाब में पार्टी के अध्यक्ष पद पर हैं।

रैली के बाद उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, ''मुख्यमंत्री होने के नाते मेरे पास बड़ी जिम्मेदारियां हैं। मेरे पास 13-14 विभाग हैं। मैं पूर्णकालिक प्रदेश इकाई प्रमुख की नियुक्ति के लिए पार्टी से बात करूंगा ताकि जिम्मेदारियों का बंटवारा किया जा सके। मान को 2017 में आप की पंजाब इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उस समय वह संगरूर से सांसद थे। मान ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य महिलाओं को हर महीने 1,100 रुपये उपलब्ध कराना है। चब्बेवाल में सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माताएं और बहनें केवल आम आदमी पार्टी की रैलियों में इसलिए आती हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आप सरकार उनकी जरूरतों का ख्याल रखती है। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य महिलाओं को हर महीने 1,100 रुपये उपलब्ध कराना है। आप ने वादा किया था कि अगर वह सत्ता में आई तो हर महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इस साल मई में मान ने कहा था कि उनकी सरकार महिलाओं को 1,000 रुपये की जगह 1,100 रुपये देगी।

## पटाखे की दुकान में लगी आग, कई घायल



**हैदराबाद,** (पंजाब केसरी): हैदराबाद के अबिड्स में पटाखे की एक दुकान में आग लग जाने से कई लोग झुलस गए। दुकान के पास खड़ी 7-8 गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि आग उस समय लगी जब दुकान में पटाखे रखे जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि एक महिला का हाथ मामूली रूप से झुलस गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में दुकान से आग की लपटें निकलती और पटाखे फूटते दिखे, जबकि लोग दुकान से बाहर भागते नजर आए। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# मनरेगा में रोजगार में 10 वर्षों में हुई 76% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। महात्मा गांधी नरेगा से वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त 2024-25 (अब तक) के बीच 2,923 करोड़ मानव दिवस के ग्रामीण रोजगार का सृजन हुआ है। यह जानकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से रविवार को दी गई।

सरकारी डेटा के मुताबिक, बीते एक दशक में महात्मा गांधी नरेगा से ग्रामीण रोजगार में 76 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2013-14 में इस योजना के तहत 1,660 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ था।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) का उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे ऐसे प्रत्येक परिवार, जिसके 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सदस्य, अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हों, उन्हें 100 दिन के रोजगार की गारंटी प्रदान करता है।



- इस योजना के तहत 1,660 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ था

महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के तहत श्रमिकों को मजदूरी भुगतान उनके खातों में किया जाता है। मजदूरों को मजदूरी भुगतान उनके आधार नंबर से जुड़े बैंक खाते में होता है। महात्मा गांधी नरेगा में आधार आधारित भुगतान (एबीपीएस) का प्रमुख लाभ मजदूरों द्वारा बैंक खातों को बार-बार बदलने के कारण भुगतान प्रक्रिया में होने वाले रिजेक्शन को कम करता है।

## मनरेगा मांग आधारित योजना, पंजीकरण लक्ष्य तय करना संभव नहीं : सरकार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ग्रामीण विकास मंत्रालय ने रविवार को उन रिपोर्ट को खारिज कर दिया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पंजीकरण घट रहा है। मंत्रालय ने कहा कि मांग आधारित इस योजना में कुल पंजीकरण के लिए लक्ष्य तय करना संभव नहीं है, क्योंकि वित्तीय वर्ष अभी जारी है। मनरेगा के कार्यान्वयन पर 'लिबटेक इंडिया'' की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस योजना के तहत सक्रिय श्रमिकों की संख्या में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुल 39 लाख श्रमिकों को हटाया गया है, जिससे गलत तरीके से हटाए जाने के संबंध में चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस योजना के तहत 84.8 लाख श्रमिकों के नाम हटा दिए गए, जबकि केवल 45.4 लाख श्रमिकों के नाम जोड़े गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''चूंकि, मनरेगा एक मांग आधारित योजना है और वर्तमान वित्तीय वर्ष अभी चल रहा है, इसलिए मानव दिवस सृजन का सटीक लक्ष्य तय करना संभव नहीं है। हालांकि, राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश स्थानीय जरूरतों के अनुसार श्रम बजट संशोधन के लिए प्रस्ताव भेज सकते हैं।'' ''इसमें कहा गया है, ''यह ध्यान देने योग्य है कि वित्तीय वर्ष 2006-07 से लेकर वित्तीय वर्ष 2013-14 तक कुल 1660 करोड़ मानव दिवस सृजित (कार्यक्रम के तहत पंजीकृत व्यक्ति द्वारा एक वित्तीय वर्ष में पूरे किए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या) किए गए थे, जबकि वित्तीय वर्ष 2014-15 से लेकर मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 2923 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए हैं।''

अर्थजगत

# जिंस बाजार में सरसों और मूंगफली तेल में उबाल

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): विदेशी बाजारों की तेजी के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल 807 रुपये प्रति क्विंटल तक उबल गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 313 रिंगिट उबलकर 4630 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.4 सेंट की तेजी के साथ 43.93 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 807 रुपये और मूंगफली तेल 733 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16923 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 14358 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15018 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12454 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 7550-7650, दाल चना 8550-8650, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई दलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम। 4250-4350, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4800-4900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### कल क्या होगा?



नई दिल्ली, (एनएनएस) मंगलवार कार्तिक बदी द्वादशी को मटर, मसूर, उड़द, मलका, तुअर, गेहूं, जौ, जई, ग्वार, ग्वार गम, तिल, देशी चना, राजमा चित्रा, चीनी, मोठ, लौंग, अमचूर, मखाना, हल्दी, जीरा, कालीमिर्च, रीठा, टिटेनियम डाइऑक्साइड, धनिया, अजवायन, कलौंजी, चिरौंजी, जाविंत्री, गुड़, पारा, सीसा, निकिल, कॉपर, सोयाबीन, सरसों, बिनौला एवं इनके तेल, अरंडी तेल में लाभ तथा बासमती चावल, काबुली चना, मक्की, जावित्री, जायफल, पोस्तदाना, मगज तरबूज, किशमिश, राई, इमली, दालचीनी, कपास, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, टिन, निकिल, कॉपर, पीतल में हानि हो सकती है। भाग्यांक 2-4-6-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 8.29 बजे प्रात: के बाद यात्रा शुभ होगी।






# बरेली में बच्ची की हत्या, ताई एवं तांत्रिक गिरफ्तार

**बरेली, (पंजाब केसरी) :** बरेली जिले में इज्जत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में तांत्रिक क्रिया के लिए चार वर्षीय एक बच्ची की हत्या करने के आरोप में उसकी ताई और एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकरियों ने बताया कि चार वर्षीय बच्ची मिस्टी के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही की और बच्ची की ताई के घर से उसका शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि मिस्टी शिकारपुर चौधरी गांव स्थित अपने घर से शनिवार को लापता हो गई थी, जिसके बाद उसके परिजनों ने इज्जत नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि मिस्टी की ताई सावित्री ने किसी को भी अपने घर में प्रवेश करने की अनुमति देने से मना कर दिया था जिसके बाद उसकी गतिविधियां ''संदिग्ध'' पाई गईं। उसने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच की। पुलिस ने सावित्री के घर पर छापा मारा और बोरवेल के पास एक बोरी में रखा गया मिस्टी का शव बरामद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सावित्री और उसके चचिया ससुर एवं तांत्रिक गंगा राम ने ''काले जादू से जुड़े अनुष्ठानों'' के लिए बच्ची की हत्या की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

- सावित्री और उसके चचिया ससुर एवं तांत्रिक गंगा राम ने ''काले जादू से जुड़े अनुष्ठानों'' के लिए बच्ची की हत्या



मिस इंडिया निकिता पोरवाल उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना करती हुई।

# मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए सरकार ने मसौदा विधेयक पेश किया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): संस्थागत मध्यस्थता को "और अधिक बढ़ावा" देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने एक मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं।

विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि "इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और मध्यस्थता कार्यवाही का समय पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है"। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टी. के. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर अपनी रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है।

मसौदा विधेयक में 'आपातकालीन मध्यस्थता' की अवधारणा का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित संशोधन में कहा गया है कि मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले "आपातकालीन मध्यस्थ" की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती है। नियुक्त आपातकालीन मध्यस्थ (मध्यस्थता) परिषद द्वारा निर्दिष्ट तरीके से कार्यवाही का संचालन करेगा।

साथ ही, मसौदा विधेयक में वर्तमान कानून के कुछ खंडों को भी हटा दिया गया है। हटाए गए खंडों में से एक, संसद सत्र के दौरान, जारी किए जाने वाले प्रस्तावित अधिसूचनाओं को दोनों सदनों में रखे जाने से संबंधित है।

- विधेयक का उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना तथा मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना है

## सीडीएस और सेना प्रमुख ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** (भाषा) प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 78वें शौर्य दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित एक भव्य समारोह में शहीद पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सेना ने कहा कि पैदल सेना (इंफ्रेंट्री) के लिए 27 अक्टूबर का दिन काफी महत्वपूर्ण है। 1947 में इसी दिन, पैदल सेना के जवान श्रीनगर में उतरने वाले और शहर के बाहरी इलाकों से आक्रमणकारियों को खदेड़ने में मदद करने वाले भारतीय सेना के पहले सैनिक बने थे। इस प्रकार उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तानी आक्रमण से बचाया था। शौर्य दिवस कार्यक्रम में जनरल चौहान और जनरल द्विवेदी ने पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

## तिरुपति के होटलों को बम से उड़ाने की धमकियां

तिरुपति, (पंजाब केसरी) आंध्र प्रदेश पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले तीन दिन में तिरुपति शहर के करीब आधा दर्जन होटलों को बम रखे होने की झूठी धमकियां मिली हैं। तिरुपति के पुलिस अधीक्षक एल सुब्बारायडू ने कहा, ''हमें जब शिकायतें मिलीं तो हमने तुरंत कार्रवाई की और हमारी टीम ने गहन जांच की। लेकिन वे (नकली ईमेल धमकियां) फर्जी निकलीं। हम मामले दर्ज कर रहे हैं और इनकी जांच की जा रही है।

जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध शाखा की मदद से मामलों की जांच की जा रही है।

## लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने धमकी

**लखनऊ, (पंजाब केसरी):** गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल भेज कर होटल को बम से उड़ाने की दी गई है। लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फॉर्चून, लेमन ट्री, होटल मैरियट समेत कई होटलों को धमकी मिली है। इसके बाद आनन-फानन में होटल संचालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बड़े पैमाने पर जांच में जुट गई है। मेल भेजने वाले की भी जांच की जा रही है। भारत में इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक कई स्कूलों, कॉलेजों, होटलों और हवाई अड्डों को बम की धमकी के ईमेल और कॉल मिले हैं। ये धमकियां दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई और जयपुर सहित कई शहरों में दी गई।

# मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना : नायब सिंह

**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : हरियाणा के युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं। स्वस्थ शरीर मनुष्य जीवन की उत्तम कुंजी है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया।

स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। हम चाहते हैं कि जनसाधारण में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आए, जीवनशैली व्यवस्थित हो, समाज का ताना-बाना मजबूत हो और भाईचारे की कड़ियां सुदृढ़ हों। ये उदगार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सैक्टर 13-17 के ग्राउंड में आयोजित की गई मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले अपने संबोधन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया और उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने वाले हर नागरिक को बधाई देता हूं। ऐसे आयोजनों में भाग लेना पूरे समाज को एक शुभ संदेश देता है और इससे सब नागरिकों, विशेषकर बच्चों व युवाओं को प्रेरणा मिलती है।



- फिट इंडिया बना जन आंदोलन, मैराथन में मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

## भाजपा पुलिस और प्रशासन के सहारे लड़ती है चुनाव :अखिलेश यादव

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को नोएडा पहुंचे। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य प्रदीप कपूर को श्रद्धांजलि देने के लिए नोएडा के सेक्टर 40 स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बात की और भाजपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी स्तर तक गिर सकती है। भाजपा अपने फायदे के लिए किसी भी सीमा से नीचे जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे चुनाव नहीं लड़ती बल्कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, जिला अध्यक्ष, सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## खरीदारों के हक में बड़ा फैसला

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने फ्लैट-खरीदारों के हक में एक बड़ा फैसला लिया है। अब ग्रेटर नोएडा में फ्लैट-खरीदार की तरफ से 10 फीसदी भुगतान करने पर बिल्डर-बायर एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड कराना अनिवार्यहोगा। इस फैसले से बायर्स के हित सुरक्षित रहेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन व प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को 136वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ एम. लोकेष, यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीइओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल रहे।



# कानून तोड़ने वालों पर मुख्यमंत्री विष्णु देव सख्त

**रायपुर,** आशीष शर्मा (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ में अपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़े तेवर दिखाये हैं। मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि प्रदेश में कानून का राज रहेगा। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी तरह की हिंसक घटनाओं और अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बलरामपुर कांड को लेकर किए गए सवालों पर जमकर प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत के बाद सरकार पर विपक्ष ने हमले तेज कर दिए हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ में सरकार कानून की रक्षा नहीं कर पाने वालों को बिल्कुल भी नहीं बख्श रही है। पूर्व में भी तीन जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा दिए गए बयान को लेकर भी मुख्यमंत्री ने पलटवार किए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता को बयान बाजी करने में संयम बरतनी चाहिए। इस तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए। वही संयम से काम लेते हुए कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए। प्रदेश में कानून है और सरकार भी चल रही है। जो भी कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सरकार नजर रखे हुए हैं और पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

इधर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर लगातार प्रहार किये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिशा से भटक गई है।



- घटनाओं पर विपक्षी राजनीति को लेकर किया पलटवार, दोषियों पर लगातार हो रही कार्रवाई


## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिनांकः 21.10.2024, को एक्सप्रेस होटल के फुटपाथ के पास, डीबीजी रोड, पहाड़गंज, दिल्ली, में बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे दिल्ली के एलएचएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे दिनांक 21.10.2024, को मृत घोषित कर दिया। इस सन्दर्भ में **डीडी नं0: 25ए, दिनांक 21.10.2024, पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली,** में रिपोर्ट दर्ज है।

नीचे मृत पुरूष की पहचान दी गई है :–

**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** लगभग 50 वर्ष, **रंगः** गेहुंआ, **कदः** 5'6'', **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** अण्डाकार, **पहनावाः** हरी टी–शर्ट, नीली जिन्स और पैरों में लाल स्पोट्स शूज पहने हुए है। मृतक के शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली
DP/14325/CD/2024 फोनः 8750870427, 8750042525

## गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर- 263145, जिला-ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**संचार निदेशालय में फोटोग्राफी कैमरा (एक्सेसरिज के साथ) की आपूर्ति हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 11.11.2024 है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं विशिष्टियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gbpuat.ac.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।**

निदेशक संचार

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक शव पूरी तरह से सड़ा हुआ (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम, **पं. शहजाद पुत्र अज्ञात, उम्र 50 वर्ष, निवासी अपना घर आश्रम गांव, पूठ खुर्द, दिल्ली, दिनांक 20.10.2024 को सायं 04:42 बजे, एम.वी. अस्पताल, पूठ खुर्द, दिल्ली में डॉक्टर द्वारा ईलाज के दौरान मृत घोषित कि गया।** इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **73-ए, दिनांक 20.10.2024 को थाना बवाना, बाहरी उत्तरी ज़िला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक बाबू जगजीवन राम मैमोरियल अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में संरक्षित रखा गया है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** 50 वर्ष, **कदः** 5' 6" फीट, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** आसमानी नीले रंग की धारीवाली वाली शर्ट और नीले रंग की पैंट।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करेंः-

थाना प्रभारी
वेबसाइटः http://cbi.nic.in — थानाः बवाना, दिल्ली
ई-मेलः cic@cbi.gov.in — फोन नं.: 011-27752534
टेली. न.: 011-24368638/24368641 — मो. नं.: 7065036321
फैक्स नं.: 011-24368639 — DP/14190/ON/2024

## गुमशुदा की तलाश



अन्नू कुमारी उर्फ ज्योति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः अन्नू कुमारी उर्फ ज्योति, पुत्री** निवेन्दर तिवारी,, **निवासीः** मकान नं0 बी–6/283, भूतल, सेक्टर–17, रोहिणी, दिल्ली, **उम्रः** 17 वर्ष, जो कि अपने घर से 22.10.2024 को करीब रात्रि 8.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **FIR No. 394/24, U/s 137 (2) BNS, Dated 23.10.2024,** के तहत **पुलिस स्टेशन के.एन. काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली,** में पंजीकृत किया गया है। लड़की का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंगः** महिला, **रंगः** सांवला, **कदः** 5'4'', **पहनावाः** नीला प्लाजो, महरून टी–शर्ट और पैरों में पीच रंग की चप्पल पहने हुए हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन के.एन. काटजू मार्ग,
रोहिणी जिला, दिल्ली
वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/14315/RD/2024 फोनः 8750870327, 9718881148

## गुमशुदा की तलाश



मोहम्मद मेराज

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः मोहम्मद मेराज पुत्र** मोहम्मद इज़हार मिया, **निवासी** मकान नं. एफ–33, अबुल फज़ल एन्क्लेव, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली, **उम्रः** 18 वर्ष, 6 माह, जो कि फॉर्मूला कैफे के पास, तिकोना पार्क, नई दिल्ली से 20.10.2024 को करीब 3.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं0 49ए, दिनांक 21.10.2024,** के तहत **पुलिस स्टेशन जामिया नगर, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** में पंजीकृत किया गया है। पुरूष का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंगः** पुरूष, **रंगः** गेंहुआ, **कदः** 5'5'', **शरीरः** दुबला, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** संतरी कमीज़, काला कार्गो पैंट और पैरों में सैडिंल पहने हुए हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरूष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन जामिया नगर,
दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली
वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/14332/SE/2024 फोनः 8178214210

## गुमशुदा की तलाश



रोशनी खातून

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः रोशनी खातून पुत्री** मोहम्मद शमीम, **निवासीः** 115, महेश का मकान, सराय काले खां, नई दिल्ली, **उम्रः** 13 वर्ष 9 माह, जो कि सनलाईट कॉलोनी, नई दिल्ली से 05.10.2024 से लापता होने की सूचना मिली है। **DD No. 338/2024, Dated 24.10.2024, U/s 137(2) BNS,** के तहत **पुलिस स्टेशन सनलाईट कालोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** में पंजीकृत किया गया है। महिला का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

**लिंगः** महिला, **रंगः** साफ, **कदः** 5'0'', **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** सामान्य, **बालः** लम्बे, **धर्मः** मुस्लिम, **पहनावाः** कोको बाऊन सूट–सलवार, और पैरों में गुलाबी रंग की चप्पल पहने हुए हैं।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन सनलाईट कालोनी,
दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली
वेबसाइटः https://cbi.nic.in
DP/14282/SE/2024 फोनः 8750870928, 9711753129

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# चांद पर इंसान भेजेगा भारत

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज भारत का गौरव है। इसरो की स्थापना 1962 में हुई थी। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भारत की भागीदारी का स्वप्न देखा था। उस समय प्रमुख वैज्ञानिक डॉक्टर विक्रम साराभाई को इसकी कमान दी गई थी। उस समय भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना हुई। बाद में व्यापक दृष्टिकोण के साथ इसका स्थान इसरो ने ले लिया। भारत की इस अग्रदूत संस्था ने विगत आधी सदी में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक के बाद एक कीर्तिमान स्थापित किए और सबसे बड़ी बात यह है कि अपने सीमित साधनों और सस्ती स्वदेशी तकनीक के साथ इसने विश्व की चोटी की अंतरिक्ष संस्थाओं की बराबरी कर ली। एक समय ऐसा भी था जब संसाधनों की कमी की वजह से रॉकेटों को बैलगाड़ी से ले जाया जाता था। इसके अलावा भारतीय वैज्ञानिक हर रोज दोपहर का खाना रेलवे स्टेशन पर खाया करते थे।

इसरो ने राष्ट्र और आम जनता की सेवा के लिए अंतरिक्ष विज्ञान को एक नई पहचान दी है। इसरो के पास संचार उपग्रह तथा सुदूर संवेदन उपग्रहों का बृहत्तम समूह है जो द्रुत तथा विश्वसनीय संचार एवं भू-प्रेक्षण की बढ़ती मांग को पूरा करता है। इसरो राष्ट्र के उपयोग के लिए विशिष्ट उपग्रह उत्पाद एवं उपकरणों को प्रदान करता है जैसे कि प्रसारण, संचार, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन उपकरण, भौगोलिक सूचना प्रणाली, मानचित्रकला, नौवहन, दूर-चिकित्सा आदि। इन उपयोगों के कारण, विश्वसनीय प्रमोचक प्रणालियां विकसित करना आवश्यक था इससे संपूर्ण आत्मनिर्भता हासिल हुई और ध्रुवीय उपग्रह राकेट (पी.एस.एल.वी.) के रूप में उभरी। प्रतिष्ठित पी.एस.एल.वी. विभिन्न देशों के उपग्रहों का सबसे प्रिय वाहक बन गया, अपनी विश्वसनीयता एवं लागत प्रभावी होने के कारण जिससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिला। इसरो के चन्द्रयान-1 और चन्द्रयान-3 सफलतापूर्वक लांच कर पूरी दुनिया को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि इसरो दुनिया की एक अंतरिक्ष ताकत बन जाएगा। हर भारतीय नागरिक के लिए यह खुशी की बात है कि इसरो ने अब अपने अंतरिक्ष मिशनों की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने घोषणा कर दी है कि मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2026 में लांच होने की सम्भावना है। साथ ही चांद से सैंपल लेकर आने वाले मिशन चन्द्रयान-4 को वर्ष 2028 में लांच किया जाएगा। भारत और अमेरिका के संयुक्त अभियान को 2025 में लांच किया जाएगा जबकि चन्द्रयान-5 मिशन जापान की अंतरिक्ष एजैंसी के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। चन्द्रयान-5 मिशन के तहत जो रोवर भेजा जाएगा वो करीब 350 किलो का होगा। इसरो की योजना वर्ष 2040 में चांद पर इंसानी मिशन भेजने की है। इसमें कोई संदेह नहीं कि विगत वर्षों में इसरो ने अनेक उपलब्धियां अपने नाम की हैं और अविश्वसनीय कीर्तिमान बनाए हैं। फिलहाल कुछ चुनौतियां भी सामने हैं, जैसे- लांच वाहनों को उन्नत तकनीक से युक्त करना, अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए दक्ष ट्रेनिंग सेंटर्स का निर्माण, जीवन रक्षा प्रणालियों और उन्नत स्पेस सूट का विकास आदि। हमारे देश के समर्पित वैज्ञानिक इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

> **इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने घोषणा कर दी है कि मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2026 में लांच होने की सम्भावना है। साथ ही चांद से सैंपल लेकर आने वाले मिशन चन्द्रयान-4 को वर्ष 2028 में लांच किया जाएगा। भारत और अमेरिका के संयुक्त अभियान को 2025 में लांच किया जाएगा जबकि चन्द्रयान-5 मिशन जापान की अंतरिक्ष एजैंसी के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। चन्द्रयान-5 मिशन के तहत जो रोवर भेजा जाएगा वो करीब 350 किलो का होगा।**

भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को अभी भी विस्तार देने की जरूरत है क्योंकि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष क्षेत्र में इसरो का योगदान सिर्फ 2 प्रतिशत है। एक दशक में इसे बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। खास बात यह है कि अब प्राइवेट सैक्टर भी अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश करने में रुचि दिखा रहा है। बहुत सी चीजें जो पारम्परिक रूप से केवल इसरो द्वारा की जा सकती थी अब निजी क्षेत्र द्वारा की जा रही हैं। अभी भी निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने वाली नई नीतियों की जरूरत है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम इसरो से जुड़े रहे और उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के पहले स्वदेशी प्रक्षेपण यान एलएलवी-3, पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, नाग और आकाश जैसी स्वदेशी मिसाइलों का विकास किया और चन्द्रयान-1 मिशन का नेतृत्व भी किया। आज इसरो के पास चोटी के वैज्ञानिकों की बड़ी टीम है और अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व महिला वैज्ञानिक भी कर रही हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कई सार्वजनिक उपक्रम विफल हुए। जबकि इसरो एक ऐसी संस्थान रही जिसने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की धाक जमा दी। इसरो की ताकत को अमेरिकी अंतरिक्ष एजैंसी नासा भी स्वीकार करती है।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## अफवाहों के आधार पर


गीता पाढा

"अफवाहों के आधार पर एक युवक जीवन गंवाता है,
धार्मिकता के आडंबरों का हाल यहां आज भी इस हद
तक नजर आता है,,
वहां फिर कानून व्यवस्था से विश्वास डगमगाता है,
और ऐसी घटनाओं से समाज में अशांति और सांप्रदायिक
हिंसा का माहौल गर्माता है...।।"

# वडोदरा इकाई में दो वर्ष में बन जायेगा पहला स्वदेशी सामरिक मालवाहक विमान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुजरात के वडोदरा स्थित विनिर्माण इकाई में पहला स्वदेशी बहुपयोगी एवं सामरिक मालवाहक विमान सी 295 करीब दो वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा और इसके अगले पांच वर्षों में वायु सेना को इस इकाई से 39 और विमानों की आपूर्ति की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज सोमवार को वडोदरा में इस विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे। यह इकाई केवल दो वर्ष के समय में बनाई गई है और इसमें आगामी दिसम्बर से विमानों के विनिर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा।

रक्षा मंत्रालय ने सितम्बर, 2021 में वायु सेना के लिए 56 मालवाहक विमानों की खरीद के वास्ते स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसए के साथ 21 हजार 935 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। इनमें से 16 विमान पूरी तरह से तैयार स्थिति में मिलने हैं, जबकि 40 भारतीय कंपनी टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड द्वारा देश में ही वडोदरा में बनाये जायेंगे।

# इस्लामाबाद में हिन्दू मंदिर...


डा. चन्द्र त्रिखा
chandertrikha@gmail.com

**पाक**-पंजाब में इन दिनों अल्पसंख्यक हिन्दू-सिख परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहां की मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने दीवाली और आगामी गुरुपूर्व के अवसर पर अपने प्रांत के 2200 परिवारों को 10 हजार पाकिस्तानी रुपए और उत्सव-उपहार स्वरूप देने की घोषणा की है। यह भी घोषणा की गई है कि यह उत्सव-उपहार हर वर्ष दिया जाएगा।

इस बार श्री गुरुनानक देव की 555वीं जन्मतिथि के अवसर पर भारत से 3000 सिखों अन्य देशों से भी 1000 सिख यात्रियों के लिए विशेष आतिथ्य सत्कार का प्रबंध किया जा रहा है। उधर, वहां के हिन्दू-नेताओं ने भी मरियम नवाज़ से आग्रह किया है कि इस बार कटासराज यात्रा के लिए वीज़ा संख्या बढ़ाई जाए।

पाक-पंजाब में इन दिनों कुछ हिन्दू मंदिरों के पुनर्निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा है। इस बदलाव का सही कारण तलाशना फिलहाल सही नहीं होगा। कुछ समय प्रतीक्षा तो करनी ही होगी। अभी हाल ही में पाक-पंजाब में ही एक मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए वहां की प्रदेश सरकार ने एक करोड़ का अनुदान जारी किया है।

उधर, इस्लामाबाद में भी इन दिनों एक हिन्दू मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। इस निर्माण की सारी राशि, वहां की सरकार वहन कर रही है। अकेले इस्लामाबाद में हिंदुओं की तादाद लगभग तीन हजार है। इनमें डॉक्टर्स भी हैं, सरकारी कर्मी भी और निजी क्षेत्र में काम करने वाले युवक-युवतियां भी। यहां एक हिंदू पंचायत भी है। यह पंचायत पाकिस्तान में राष्ट्रीय स्तर पर गठित 'पाकिस्तान हिंदू पंचायत से जुड़ी हुई है। इसे 'पीएचपी के रूप में भी याद रखा जाता है।

इस्लामाबाद का हिंदू मंदिर शहर के एच-9 सेक्टर में लगभग 20 हज़ार





वर्ग फीट भूमि में बन रहा है। इसका नींव पत्थर रख दिया गया है। इस अवसर पर पाक सरकार के एक संसदीय सचिव लालचंद मल्ही ने बाकायदा पूजा-पाठ भी किया, नारियल फोड़ा गया। हवन हुआ, भूमि पूजन हुआ। मंदिर के लिए स्वयं प्रधानमंत्री इमरान खान ने 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। इस अवसर पर संसदीय सचिव ने अपने संक्षिप्त भाषण में यह भी बताया कि विभाजन से पूर्व इस्लामाबाद के आसपास विशेष रूप से साथ लगे गांव सैदपुर में कई हिंदू मंदिर थे लेकिन वहां अब केवल खंडहर हैं। सरकार प्रयास करेगी कि वहां भी कुछ सामाजिक संस्थाएं सक्रिय हों और धर्मशालाएं बन जाएं। इस्लामाबाद की हिंदू पंचायत की सबसे बड़ी मांग थी कि वहां हिंदुओं के लिए श्मशान घाट की व्यवस्था हो। इस मामले में इतनी रियायत दे दी गई है कि यदि मंदिर की बगल में श्मशान घाट बनाना चाहें तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं होगी। यानि हिंदुओं को अपने दिवंगत परिजनों की अंतिम क्रिया के लिए भी वहां की सरकार का शुक्रगुजार होना पड़ा है।

वस्तुस्थिति यह है कि वहां अर्थात् पाकिस्तान में भी ऐसे पुराने शहर आज भी हैं जहां मंदिरों की संख्या सैकड़ों में है। वहां के 'इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के रिकार्ड में भी 428 मंदिर दर्ज हैं। इनमें से 30 हिंदू मंदिरों को 'बाबरी मस्जिद ध्वंस की प्रतिक्रिया के रूप में वहां तोड़ दिया गया था। शेष चर्चित पुराने ऐतिहासिक मंदिरों में मुल्तान का आदित्य मंदिर, सियालकोट का अम्ब मंदिर, लाहौर का कृष्ण मंदिर रावी रोड, वाल्मीकि मंदिर, नीला गुम्बद मंदिर, इच्छरा का चांद रात मंदिर, इच्छरा का भैरों मंदिर, शाह आलमी गेट और लोहारी गेट के बीच स्थित दूध वाली माता मंदिर, लाहौर के किले में स्थित लव मंदिर, जो कि भगवान राम के पुत्र लव के नाम पर बना था, वच्छोवाली का कृष्ण मंदिर, अनारकली बाजार का शीतला मंदिर, आर्य समाज मंदिर, मॉडल टाउन बी ब्लॉक व डी के भव्य मंदिर, थड़ी भाबडियां स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर, पुराने अनारकली बाज़ार का दिगम्बर जैन मंदिर, लाहौर छावनी के मंदिर आदि चर्चा में रहे हैं। अन्य चर्चित मंदिरों में कटासराज का नाम शिखर पर है। इसी सूची में हिंगलाज मंदिर, वरुण मंदिर और रावलपिंडी के 16 मंदिर शामिल हैं। वैसे कटासराज ही पाकिस्तान में एकमात्र हिन्दू तीर्थ है जहां पर यात्रा की अनुमति साल दो साल में एक बार अवश्य मिल जाती है। अब हालात बदल गए हैं। पहले तो यात्री दो-दो दिन लाहौर में भी रुक जाते थे, मगर अब तो अटारी से सीधे कटासराज के लिए व्यवस्था की जाती है। बीच में चाय, भोजन के लिए बसें रुकती हैं। पूरी यात्रा ज़ैड प्लस-सुरक्षा के तहत सम्पन्न होती है और यात्रियों को यह भी हिदायत दी जाती है कि वे रास्ते में न तो 'शिव-शम्भू का जयकारा लगाएं और न ही भजन कीर्तन करें। 'जो भी करना हो, अपने कटासराज जाकर कर लें। यह हिदायत दी जाती है सभी यात्रियों को। यही कटासराज एक बार फिर खबरों में है। कुछ समय पूर्व पाकिस्तानी अखबारें भी कटासराज की चर्चा से भरी हुई थीं। वहां के सुप्रीम कोर्ट व पाक-पंजाब के हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इस तीर्थ के महत्व को उजागर किया और पाकिस्तान सरकार को इसके बारे में कड़े आदेश भी जारी किए। पहला दखल वहां के हाईकोर्ट ने दिया। खबरें थीं कि हिन्दुओं के इस महान तीर्थ से भगवान राम और हनुमान की मूर्तियां चोरी हो गई हैं। एक खबर यह भी थी कि कटासराज के पवित्र सरोवर का जल पूरी तरह सूख चुका है। भगवान राम और सीता की मूर्तियां, कटासराज मंदिर परिसर से जुड़ी हरि सिंह नलवा की हवेली में स्थापित थीं।

पाक सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर के समीप स्थित सीमेंट प्लांट को एक सप्ताह के अंदर कटासराज के तालाब में पानी भरने का आदेश दिया है। तालाब सूखने की खबर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश सुनाया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालाब के पास सीमेंट के कारखानों द्वारा भारी भूजल दोहन के कारण वह सूखता जा रहा था।

# इजराइल-ईरान 'छाया युद्ध' प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया

**इजराइल** ने 26 अक्तूबर, 2024 को हवाई हमले कर ईरान, इराक और सीरिया में लगभग 20 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसकी आशंका कई सप्ताह से थी। दरअसल, यह काईवाई अक्तूबर के शुरूआत में तेहरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से बदला लेने की चेतावनी के बाद की गई।

यह कदम उस पैटर्न का अनुसरण करता है जिसमें ईरान और इजराइल बारी-बारी से उस स्थिति को आगे बढ़ाते हैं जो लंबे समय तक एक 'छाया युद्ध' था, लेकिन अब यह प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया है। इन प्रतिशोधात्मक हमलों से व्यापक भय उत्पन्न हो गया कि समूचा क्षेत्र और अधिक उग्र चरण में प्रवेश करने को तैयार है।

लेकिन, भले ही यह विरोधाभासी लगे पर में हाल ही में हुए इजराइली हमलों ने तनाव को कम किया है। ऐसा क्यों हुआ, यह समझने के लिए, इजराइली अभियान की प्रकृति और पैमाने का विश्लेषण करना ज़रूरी है साथ ही हमले के बाद इजराइल, ईरान और अमेरिका में निर्णय लेने वालों के संभावित रुख का भी विश्लेषण करना जरूरी है। ईरान द्वारा अक्तूबर में किया गया हवाई हमला, ईरान के छद्म समूह हिजबुल्ला के विरुद्ध इजराइली अभियानों की श्रृंखला का प्रतिशोध था। इनमें जुलाई में ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथग्रहण की पूर्व संध्या पर तेहरान में हमास के एक उच्च पदस्थ अधिकारी की हत्या तथा सितंबर के अंत में हिजबुल्ला के नेता की हत्या शामिल है। इसी प्रकार, अप्रैल में ईरान द्वारा इजराइली ठिकानों पर किया गया हवाई हमला, इस वसंत में इजराइली उकसावे के जवाब में किया गया था। इसमें एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला भी शामिल था, जिसमें दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गए थे।

कई पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था, या आशंका जताई थी कि ईरान के अक्तूबर के मिसाइल और ड्रोन हमले पर इजराइल की प्रतिक्रिया भारी और दंडात्मक होगी। हालांकि इजराइल के पास निश्चित रूप से ऐसा करने की सैन्य क्षमता है, लेकिन ईरान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या देश की परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने के बजाय, इजराइल ने इस्लामी गणराज्य की वायु रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर 'सटीक और लक्षित' हमले का विकल्प चुना। इजराइली अभियान का कुछ सीमित दायरा यह दर्शाता है कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता और ईरानी सैन्य कमांडरों को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए किया गया था। संक्षेप में, इजराइल यह संकेत दे रहा है कि उसके पास ईरान के केंद्र पर हमला करने की क्षमता है परंतु वह पूर्ण-शक्ति से हमले करने से बच रहा है, जिससे ईरान की पहले ही डावांडोल अर्थव्यवस्था को और अधिक नुक्सान पहुंचता। इजराइल के हमलों के असर का पूर्ण आंकलन करने में समय लगेगा, लेकिन प्रारंभिक संकेत हैं कि वे ईरान की समग्र सुरक्षा में कमजोरियों को उजागर करने में सफल रहे। इसका अभिप्राय है कि ईरान या तथाकथित 'प्रतिरोध की धुरी' में उसके साझेदार जवाबी कार्रवाई करने का फैसला करते हैं तो इन कमजोरियों के अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों, जैसे तेल और गैस उत्पादन सुविधाओं या यहां तक कि परमाणु ऊर्जा स्थलों को भी निशाना बनाया जा सकता है।



**ईरान की सतर्क प्रतिक्रिया :** विभिन्न लक्ष्यों पर इजराइल के हमलों की स्पष्ट सफलता के बावजूद, ईरानी नेताओं के बयानों से पता चलता है कि परिचालनात्मक प्रभाव सीमित था। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में हमले की निंदा की गई। इसमें कहा गया कि ईरान को ''आत्मरक्षा का अधिकार है।'' लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि ईरान ''क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को कायम रखेगा।''

इन शब्दों को पढ़कर मुझे ऐसा लगता है कि ईरान तुरंत जवाबी कार्रवाई करने तथा तनाव को और बढ़ाने की कोशिश नहीं कर रहा है।

बेशक, इसमें बदलाव हो सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई या कुद्स फोर्स के कमांडर इस्माइल कानी के आगे के संदेशों से यह स्पष्ट संकेत मिल सकता है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा या नहीं और कैसे करेगा, लेकिन ईरान इस बात से भली-भांति परिचित है कि तनाव बढ़ने से, अमेरिका के नेतृत्व में और अधिक प्रतिबंध लगने तथा इजराइल को बढ़ते समर्थन से उसकी डावांडोल अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसलिए वह यह अनुमान लगा सकता है कि इजराइल के साथ तनाव बढ़ने से पूर्व की स्थिति पर लौटना उसके हित में है।

**वाशिंगटन में, व्हाइट हाउस सतर्क :** इजराइल और ईरान के बीच खुले युद्ध के विपरीत 'छद्म युद्ध की वापसी का वाशिंगटन में निस्संदेह स्वागत किया जाएगा। इजराइल में सात अक्तूबर, 2023 को हमास के भीषण हमलों के बाद से, बाइडन प्रशासन दायित्वों और चिंताओं के बीच फंस गया। इनमें दीर्घकालिक सहयोगी इजराइल का समर्थन करना शामिल है, जबकि मित्र अरब सरकारों को अलग-थलग नहीं करना और क्षेत्र में संघर्ष के पूर्ण युद्ध में बदलने को रोकने का प्रयास करना शामिल है। इस बीच, चुनावी वर्ष में, डेमोक्रेटिक पार्टी विशेष रूप से इजराइल समर्थक यहूदी मतदाता समूह के प्रति अपने समर्थन को संतुलित करने का प्रयास कर रही है, साथ ही वह प्रमुख राज्यों में संभावित रूप से महत्वपूर्ण मुस्लिम मतों को नाराज न करने की जरूरत पर भी ध्यान दे रही है। वह फलस्तीनी युवा मतदाताओं को भी नाराज नहीं करना चाहती है। क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से व्हाइट हाउस को इन मामलों में कोई मदद नहीं मिलेगी। राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतन्याहू के साथ दशकों पुराने संबंधों के बावजूद वह परिणाम नहीं निकला है जिसकी उनके प्रशासन को अपेक्षा थी। वाशिंगटन अपने सहयोगी को गाजा में युद्ध विराम के लिए प्रेरित करने और न ही दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला और इजराइल के बीच शत्रुता समाप्त करने में सफल हो पाया है। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के साथ, मध्य पूर्व में विभिन्न मोर्चों पर बढ़े तनाव का असर यह हो सकता है कि मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस या पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे देखते हैं। विशेष रूप से मिशिगन के चुनाव मैदान में, जहां डेमोक्रेट अरब और मुस्लिम अमेरिकियों का वोट खो सकता है, जो बाइडन प्रशासन के कथित इजराइल समर्थक रुख से नाराज हैं।

**संतुलन कैसे स्थापित होगा?:** पश्चिम एशिया में आगे क्या होगा, इसका पूर्वानुमान लगाना अब तक सबसे अनुभवी विश्लेषकों के लिए भी संभव नहीं हो पाया है। यह आकलन करने में कई दिन, सप्ताह या महीने लग सकते हैं कि क्या इजराइल द्वारा किया गया यह नवीनतम हवाई हमला ईरान और इजराइल के बीच तनाव को और बढ़ाएगा या क्षेत्र में तनाव को कम करने वाली परिस्थितियां बनाएगा। लेकिन यह मानने के अच्छे कारण हैं कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के निर्णयकर्ता जानते हैं कि और अधिक तनाव किसी के हित में नहीं है और हो सकता है कि हालिया हमले ने इजराइल को संतुष्ट कर दिया हो और ईरान को भी यह कहने का मौका मिल गया हो कि जवाबी हमले की कोई जरूरत नहीं है। **(द कन्वरसेशन)**

# आयुर्वेद के जन्मदाता हैं भगवान धन्वंतरि


योगेश कुमार गोयल

दीवाली से दो दिन पूर्व 'धनतेरस' नामक त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। धनतेरस के प्रचलन का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्यौहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस को चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को 'आरोग्य का देवता' माना जाता है और आरोग्य तथा दीर्घायु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो 'यम दीपक' कहलाता है। धार्मिक ग्रंथों में यमराज के पूजन के संबंध में एक कथा प्रचलित है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, ''महाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अत: दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।'' यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दु:खद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। उसे देखते ही राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अत: दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। वे दोनों कामदेव और रति के समान सुन्दर थे। इसीलिए राजकुमार के प्राण हरने के बाद नवविवाहिता राजकुमारी का करूण विलाप सुनकर उनका कलेजा कांप उठा। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीप दान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि उसके बाद से ही इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई।



धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। कुछ लोग नई झाड़ू खरीदकर उसका पूजन करना भी इस दिन शुभ मानते हैं।

# जहरीले धुएं में सांस लेने से दो श्रमिकों की मौत

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी) : गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को एक कपड़ा फैक्टरी में विषैले धुएं में सांस लेने के बाद दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब नौ श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया। उन्होंने बताया, "पुलिस को पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे सूचना मिली कि नारोल की एक फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव के कारण नौ लोग प्रभावित हुए हैं और उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की मौत हो गई।" उन्होंने बताया कि सात श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है और उनका आईसीयू में इलाज किया जा रहा है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

**स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज**



*देश भर में अपनी अमृत धारा से सत्य की अनुभूति देशवासियों को कराने वाले राष्ट्र संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सौजन्य से लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं उनके प्रवचनों पर आधारित यह ज्ञान गंगा पाठकों का कल्याण करेगी ऐसा विश्वास है।*

# अपने हित की कामना करना और सुख-समृद्धि की आशा

**जीवन** को सांसारिकता में लगाकर ही अपनी हित की कामना करना तथा सुख-समृद्धि की आशा रखना निरर्थक है। युग-युगांतर, कल्प-कल्पांतर व्यतीत हो गए। आज तक इस ढंग से न तो किसी की ऐसी आशापूर्ति हुई है और न ही भविष्य में होने की संभावना है। संसार अपूर्ण है, एतदर्थ इससे उपलब्ध होने वाला सुख भी अपूर्ण ही होगा। आज का सुख कल दुख में परिणत हो जाएगा यह निश्चित है। सांसारिक संसर्ग जन्य सुख सदैव सुख रूप नहीं रह सकता इसे पहले ही समझ लें। ऐसा पहले ही अपनी बुद्धि में बिठा लें वरना बुरी तरह पश्चाताप करना पड़ेगा और रोना पड़ेगा अपनी मूर्खता, अपनी नासमझी तथा अपनी अज्ञानता पर। पूर्व चेतावनी का अभिप्राय है संभावित परिस्थितियों के लिए अपने को पहले से ही तैयार कर लेना और यह तैयारी संभव है केवल विवेक से, विचार से, गंभीर चिंतन से तथा सजग-सचेत होकर संसार के प्रत्यक्ष खोखलेपन पर दृष्टिपात करने से। सोचिए, यदि कल ऐसी कोई विपरीत परिस्थिति बन जाती है तो उसके लिए क्या कोई तैयारी कर रखी है आपने? क्या मन को ऐसे विचारों से सुसज्जित किया है जिससे उस परिस्थिति का वेग आपको अपने तीव्र प्रवाह में बहाता न चला जाए, आप अपने को रोक सकें विचारें के बांध द्वारा?

**संसार अनिश्चित है-**

कहीं आपका मन इतना अधिक संसार में तो नहीं उलझ गया है कि तनिक सी परिस्थितियों की करवट आपको निराशाओं एवं दुखों की खाई में गिरने को बाध्य कर दे? संसार अनिश्चित है, किसी भी क्षण यहां कुछ भी हो सकता है। किस समय कोई स्थिति-परिस्थिति क्या मोड़ ले ले कुछ भी नहीं कहा जा सकता निश्चित रूप से। क्यों नहीं पहले से ही आप मन में यह भाव दृढ़तापूर्वक अवस्थित कर लेते? क्यों नहीं मन को अच्छी प्रकार समझा लेते? उस समय रोने-चिल्लाने से क्या होगा? ऐ प्रकृति की सर्वोत्कृष्ट रचना मानव! क्यों विचारहीनता दिखाकर मानवता के नाम पर धब्बा लगाना चाहता है? मनुष्य होकर रोना, निराशाग्रस्त होना क्या शोभा देगा आपको? संभलिए और अपने को सचेष्ट कीजिए अभी इसी समय। यही उचित समय है प्रकृति की टेढ़ी चालों से बचने को बचा लेने का। यदि एक बार उसकी ऐसी टेढ़ी चाल के दांव-पेच में आ गए तब कठिन हो जाएगा आपके लिए बच पाना। प्रकृति की चालों को कोई शूरवीर ही समझ सकता है, बलहीन नहीं। अपने को शूरवीर बनाइए, वास्तव में आप शूरवीर हैं। अपनी शूरवीरता पर आई संदेह की परत को दूर कीजिए और मानवता की सही पहचान करते हुए विवेक से काम लेकर प्रकृति के चंगुल से बच निकलिए।

**माया के सामने दुर्लब मत बनें**

प्रकृति के ये चंगुल वास्तव में आपको बांधने में समर्थ ही कहां हैं? स्वयं ही आपने-अपने को अपनी ही अज्ञानता से प्रकृति की इन चालों में उलझा दिया है। यदि सिंह को किसान ने खूंटे से बांध लिया है तो ऐसा नहीं कि इसमें किसान का बल फलीभूत हुआ हो बल्कि सिंह की नामसझी है जो अपने वास्तविक स्वरूप से विस्मृत हो बैठा है। दुनिया में आप बंध गए हैं केवल इसलिए कि अपने यथार्थ रूप की स्मृति आपने खो दी है। एक बार सिंह के ललकारने की देर है, फिर किसान की क्या मजाल कि उसके निकट टिक पाए। माया के सामने अपने को दुर्बल मत दिखाइए। अपने वास्तविक स्वरूप में स्थित होकर माया को ललकारिए। डट जाइए इसके अनोखे दांव-पेचों के आगे। माया तभी तक आपको डराएगी और अपने पाश में बांधने का प्रयास करेगी, जब तक आप अपने को दुर्बल समझते रहेंगे, डरपोक बने रहेंगे। जागिए अपने स्वरूप में। त्याग दीजिए इस तुच्छ दुर्बलता को और अब आप समर्थ हैं माया को अपने अधीन करने में। वास्तव में यह आपके अधीन ही है। आवश्यकता है केवल अपने को अपनी यथार्थ स्थिति में लाकर जागरुकता की, निर्भयता की तथा दृढ़ता की। (क्रमश:)

## व्रत एवं त्यौहार अक्तूबर-नवंबर 2024

| पर्व | तिथि | वार |
|---|---|---|
| रमा एकादशी | 28 अक्तूबर | सोमवार |
| प्रदोष, यमदीप दान | 29 अक्तूबर | मंगलवार |
| मास शिवरात्रि, धनतेरस, हनुमान जयंती | 30 अक्तूबर | बुधवार |
| नरक चौदस | 31 नवंबर | गुरुवार |
| कार्तिक अमावस, दीपावली | 1 नवंबर | शुक्रवार |
| अन्नकुट | 2 नवंबर | शनिवार |
| भाईदूज | 3 नवंबर | रविवार |

## दीपावली

**दीपावली** किस दिन की है इसे लेकर आध्यात्मिक पंडितों में अपने-अपने दावे हैं। बताते हैं कि दिवाली 1 नवंबर को कार्तिक अमावस पर ही बनायी जायेगी। दिल्ली के मंदिरों में ऐसी ही घोषणा की गयी है लेकिन सरकारी छुट्टी 31 अक्तूबर को दीपावली के रूप में है जिस कारण सब अपना-अपना दावा कर रहे हैं। हमारा हिंदू धर्म बहुत उदार है और लोग अपनी-अपनी आस्था के मुताबिक 31 अक्तूबर और 1 नवंबर को दीपावली मनायेंगे। गौवर्धन पूजा 2 नवंबर और भईयादूज रविवार 3 नवंबर को मनाया जा रहा है।



# क्या सृष्टि अनंत है?

**सत्यार्थ प्रकाश**



**आर्य समाज का महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश जिसके रचयिता स्वामी दयानंद सरस्वती जी हैं, में जीवन को सही दिशा में ले जाने के सूत्र हैं और अगर इंसान इसे पढ़े और इसकी शिक्षाओं पर चले तो मानव का कल्याण तो होगा ही बल्कि समाज में भी कुरीतियां दूर होंगी और नैतिक संस्कारों का उजाला होगा। पाठकों की भारी मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा रहा है।**

**उनको** यह उत्तर देना चाहिए कि यह सृष्टि अनंत है व सांत? जो अनंत कहें तो आकार वाली वस्तु अनंत कभी नहीं हो सकती और जो सांत कहें तो उनके पर भाग सीमा अर्थात जिसके परे कोई भी दूसरा लोक नहीं है वहां किसके आकर्षण से धारण होगा? जैसे समष्टि और व्यष्टि अर्थात जब सब समुदाय का नाम वन रखते हैं तो समष्टि कहलाता है और एक-एक वृक्षादि की भिन्न-भिन्न गणना करें तो व्यष्टि कहलाता है। वैसे सब भूगोलों को समष्टि गिनकर जगत कहें तो सब जगत का धारण और आकर्षण का कर्ता बिना परमेश्वर के दूसरा कोई भी नहीं। यह यजुर्वेद (13।4) का वचन है। जो पृथ्वी आदि प्रकाशरहित लोक-लोकांतर पदार्थ तथा सूर्यादि प्रकाशसहित लोक और पदार्थों का रचन धारण परमात्मा करता है, जो सबमें व्यापक हो रहा है, वही सब जगत का कर्ता और धारण करने वाला है।

- (पूर्व.) पृथ्वी आदि लोक घूमते हैं व स्थिर?
- (उत्तर.) घूमते हैं।
- (पूर्व.) कितने ही लोक कहते हैं कि सूर्य घूमता है और पृथ्वी नहीं घूमती। दूसरे कहते हैं कि पृथ्वी घूमती है सूर्य नहीं घूमता। इसमें सत्य क्या माना जाए?
- (उत्तर.) ये दोनों आधे झूठे हैं, क्योंकि वेद में लिखा है कि 'आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयन्त्स्वः॥ (यजु. 3।6)' अर्थात यह भूगोल जल के सहित सूर्य के चारों ओर घूमता जाता है, इसलिए भूमि घूमा करती है।

जो सविता अर्थात सूर्य वर्षादि का कर्ता, प्रकाशस्वरूप, तेजोमय, रमणीयस्वरूप के साथ वर्तमान सब प्राणी-अप्राणियों में अमृत रूप वृष्टि व किरण द्वारा अमृत का प्रवेश करा और सब मूर्तिमान द्रव्यों को दिखाता हुआ सब लोकों के साथ आकर्षण गुण से सह वर्तमान, अपनी परिधि में घूमता रहता है, किंतु किसी लोक के चारों ओर नहीं घूमता। वैसे ही एक-एक ब्रह्मांड में एक सूर्य प्रकाशक और दूसरे सब लोक लोकांतर प्रकाशय हैं। जैसे यह चंद्रलोक सूर्य से प्रकाशित होता है, वैसे ही पृथ्वी आदि लोक भी सूर्य के प्रकाश से ही प्रकाशित होते हैं, परंतु रात और दिन सर्वदा वर्तमान रहते हैं। पृथ्वी आदि लोक घूमकर जितना भाग सूर्य के सामने आता है, उतने में दिन और जितना पृष्ठ में अर्थात आड़ में होता जाता है उतने में रात। उदय, अस्त, संध्या, मध्याह्न, मध्यरात्रि आदि जितने कालावयव हैं, वे देश-देशांतरों में सदा वर्तमान रहते हैं। जब आर्यवर्त में सूर्योदय होता है उस समय पाताल अर्थात अमेरिका में अस्त होता है और जब आर्यावर्त में अस्त होता है तब पाताल देश में उदय होता है। जब आर्यवर्त में मध्य दिन व मध्य रात्रि है उसी समय पाताल देश में मध्य रात और मध्य दिन रहता है। (क्रमश:)



सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज



निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

# दु:ख आया तो प्रभु के प्रति मन में विपरीत भाव क्यों

**संतजन** परमात्मा को केवल सुख-साधनों के लिए ही विशेषता नहीं देते। सुख मिल गया तो परमात्मा को मान लिया, दु:ख आ गया तो प्रभु के प्रति मन में विपरीत भाव ले आए, उनका जीवन ऐसा नहीं होता। वह हर हाल में दातार का शुकराना करते हैं, कभी गिला-शिकवा नहीं करते। वह दातार का शुकराना करते हैं कि अगर शरीर सुंदर है तो इसे सुंदरता तूने ही बख्शी है, जो मेरे पास दौलत है, वह भी दातार तेरी ही कृपा है, अगर तन में ताकत है तो वह भी तेरी ही कृपा है। संतों का स्वभाव ऐसा बन जाता है कि वह हर पल सबका भला मांगते हैं, बुरा करने वालों का भी भला करते हैं। वह अपने व्यवहार द्वारा ऐसा कोई कर्म नहीं करते जिससे किसी की हानि हो। वह सब कुछ सहकर भी दूसरों का हित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। कोई कितना भी उत्तेजित करे, वह नम्रता, प्यार, करुणा और दया जैसे गुणों का त्याग नहीं करते। वह सुख-दुख, हानि-लाभ, यश-अपयश से प्रभावित नहीं होते और हमेशा प्रभु का शुकराना करते हुए सुखमय जीवन व्यतीत करते हैं। हर परिस्थिति में उनका निरंकार-दातार पर विश्वास दृढ़ रहता है, किसी भी हालात में वह डगमगाता नहीं। एक इंसान बेर के पेड़ के नीचे लेटा था। जब उसने पेड़ पर लगे बेरों को देखा तो उसके मन में ख्याल आया कि यह भी परमात्मा की कैसी समझदारी है जो बड़े पेड़ पर छोटे-छोटे बेर लगा देता है और पतली-सी बेल पर बड़े-बड़े तरबूज लगा देता है। कुछ देर बाद जब एक बेर टूटकर उसकी नाक पर गिरा तो उसे अहसास हुआ कि उसकी सोच कितनी गलत थी। (क्रमश:)

# गरीब का हिस्सा पाने की लालसा आ गई तो समझो मामला गड़बड़ है

**अगर** आपके मन में एक गरीब का हिस्सा पाने की लालसा भी जम गई तो मामला गड़बड़ है। आपको बुरा लगता है न जब कोई ऐसी बात कहता है, लेकिन चमड़ी के रोग को आवरण से ढांकने भर से क्या उससे मुक्त हो जाओगे? आसक्ति है, जो हमसे कुकर्म कराती है, लोभ है जो हमें निरंकुश कर देता है। जो पदों पर बैठता है उनकी परीक्षा होती है। यह परीक्षा हालात और समाज लेते हैं। जीवन में प्रगति के शिखर पर पहुंचना चाहिए, लेकिन नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर नहीं। सबकुछ हासिल करने के लिए कुछ भी करना ठीक नहीं। यही वो प्रवृत्ति है, जो मन को बेचौन करती है। अपनी आत्मा को कुकर्मों के बोझ से मत दबाओ। हम सब कर्मकांड करते हुए अपनी-अपनी पूजा-पद्धतियों के माध्यम से ईश्वरोपासना करते हैं, लेकिन क्या केवल इस पूजा-पाठ से ही ईश्वर प्रसन्न होते हैं?



दीदी मां ऋतंभरा

बाहर की पूजा के साथ-साथ मानसिक पूजा भी होनी चाहिए यानी जिसमें आप स्वयं सम्मिलित हो गए। कई बार लोग कहते हैं-दीदी मां, दो मिनट को भी हमारा मन पूजा में नहीं लगता। मेरा कहना है कि चौबीसों घंटे जगत में भटक सकते हो, लेकिन दो मिनट के लिए दत्त चित्त होकर मंदिर में नहीं बैठ सकते? क्यों? क्योंकि मन के अंदर प्रभु के लिए प्रीति की प्रबलता नहीं है। तीन घंटे सिनेमा हाल के अंदर पर्दे पर आंखें गड़ाए रह सकते हो, घर फोडू सीरियलों को घंटों बैठकर देख सकती हो लेकिन मां भगवती के चरणों में बैठने पर बेचैनी होती है।

इसका अर्थ है कि आपके जीवन के जो पाप हैं, दुष्प्रवृत्तियां हैं वो आपको शुभ जगह पर टिकने नहीं देते, इसलिए योग्यता अर्जित करना, अधीर होकर प्रभु को पुकारना। ऐसी पुकार जो हमें उनको पाने के लिए व्याकुल कर सके। बरसात में जैसे कोई टूटी हुई छत टपकती है न ऐसे ही हमारी आंखें टपकती हैं जब कोई अपमान कर देता है। (क्रमश:)

# डोनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के योग

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति श्री डोनाल्ड ट्रंप का जन्म प्राप्त तिथि के आधार पर 14 जून 1946 को अमेरिका के न्यूयॉर्क जमैका क्वार्न्स में हुआ था लग्न का स्वामी सूर्य दशम भाव में राहु के साथ स्थित होकर विपरीत राजयोग का




निर्माण कर रहा है वही चंद्रमा चतुर्थ भाव में अपनी नीच राशि मे केतु के साथ स्थित है लग्न में मंगल चतुर्थ एवं भाग्य भाव का स्वामी होकर प्रबल राज योग का निर्माण कर रहा है वही सिंह लग्न के लिए धन का कारक गृह बुध अपनी ही राशि मिथुन में लाभ भाव में स्थित है यह योग प्रबल धन योग का कारक है गुरु पंचम एवं मृत्यु भाव का स्वामी होकर बुध की राशि कन्या मे बुध से केंद्र मे स्थित है गुरु दिव्य वाणी के योग का निर्माण कर रहा है लग्न के दोनों ओर शुभ



ग्रह विराजमान होकर लग्न को अत्यधिक बलशाली बना रहे है। अत: ऐसी योगमाया वाला जातक प्रबल भाग्यशाली होता है लग्न में मंगल के कारण जिद्दी स्पष्ट वक्ता ओझ युक्त वाणी वाला कठोर निर्णय लेने मे सक्षम होता है ऐसे जातक मजबूत विचारधारा के विशाल हृदय वाले कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित करने वाले लोगो पर पूर्ण विश्वास करने वाले बच्चों गरीब कमजोर लोगो की मदद करने मे विश्वास रखने वाले परोपकारी लोगों के विचारों को गंभीरता से सुनने वाले सामने कितना ही प्रभावशाली व्यक्ति या सत्ता हो न झुकने वाले दुष्ट स्वार्थी लोगों को उन्हीं की भाषा में उत्तर देने वाले झूठ फरेब से दूर रहने वाले कठिनाइयों का मजबूती से सामना करने वाले समय की गति को भाप कर चलने वाले निरंतर नया करने हेतु तत्पर रहने वाले कार्य क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखकर समय का सदुपयोग करने वाले आर्थिक रूप से अत्यधिक संपन्न रहने वाले शनि शुक्र के कारण विलासिता पूर्ण जीवन व्यतीत करने वाले स्व बाहुबल के द्वारा शिखर पर पहुंचने वाले गंभीर समस्याओं का बुद्धिमत्ता पूर्ण हल करने वाले ओजस्वी व्यक्ति होते है

किसी भी स्थिति की बात यदि मन मे प्रवेश कर जाये तो उसे अवश्य हासिल करने वाले तब तक शांत से न बैठने वाले व्यक्तित्व के व्यक्ति होते हैं कटाक्ष के बाद उसे पूर्ण करने वाले उच्च प्रशासनिक क्षमता के व्यक्ति होते हैं ऐसे जातक को महत्वपूर्ण सफलता कठिनाइयों एवं संघर्ष के बाद आवश्यक प्राप्त होती है मंगल के कारण प्रशासनिक समस्याओं का सामना जातक को करते रहना पड़ता है

वर्तमान समय में गुरु की महादशा से श्री ट्रम्प जी निकल रहे है गोचर मे गुरु जन्म राशि एवं राशि दोनो से बलवान है जन्मराशि का स्वामी मंगल भी कर्क राशि में स्थित होकर बलवान रहेगा शनि की ढैया अपने अंतिम चरण में है अत: ग्रह स्थिति गोचर एवं जन्मपत्री दोनों में शुभ है जिस कारण श्री डोनाल्ड ट्रंप के पुन: राष्ट्रपति बनने के योग बन रहे हैं बुध ग्रह भी गोचर में लग्न एवं राज्यभाव को मजबूती प्रदान कर रहा है अत: इन ग्रहो के दूरगामी परिणाम ट्रंप जी के अनुकूलता की ओर जा रहे है जो ट्रंप जी को पुन: राष्ट्रपति बनाने मे सक्षम है।

अनिल मिश्रा
मो. 9839980265

**श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या**

# उत्पत्ति-विनाश होने वाले सब पदार्थ अधीभूत

**क्षर** अर्थात् उत्पत्ति-विनाश होने वाले सब पदार्थ अधिभूत कहे जाते हैं। पुरुष अध्याक्षर अर्थात व ब्रह्मा जी अधिदैव हैं। हे देह धारियों में श्रेष्ठ अर्जुन ! इस देह में अंतर्यामीरूप से मैं वासुदेव ही अधियज्ञ हूं।। यह ही है अधिभूत व नश्वर - लगती गुण सत्यता अतएव यह संसार तत्त्वत: - है सृष्टि पंच तत्त्वों से निर्मित-तमोगुणी प्रतिक्षण परिवर्तित सत्य श्रेष्ठ अरु स्थिर श्रेष्ठता आदिक-हैं मेरे ही यद्यपि लौकिक इस प्रकार का भाव मानना है ब्रह्मा को अधिदैव जानना-जिनका वहां रजोगुण की प्रधानता-ब्रह्मा ब्रह्मा को मम रूप मानना है मेरा ही रूप वस्तुत: मुझको अधिभूत जानना कार्य सृष्टि की रचना में मेरी ही प्रभुता मुझको अधिदैव जानना।

**।।2-क दोहा - श्रेष्ठ देहधारी सुनो, अर्जुन मैं अधियज्ञ विष्णु रूप से देह में, मैं व्यापक सर्वज्ञ मैं ही ब्रह्मा विष्णु मैं, अंतर्यामी रूप कर्म ब्रह्म अध्यात्म भी, सृष्टि समग्र स्वरूप।।**



प्यारे लाल त्रिवेदी

**सम्बन्ध** - अर्जुन का सातवाँ प्रश्न था कि अन्तकाल में आप कैसे जानने में आते हैं ? भगवान इसका उत्तर देते हैं।

**अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम् ।य: प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशय: ।।।**

जो मनुष्य अन्तकाल में भी मेरा ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मुझको ही प्राप्त होता है-इसमें कुछ भी सन्देह नहीं हैहरीर को त निज उद्धार हेतु कुछ साधन किया न और बिताया जीवन ऐसा बेचारा मनुष्य भी किसी भाँति वह मृत्यु समय भी यदि चिन्तन मेरा ही करता और उसी क्षण प्राण त्यागता तो वह प्राप्त मुझे ही होता-निसंदेह ऐसा ही होता।

**सम्बन्ध** - भगवान बताते हैं कि जो मेरा स्मरण न करके अन्य किसी का स्मरण करते हैं वे किस को प्राप्त होते हैं।

**यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावित: ॥**

**हे कुन्तीनन्दन!** मनुष्य अन्तकाल में जिस जिस भी भाव का स्मरण करता हुआ शरीर का त्याग करता है, वह उस अन्तकाल के भाव से सदा भावित होता हुआ उस-उसको ही प्राप्त होता है अर्थात् उस-उस योनि में ही चला जाता है, परन्तु जीवन में जिस भाव का वह सदा चिन्तन करता है, अंतकाल में भी प्राय: उसी का स्मरण होता है।।

मानव सोचे मृत्यु के वह चिन्तन स्थायी चिन्तन मृत्यु के समय समय-वस्तु व्यक्ति इत्यादि जो विषय रहता-जब तक अन्य शरीर न मिलता जैसा बने मानसिक शरीर वैसा यथा शरीर मानसिक बनता - तथैव दूजा शरीर मिलता दोहा - प्राण निकलते ही मिटे, मानव योनि विभक्ति ।

**चिन्तन कर्म स्वतंत्रता, छिन जाती सब शक्ति ।।**
**जब तक प्राण शरीर में, तब तक ही अधिकार ।**
**कर मेरा ही स्मरण, करले निज उद्धार ।।**

मृत्यु काल का अंतिम चिन्तन-अति मृत्यु कालमा का अन्त में आता उसी विशिष्ट हे कुन्तीनन्दन योनि में ही वह जाता कूकर योनि मिले जितने में-मैं भी मिल जाता उतने में जो पदार्थ का कर्माधीन न मिचिन्तन करता-संबन्धित सजीव कुछ बनता अंत्य स्मरण-है पुरुषार्थ आधीन स्मरण यह मनुष्य की ही विशेषता-अन्तिम क्षण विमुक्त हो सकता। (क्रमश:)

# यह जीवन तो क्षणिक है लेकिन

**जीवन** क्षणिक है। पर सत्य के संगीत पर हम ऐसा गीत गा सकते हैं कि उसमें सृष्टि का कण-कम उद्गीत बन उठे। नि:संदेह जीवन क्षणिक है। पर क्षणिक होकर महामहिमाय है जीवन। क्योंकि इसी जीवन से हम महाजीवन में प्रवेश कर सकते हैं। पर यह सतत स्मरणीय है कि परमात्मा के साम्राज्य में सिर्फ और सिर्फ उसी को प्रवेश मिलता है जो जीवन को प्रकाश, सुगंध और संगीत से सम्पन्न बनाता है। जो गंदगी और कूड़े से जीवन के कक्ष को भरेंगे वे परमात्मा द्वारा ठुकरा दिए जाएंगे। इस जगत में तीन प्रकार के मनुष्य है लोहे के समान, स्वर्ण के समान और हीरे के समान। लोहे को यदि अग्नि में डाला जाए तो शीघ्र ही लोहा अग्नि के जैसा ही हो जाता है। सोने को यदि अग्नि में डाला जाए तो सोना और अधिक निखार को प्राप्त कर लेता है। हीरे को यदि अग्नि में डाला जाए तो वह अपने मूल स्वरूप में बना रहता है। ऐसे ही कुछ व्यक्ति होते हैं जो कष्ट आने पर कष्ट-मूर्ति बन जाते हैं। कुछ ऐसे होते हैं जो कष्ट आने पर अपनी विशेषताओं को और अधिक चमकीला बना लेते हैं। तथा कुछ व्यक्ति होते हैं जो कष्टातीत होते हैं। जो कष्ट और अकष्ट में एक समान बने रहते हैं। प्रथम प्रकार के व्यक्ति साधारण संसारी प्राणी हैं। दूसरी प्रकार के व्यक्ति श्रेष्ठ व्यक्ति हैं और तृतीय प्रकार के व्यक्ति ज्ञानी व्यक्ति हैं। पीड़ा के पल में पीड़ा की प्रतिमा बन जाना संसारियों का गुण धर्म है। संसारिक व्यक्ति की सारी सोच का केंद्र-बिंदु सुख होता है। वह जो भी करता है सुख के लिए करता है। वह धन इकट्ठा करता है तो सुख के लिए परिवार फैलाता है तो सुख के लिए। धर्म इकट्ठा करता है तो वह भी सुख के लिए जैसे ही दुख आता है वह आर्त बन जाता है। दु:ख-रूप बन जाता है। सबसे पहले वह धर्म से दूर होता है। क्योंकि धर्म को उसने सुख का हेतु माना था। ऐसा व्यक्ति परिवार और समाज में भी फिट नहीं हो पाता है। क्योंकि सभी जगह उसका सुख-स्वार्थ प्रधान होता है। श्रद्धा सुगंध है और सत्य संगीत है। यही जीवन का श्रेयस का तत्व है। इसी से मनुष्य परमात्मा के साम्राज्य का अधिकारी बनता है। भोग-विलास नश्वर हैं। क्षणिक हैं। धन, दौलत, मान प्रतिष्ठा क्षणिक है। प्रेम शाश्वत है। श्रद्धा शाश्वत है। और सत्य शाश्वत है। यही आत्मा के सच्चे श्रृंगार हैं। यही आत्मा की वास्तविक संपदा है। एक ऐसी संपदा जो कभी नष्ट नहीं होती है। जो कभी मरती नहीं है।



मुनि मणिभद्र

नि:संदेह जीवन क्षणिक है। परंतु क्षणिक जीवन को हम प्रेम के प्रकाश से प्रकाशित बना सकते हैं। इस छोटे से जीवन में हम प्रेम के माध्यम से समष्टि को अपना बना सकते हैं। जीवन क्षणिक है। पर श्रद्धा की सुगंध से इस जीवन और जगत को हम सुगंध से परिव्याप्त बना सकते हैं। जीवन क्षणिक है। पर सत्य के संगीत पर हम ऐसा गीत गा सकते हैं कि उसमें सृष्टि का कण-कम उद्गीत बन उठे। नि:संदेह जीवन क्षणिक है। पर क्षणिक होकर महामहिमाय है जीवन। क्योंकि इसी जीवन से हम महाजीवन में प्रवेश कर सकते हैं। पर यह सतत स्मरणीय है कि परमात्मा के साम्राज्य में सिर्फ और सिर्फ उसी को प्रवेश मिलता है जो जीवन को प्रकाश, सुगंध और संगीत से सम्पन्न बनाता है। जो गंदगी और कूड़े से जीवन के कक्ष को भरेंगे वे परमात्मा द्वारा ठुकरा दिए जाएंगे। (क्रमश:)

**अगर सत्य बोलने का साहस है तो फिर बाकि काम परमात्मा कर देगा।**



BUY 1 GET 2 FREE
MORE THAN 40 GIFT PACKS
Diwali-Mela
Celebration of All
BUY 1 GET 3 FREE
MORE THAN 30 GIFT PACKS
सम्पूर्ण भारतवर्ष व विश्व को
श्री धनतेरस, शुभ दीपावली , श्री गोवर्धन पूजा एवम् भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाऐं।
AFTER ALL SCHEMES & DISCOUNTS
FREE SUGAR
जो कहीं नहीं मिलती यें चैलेंज है
आपकी संतुष्टि हमारा स्वाभिमान
BKD
AN ISO 9001: 2008 COMPANY
Feeel The Difference
13 करोड़ 50 लाख से अधिक
की चीनी का मुफ्त वितरण
जिसमें प्रत्येक ग्राहक शामिल है
बनिया की दुकान
मल्टी ब्राण्ड रिटेल चेन ग्रोसरी स्टोर
प्रा.लि.
उत्तम क्वालिटी सस्ता दाम 100 प्रतिशत असली सामान BKD की यही पहचान
KISHMISH BUY 1 GET 1 FREE
MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
BUY 1 GET 1 FREE
MORE THAN 150 GIFT PACKS
PISTA BUY 1 GET 1 FREE
KAJU BUY 1 GET 1 FREE
क्रॉकरी मेला
UPTO 70% OFF
BIKANO SWEETS BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM'S SWEETS (Selected Product) BUY 1 GET 1 FREE
DIWALI MEGA SALE
Gift Pack UPTO 75% OFF
REAL GIFT PACK BUY 3 GET 1 FREE
BTW GIFT PACK BUY 1 GET 1 FREE
STAINLESS STEEL CROCZ HYDRA FLASK BOTTLE 500ML (ASSORTED)
इससे सस्ता कहीं नहीं
1 YEAR WARRANTY के साथ
₹349
MRP-1079
PER PCS
STAINLESS STEEL CROCZ COLA THERMOPLUS BOTTLE 1000 ML (ASSORTED)
इससे सस्ता कहीं नहीं
1 YEAR WARRANTY के साथ
₹499
MRP-1359
PER PCS
NISHA DRY FRUIT BESAN LADOO BUY 1 GET 2 FREE
UNIBIC COOKIES GIFT PACK BUY 1 GET 1 FREE
NELCON ELECTRIC KETTLE
1.8 LTR
सिर्फ ₹399
1 साल की गारन्टी के साथ जो कही नहीं
PNB COOKER
31% की छूट
MRP-2100/4000
NELCON THERMO STEEL BOTTLE FREE
MRP : 1359
PRINITI SWEETS BUY 1 GET 1 FREE
SATMOLA GIFT PACK BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNNA CHOCO WAFER BUY 1 GET 1 FREE
CADBURY GIFT PACK BUY 3 GET 1 FREE
PANKAJ'S GIFT PACK BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM BHUJIAWALA SWEETS BUY 1 GET 1 FREE
LAL SWEETS BUY 1 GET 1 FREE
VRINDA SOAN PAPDI BUY 1 GET 3 FREE
MILTON cello PNB NAYASA
JAYPEE PLUS Scotch Brite Gala
CROCKERY GIFT ITEMS AVAILABLE
इन कम्पनी के कॉर्पोरेट ऑर्डर के लिए सम्पर्क करें।
7982388153
• इन कम्पनी के अलावा और भी अन्य कम्पनी के गिफ्ट उपलब्ध है।•
Haldiram's Dukes BTW Bikano Amul Cadbury SATMOLA MOHAN'S HARISH BAKERY
FERRERO ROCHER MOTHER DAIRY UNIBIC HERSHEY'S Alo Frut B Natural Fortunna Real LAL SWEETS GIFT PACK
इन कम्पनी के कॉर्पोरेट ऑर्डर के लिए सम्पर्क करें।
9999292327
• इन कम्पनी के अलावा और भी अन्य कम्पनी के गिफ्ट उपलब्ध है।•
COMPANY STORES
BUDH VIHAR | SULTAN PURI | NANGLOI | CHANCHAL PARK | KUNWAR SINGH NAGAR | KIRARI | POOTH KALAN | SHAHBAD DAULATPUR | MOTI NAGAR
ROHINI SECTOR-21 | BURARI | VIKAS NAGAR | RAJEEV NAGAR | RAJOURI GARDEN | AGAR NAGAR
CUSTOMER CARE NO :- 8448187200 (10 AM TO 07 PM) STORE TIMING:- 09 AM TO 10 PM
BKD OFFERS जानने के लिए "BKD" लिख कर WHATSAPP करें।
9311844280
FOLLOW US ON SOCIAL MEDIA PLATFORM FOR DAILY AWARENESS & OFFERS.
E-mail :- info@baniyaindia.com
baniyakidukan
"PICTURE FOR ILLUSTRATION PURPOSES ONLY"
* STORE IS NOT RESPONSIBLE OF ANY TEXT AND PRINTING MISTAKE
* SCHEME VALID TILL STOCK LAST
*T & C APPLY

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# इजराइल में बस स्टॉप से टकराया ट्रक, दर्जनों घायल

## लोगों ने ली ड्राइवर की जान, माना जा रहा आतंकी हमला

**तेल अवीव, (आईएएनएस):** इजराइल के तेल अवीव के उत्तर में गिलियट इंटरचेंज पर रविवार को एक ट्रक बस स्टॉप से टकरा गया, जिससे दर्जनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी दी कि लोगों ने मौके पर ही ड्राइवर को जान से मार दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद इजरायल की रेस्क्यू सर्विस, मैगन डेविड एडोम (एमडीए) घटनास्थल पर पहुंची। लगभग 40 लोगों के फंसे होने की आशंका है। 16 घायलों को उपचार के लिए बेइलिन्सन और इचिलोव अस्पतालों में ले जाया गया। घायलों में से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मैगन डेविड एडोम ने कहा, सुबह 10:08 बजे, यार्कन क्षेत्र में एमडीए के 101 आपातकालीन कॉल सेंटर पर एक ट्रक के रामत हशरोन में अहरोन यारिव बुलेवार्ड पर एक बस स्टॉप से टकराने की सूचना मिली।



दर्जनों घायलों का मौके पर ही इलाज किया गया। इसके अतिरिक्त, एमडीए की ब्लड सर्विस ने घायलों की देखभाल करने वाले अस्पतालों को 90 यूनिट ब्लड की सप्लाई की। अधिकारी इस घटना को संदिग्ध आतंकी हमला मान रहे हैं। इस बीच, इजराइल पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर बताया कि 'नागरिकों ने घटनास्थल पर ही ड्राइवर को जान से मार दिया। घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।' बयान में आगे कहा गया है, 'मध्य इजराइल में ट्रक से टक्कर के बाद पुलिस घटनास्थल की सुरक्षा कर रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक ट्रक यात्रियों को उतार रही बस से टकरा गया, जिससे कई नागरिक घायल हो गए।'

## दिशा पाटनी की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना



**मुंबई, (एजेंसी) :** अभिनेत्री दिशा पाटनी ने एक बार फिर अपने देसी अवतार से फैंस को दीवाना बना दिया है। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो को शेयर किया है, जिसमें वह लाल रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप और दिलकश अंदाज के साथ दिशा ने अपनी खूबसूरती से फैंस का दिल जीत लिया है। वीडियो में उन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हुए उनके फैंस उनके इस लुक पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कोई उन्हें सुपर हॉट बता रहा है तो कोई कमेंट करके लिख रहा है कि आप जैसे कोई नहीं। तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो को अब तक पौने दो लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं, जबकि 1400 से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैं।

## उत्तरी गाजा में इजराइल ने की बमबारी, 22 लोगों की मौत

उत्तरी गाजा पर इजराइली सेना ने एक और भीषण हमला किया है। इन हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात कई मकानों एवं इमारतों पर हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने बेत लाहिया में एक इमारत में चरमपंथियों पर हमला किया और आम नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कदम उठाए। उसने 'मीडिया द्वारा प्रकाशित आंकड़ों' को गलत बताया लेकिन स्वयं हताहतों की कोई संख्या नहीं बताई।

# इजराइल ने ईरान को गंभीर नुकसान पहुंचाया : नेतन्याहू

- खामेनेई बोले- हमले को बढ़ा-चढ़ाकर न बताएं, इजराइल को हमारी ताकत समझाना जरूरी

**तेहरान/तेल अवीव, (एजेंसी) :** ईरान पर हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा करते कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान पर इस हमले से इजरायल के सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं। वहीं, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइली हमले को लेकर कहा कि इसे न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इजराइली शासन की गलतफहमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्हें ईरानी राष्ट्र और उसके युवाओं की ताकत एवं इच्छाशक्ति के बारे में समझाना जरूरी है। उन्होंने कहा, यह तय करना प्राधिकारियों का काम है कि ईरानी लोगों की इच्छाशक्ति और ताकत के बारे में इजराइली शासन को कैसे समझाया जाए और इस राष्ट्र के हितों की पूर्ति करने वाली कार्रवाई कैसे की जाएगी। दूसरी तरफ ईरान के अधिकारियों ने भी कहा है कि उनके पास इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार है। हालांकि ईरानी सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा और लेबनान में सीजफायर किसी भी जवाबी हमले से महत्वपूर्ण है।



हिब्रू कैलेंडर के अनुसार हमास हमले के एक साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में पीएम नेतन्याहू, उनकी पत्नी सारा व अन्य। (छाया : एपी)

### नेतन्याहू की सभा में 'शर्म करो' के नारे

रमत हशारो (इजराइल), (एपी) : दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के पीड़ितों की याद में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने ''शर्म करो' के नारे लगाए और हंगामा किया, जिससे नेतन्याहू को अपना भाषण शुरू होने के कुछ ही समय बाद रोकना पड़ा। इस प्रमुख स्मृति कार्यक्रम का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जा रहा है। कई इजराइलियों का मानना है कि नेतन्याहू की विफलताओं के परिणामस्वरूप ही हमास सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला कर पाया था। साथ ही ये लोग गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष बंधकों को अब तक नहीं छुड़ाने के लिए भी नेतन्याहू को जिम्मेदार मानते हैं।

## ईरान पर हमले की उपग्रह तस्वीरें आईं, सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान



**दुबई, (एपी):** ईरान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित उस गुप्त सैन्य अड्डे पर इजराइल के हमले से काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अतीत में विशेषज्ञों ने तेहरान के तत्कालीन परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। इस हमले में एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में वहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। अन्य क्षति निकटवर्ती खोजिर सैन्य अड्डे पर देखी जा सकती है, जिसके बारे में विश्लेषकों का मानना है कि वहां भूमिगत सुरंग प्रणाली और मिसाइल निर्माण स्थल है। ईरानी अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों की पहचान इलम, खुजस्तान और तेहरान प्रांतों के रूप में की है। शनिवार को इलम प्रांत में ईरान के तांगे बिजार प्राकृतिक गैस उत्पादन स्थल के आसपास प्लैनेट लैब्स पीबीसी की उपग्रह तस्वीरों में जले हुए खेत देखे जा सकते हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये तस्वीरें हमले से संबंधित हैं या नहीं। इलम प्रांत पश्चिमी ईरान में ईरान-इराक सीमा पर स्थित है। सबसे अधिक नुकसान प्लैनेट लैब्स की तस्वीरों में देखा जा सकता है, जो तेहरान शहर से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मामालू बांध के पास पारचिन में हुआ है। वहां, एक ढांचा पूरी तरह से नष्ट हो गया, जबकि अन्य ढांचे हमले में क्षतिग्रस्त हुए देखे जा सकते हैं। तेहरान शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर खोजिर में, उपग्रह तस्वीरों में कम से कम दो ढांचों को हुए नुकसान को देखा जा सकता है।

## फिलीपीन में तूफान का कहर, अब तक 126 मौतें

**तालिसे, (एपी) :** फिलीपींस में ट्रामी तूफान ने तबाही मचा दी है। यह तूफान इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपसमूह में सबसे घातक और विनाशकारी तूफानों में से एक है। 'ट्रामी' के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण अब तक कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने शनिवार को बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं। सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने बताया कि मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है।

फिलीपीन के प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं।

# ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति बने तो महिलाओं की जान को खतरा

- कमला के समर्थन में उतरीं ओबामा की पत्नी मिशेल
- कहा-पुरुष गुस्सा छोड़कर कमला के लिए करें वोटिंग



**केलमज़ू,(एपी):** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की जिससे वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में मिशिगन में शनिवार को एक रैली में मिशेल ओबामा ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप पुन: राष्ट्रपति बनते हैं तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी। अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। ओबामा ने कहा कि कुछ पुरुष विकास की धीमी गति के कारण गुस्से में ट्रंप को मतदान कर सकते हैं, लेकिन 'आपके इस गुस्से का असर बाकी चीजों पर पड़ेगा।' मिशेल ओबामा ने कहा, 'अगर आप इस चुनाव में सही व्यक्ति को नहीं चुनते हैं तो आपके गुस्से का खमियाजा आपकी पत्नी, आपकी बेटी, आपकी मां और हम महिलाओं को भुगतना पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'हर पैमाने पर उन्होंने (कमला) यह साबित किया है कि वह तैयार हैं। असली सवाल यह है कि एक देश के रूप में क्या हम इस पल के लिए तैयार हैं?' ओबामा ने कहा, 'इस झूठ पर विश्वास मत कीजिए कि हम नहीं जानते कि कमला कौन हैं या वह किन अहम मुद्दों पर चुनाव लड़ रही हैं। वह एक ऐसी महिला हैं जो आप सबको समझ सकती हैं।'

### ट्रंप नहीं, उनके विरोधियों से लोकतंत्र को खतरा : मस्क



**लैंकेस्टर, (एपी) :** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को 'लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।'' मस्क ने शनिवार रात पेंसिल्वेनिया में एक 'टाउन हॉल'' को संबोधित करते हुए अमेरिका के संसदीय परिसर 'यूएस कैपिटल'' में छह जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को 'एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।''

# पाकिस्तान ने फिर चीन के आगे पसारे हाथ



- अतिरिक्त 10 अरब युआन का कर्ज देने का किया अनुरोध

**इस्लामाबाद, (भाषा):** पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन (1.4 अरब डॉलर) का कर्ज देने का अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहा यह देश पहले ही मौजूदा 30 अरब युआन (4.3 अरब डॉलर) की चीनी व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है। वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार देर रात जारी बयान में कहा गया कि वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात की और उनसे मुद्रा अदला-बदली करार के तहत सीमा को बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का अनुरोध किया। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, यदि चीन इसे स्वीकार कर लेता है, तो कुल सुविधा लगभग 5.7 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने ऋण सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, चीन ने पिछले सभी ऐसे अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। यह नवीनतम अनुरोध चीन द्वारा मौजूदा 4.3 अरब डॉलर (30 अरब युआन) की सुविधा को अगले तीन वर्षों के लिए बढ़ाए जाने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद आया है। पाकिस्तान और चीन ने चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग की हालिया यात्रा के दौरान एक मुद्रा अदला-बदली समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे पाकिस्तान की ऋण भुगतान अवधि 2027 तक बढ़ गई थी।

# हसीना के खिलाफ मर्डर केस में रिपोर्ट 28 नवंबर तक सौंपें



**ढाका, (भाषा) :** बंगलादेश की एक अदालत ने पुलिस को देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 23 अन्य के खिलाफ दर्ज हत्या के एक मामले की जांच रिपोर्ट 28 नवंबर तक सौंपने का शनिवार को आदेश दिया। हत्या का यह मामला ढाका के मीरपुर में 18 वर्षीय कॉलेज छात्र की मौत को लेकर दर्ज किया गया है। छात्र की मौत छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों पर हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान हुई थी। 'डेली स्टार' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद जियादुर रहमान ने 28 नवंबर तक जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। मृतक के भाई ने 15 अगस्त को यह मामला दर्ज कराया था, जिसमें दावा किया गया है कि इस मामले के आरोपी हिंसा में सीधे तौर पर शामिल थे या उन्होंने हिंसा में सहयोग किया, जिसके कारण उसके भाई की मौत हुई तथा अन्य छात्र घायल हुए।

स्पोर्ट्स राउंडअप

> ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है।

# न्यूजीलैंड की भारत पर बड़ी जीत

## भारतीय महिला टीम को 76 रन से हराकर शानदार वापसी की

**अहमदाबाद, (भाषा):** कप्तान सोफी डिवाइन के हरफनमौला खेल से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला एकदिवसीय में रविवार को यहां भारत को 76 रन से पराजित कर शानदार वापसी की।

डिवाइन ने 86 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेलने के बाद 27 रन पर तीन विकेट भी चटकाये। भारत के लिए राधा यादव ने चार विकेट लेने के बाद 48 रन बनाये लेकिन उनका प्रयास टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 259 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 47.1ओवर में 183 रन पर समेट कर श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। श्रृंखला तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार को खेला जायेगा। भारतीय टीम 108 रन पर आठ विकेट गंवाने के बाद शर्मनाक हार की तरफ बढ़ रही थी लेकिन राधा यादव और साइमा ठाकोर (29) की नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी ने टीम को बड़े अंतर से हार से बचाया।

डिवाइन के अलावा लिया ताहुहू ने भी तीन विकेट लिये जबकि जेस केर और ईडन कार्सन को दो-दो सफलता मिली। डिवाइन ने 86 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने को मैडी ग्रीन (41 गेंदों पर 42 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राधा ने चार विकेट लिये लेकिन उन्होंने 69 रन भी लुटाये।




### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड पारी: | |
|---|---|
| बेट्स का. एवं बो. राधा | 58 |
| जॉर्जिया का. राधा बो. दीप्ति | 41 |
| डाउन रन आउट (प्रिया) | 03 |
| डिवाइन का. जेमिमाह बो. राधा | 79 |
| हैलिडे का. राधा बो. प्रिया | 08 |
| ग्रीन का. अरुंधति बो. राधा | 42 |
| इसाबेल स्टं. तानिया बो. दीप्ति | 11 |
| जेस केर नाबाद | 12 |
| तहुहू का. दीप्ति बो. राधा | 00 |
| ईडन कार्सन बो. ठाकोर | 01 |
| फ्रान जोनास नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त: 03 | |
| कुल योग : 50 ओवर में | 9/259 |

विकेट पतन: 1/87, 2/98, 3/114, 4/139, 5/221, 6/239, 7/245, 8/245, 9/252
गेंदबाजी : साइमा 10-0-58-1, अरुंधति 10-0-52-0, दीप्ति 10-3-30-2, प्रिया 10-1-49-1, राधा 10-0-69-4.

| भारत पारी: | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा पगबाधा जेस केर | 11 |
| मंधाना का प्लिमर बो ताहुहू | 00 |
| यास्तिका का गेज बो ताहुहू | 12 |
| हरमनप्रीत का कार्सन बो डिवाइन | 24 |
| जोमिमा का गेज बो डिवाइन | 17 |
| तेजल हसबनिस बो कार्सन | 15 |
| दीप्ति शर्मा का गेज बो ताहुहू | 15 |
| अरुंधति का गेज बो कार्सन | 02 |
| राधा यादव का डाउन बो डिवाइन | 48 |
| साइमा का बेट्स बो जेस केर | 29 |
| प्रिया मिश्रा नाबाद | 00 |
| अतिरिक्त: | 10 |
| कुल योग: 47.1 ओवर में : | 183 रन |

विकेट पतन: 1/5, 2/19, 3/26, 4/64, 5/77, 6/100, 7/102, 8/108, 9/178
गेंदबाजी: ताहुहू 10-1-42-3, जेस केर 10-0-49-2, जोनास 10-2-33-0, सोफी 7.1-0-27-3, ईडन कार्सन 10-2-32-2

## बाबर आजम की जगह रिजवान बने कप्तान



**लाहौर, (भाषा):** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने चार नवंबर से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए रविवार को टीमों की घोषणा की जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को बाबर आजम की जगह वनडे और टी20 कप्तान नियुक्त किया गया। सलमान अली आगा को भविष्य के सभी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उप-कप्तान बनाया गया। पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया दौरे में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत चार नवंबर को मेलबर्न (वनडे) में पहले मैच से होगी और यह कप्तान के रूप में रिजवान का पहला दौरा होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा कि आगा जिम्बाब्वे में टी20 टीम की अगुवाई करेंगे क्योंकि रिजवान को कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत आराम दिया गया है। पाकिस्तान का जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक होगा।

## मनिका क्वार्टर फाइनल में हारी

**नयी दिल्ली, (भाषा):** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को शनिवार रात हुए मुकाबले में सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

## बार्सीलोना ने रीयाल मैड्रिड को 4-0 से हराया

**बार्सीलोना, (एपी) :** रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रीयाल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। टीम 2017-18 में बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सीलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की।



## भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे : मैकडोनाल्ड

**सिडनी, (भाषा)** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा कि मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलगी। भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है।

## अभी क्रिकेट का लुत्फ उठाना चाहता हूं: धोनी



**नई दिल्ली, (भाषा):** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं।

धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, ''मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूँ।'' पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था।

धोनी ने कहा, ''मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है।''